You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com


# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-91 | शुक्रवार, 02 मई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12




इजरायल की स्वतंत्रता की 77वीं वर्षगांठ के अवसर पर, मैं भारत के लोगों के साथ राष्ट्रपति इसाक हार्जोग और इजराइल के लोगों को शुभकामनाएं देती हूं।
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु


एयर मार्शल दीक्षित ने एकीकृत रक्षा स्टाफ के प्रमुख का पदभार ग्रहण 11

आकाशवाणी पर पहली बार चारधाम यात्रा का हुआ सजीव प्रसारण 12


# यूपी का विकास शोध का विषय : धनखड़

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि युवा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश का विकास शोध का विषय बन चुका है।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की आत्मकथा 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' के विमोचन के अवसर पर श्री धनखड़ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुये कहा ল्ল जब आपसे उम्र में बड़े लोग खुद को युवा कहते हैं, तो आप निःसंदेह युवा मुख्यमंत्री हैं। आप आठ साल बेमिसाल, यूपी के नायक हैं। ক্ক

उन्होंने महाकुंभ के आयोजन को विश्व में अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक लोगों का आना सदियों तक याद रखा जाएगा। यह कार्य पूरे विश्व में कभी संपन्न नहीं हुआ। योगी उस आयोजन के सारथी हैं। बीते आठ साल में हुआ यूपी का विकास शोध का विषय है।

श्री धनखड़ ने उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति की चर्चा करते हुए कहा कि साढ़े आठ साल में बिना कोई टैक्स लगाए 12.5 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था को करीब 30 लाख करोड़ तक पहुंचाना, अपने आप में एक शोध का विषय है। प्रति व्यक्ति आय में यूपी ने जबरदस्त छलांग लगाई है। उन्होंने प्रदेश में हुए बुनियादी ढांचे के विकास की तारीफ करते हुए कहा कि भारत गणतंत्र के 55 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे यूपी के पास हैं। दुनिया के कुछ ही देशों में मेट्रो है, लेकिन यूपी के छह शहरों में मेट्रो रेल सेवा है और यह देश में सर्वाधिक है।



- उप राष्ट्रपति ने आनंदीबेन पटेल की आत्मकथा 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का किया विमोचन
- मुख्यमंत्री योगी का किया गुणगान, कहा यूपी की चुनौतियों को योगी जी ने किया स्वीकार, नतीजा सबके सामने
- आठ साल पहले यूपी की परिभाषा अलग थी, आज कानून-व्यवस्था उच्चतम स्तर पर है : उप राष्ट्रपति

इसके अलावा 16 एयरपोर्ट, 4 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे यूपी में हैं। जेवर एयरपोर्ट का दुनिया इंतजार कर रही है, क्योंकि जेवर तो जेवर ही होता है। उप राष्ट्रपति ने कहा कि चुनौती से पलायन करना या उदासीन रवैया रखना कायरता की निशानी है और कायरता का कोई अंश यूपी के मुख्यमंत्री में नहीं है, इसमें कोई मेडिकल जांच की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कानून-व्यवस्था में सुधार की सराहना करते हुए कहा कि आठ साल पहले यूपी की परिभाषा अलग थी। आज कानून-व्यवस्था उच्चतम स्तर पर है। इसे स्थापित करने में कितनी चुनौतियां आई होंगी, ये मुख्यमंत्री जानते होंगे, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार किया और नतीजा आज सबके सामने है। उप राष्ट्रपति ने संवैधानिक पदों की गरिमा पर जोर देते हुए कहा कि हमारे संविधान में दो पद सुप्रीम हैं, राष्ट्रपति और राज्यपाल। ये संविधान को संरक्षित, सुरक्षित और समर्थन करने वाले पद हैं। ऐसे गरिमापूर्ण पदों पर टिप्पणियां करना मेरे हिसाब से चिंतन और सोच का विषय है। उन्होंने इस मुद्दे पर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं और कहा कि सभी संस्थाओं को अपनी सम्यक भूमिका निभानी चाहिए। धनखड़ ने विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच सामंजस्य की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि हमारे संवैधानिक संस्थानों के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए। हम सबकी अपनी सीमाएं हैं। हमारा संविधान एक दूसरे संस्थाओं से सामंजस्य मांगता है। उन्होंने कहा कि मैं न्यायपालिका का बहुत सम्मान करता हूं। 40 साल तक मैंने इसके लिए कार्य किया। हमारे जज वन ऑफ दि बेस्ट हैं। लेकिन मैं अपील करता हूं कि हमें सहयोग और समन्वय के साथ एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। उप राष्ट्रपति ने आनंदीबेन पटेल की आत्मकथा को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि ये पुस्तक केवल आनंदीबेन पटेल के लिए नहीं है, ये सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इन्हें चुनौतियां पसंद हैं, क्योंकि ये अन्याय को बर्दाश्त नहीं करतीं। उन्होंने पुस्तक विमोचन ● शेष पेज 11 पर

## एक दूसरे का सम्मान संवैधानिक संस्थाओं का कर्तव्य

लखनऊ। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संवैधानिक संस्थाओं के टकराव को लोकतंत्र के लिये हानिकारक बताते हुये गुरुवार को कहा कि देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं को एक दूसरे का सम्मान करना चाहिये और यह सम्मान तभी होता है जब सभी संस्थायें अपने-अपने दायरे में सीमित रहती हैं। उन्होने हाल ही में संसद में पारित वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर उच्चतम न्यायालय के रुख की तरफ इशारा करते हुए कहा, सबसे खतरनाक चुनौती वह है जो अपनों से मिलती है, जिसकी चर्चा हम नहीं कर सकते। जो चुनौती अपनों से मिलती है जिसका तार्किक आधार नहीं है, जिसका राष्ट्र विकास से संबंध नहीं है, जो राजकाज से जुड़ी हुई है। इन चुनौतियों का मैं स्वयं भुक्तभोगी हूं। उपराष्ट्रपति ने कहा, हमारा यह बाध्यकारी कर्तव्य है कि देश की सभी संवैधानिक संस्थाएं एक दूसरे का सम्मान करें और यह सम्मान तभी होता ● शेष पेज 11 पर

## चुनौतियां मुझे पसंद हैं, नवपीढ़ी के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ: योगी

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के संघर्षों पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' पुस्तक के विमोचन के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि यह पुस्तक बताती है कि जब कोई महिला समाजिक बंधनों, संसाधनों की कमी और परिस्थितियों की चुनौतियों के बावजूद दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ती है, तो वह समाज के लिए एक प्रेरणा बन जाती है। 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' पुस्तक केवल एक जीवनी नहीं बल्कि जीवन के हर उस पहलू को उजागर करती है जो संघर्षों के बाद सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचने की कहानी कहती है। उन्होंने इसके लेखक विनय जोशी, अशोक देसाई और पंकज जानी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस ग्रंथ को 14 अध्यायों में उस तरह रचा है जैसे समुद्र मंथन से निकले 14 रत्न। योगी ने कहा कि हम अक्सर शिखर देखते हैं लेकिन यह नहीं देखते कि उस शिखर की नींव कितने संघर्षों से बनी है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का जीवन इस बात का प्रमाण है कि कोई भी व्यक्ति यदि कठिनाइयों का सामना हिम्मत और संकल्प के साथ करता है तो वह दूसरों के लिए प्रेरणा बन सकता है। मुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की उपस्थिति को कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने वाला बताते हुए कहा कि महाकुंभ के समय भी उपराष्ट्रपति की उपस्थिति ने हमें नई प्रेरणा दी थी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उपराष्ट्रपति के मार्गदर्शन में महाकुंभ को वैश्विक पहचान मिली। योगी ने लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को ज़रूरी बताते हुए कहा कि 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' जैसी रचनाएं लोकतंत्र को मजबूत करने वाली होती हैं। यह पुस्तक केवल एक जीवनी नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संघर्ष, आत्मविश्वास और नारी शक्ति का समग्र चित्रण है।

## संक्षेप

### अप्रैल में जीएसटी संग्रह 236716 करोड़ रुपये रहा

नयी दिल्ली। चालू वित्त वर्ष के पहले महीने अप्रैल 2025 में माल एवं सेवाकर (जीएसटी) राजस्व संग्रह 236716 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 210267 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 12.6 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन पोर्टल पर जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2025 में सीजीएसटी संग्रह 48634 करोड़ रुपये रहा है। एसजीएसटी 59372 करोड़ रुपये और आईजीएसटी रिकार्ड 115259 करोड़ रुपये रहा है तथा क्षतिपूर्ति अधिभार संग्रह 13451 करोड़ रुपये रहा है। रिफंड के बाद अप्रैल 2025 में शुद्ध जीएसटी संग्रह 209376 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 191833 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 9.2 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2025 में 27341 करोड़ रुपये का रिफंड किया गया है।

### राहुल गांधी को सीरियस मत लो, उन्हें सर्वे और सस्पेंस का अंतर नहीं पता : प्रधान

नई दिल्ली। आजादी के बाद पहली बार देश में कास्ट सेंसस यानी जाति जनगणना होगी। केंद्र सरकार ने 30 अप्रैल की इसकी घोषणा की। सरकार के फैसले पर विपक्ष ने खुशी जताई। कांग्रेस ने इसके लिए राहुल गांधी को श्रेय दिया।
केंद्रीय मंत्री भाजपा नेता धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को जाति जनगणना पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने 50% आरक्षण सीमा खत्म करने के सवाल पर कहा- राहुल गांधी की बातों को गंभीरता से लेना ही नहीं चाहिए। उन्हें सर्वे और सेंसस के बीच का अंतर भी नहीं पता। उन्होंने कहा- यह जाति जनगणना का फैसला लिया गया तो कुछ लोग बौखलाए हुए हैं। वे कहते हैं- सरकार उनकी है, पर सिस्टम हमारा है, लेकिन सवाल ये है कि 1951 में सरकार और सिस्टम किसके हाथ में था? तब यह निर्णय क्यों नहीं लिया गया? प्रधान ने कहा- ऐसा इसलिए नहीं हो पाया क्योंकि पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सहित पूरी कांग्रेस जातिगत आरक्षण की सबसे कट्टर विरोधी थी। अगर बापू (महात्मा गांधी), सरदार पटेल, संविधान सभा न होते तो कांग्रेस आरक्षण भी नहीं होने देती।

### गंगा एक्सप्रेस—वे पर राफ़ेल, जगुआर, मिराज टू थॉउजेंड की होगी लैंडिंग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से गंगा एक्सप्रेस—वे पर राफ़ेल, जगुआर, मिराज टू थॉउजेंड जैसे लड़ाकू विमानों की लैंडिंग होगी। शाहजहांपुर में जलालाबाद इलाके में पीरु ग्राम के निकट गंगा एक्सप्रेस-वे पर बनी हवाई पट्टी पर दो और तीन मई को वायु सेना के लड़ाकू विमानों को उतारा जायेगा। वहीं कुछ मिनटों के भीतर लड़ाकू विमान उड़ान भरते हुए भी दिखायी देंगे।

# मृत्यु पंजीकरण डेटा से होगी मतदाता सूची अपडेट

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों को अद्यतन और सटीक करने तथा नागरिकों के लिए मतदान प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सूचियों की समीक्षा में मृत्यु पंजीकरण के इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड के प्रयोग, बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को मानक फोटो आईकार्ड देने, मतदाता पर्चियों को अधिक अनुकूल बनाने की तीन नई पहल की गुरुवार को घोषणा की।

आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार द्वारा इस वर्ष मार्च में चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन के दौरान ऐसे उपायों की परिकल्पना की गयी थी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आयोग अब मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 9 और जन्म और




- मतदाता सूचियों की समीक्षा में मृत्यु पंजीकरण के इलेक्ट्रानिक रिकार्ड का किया जाएगा प्रयोग

मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 (2023 में संशोधित) की धारा 3(5)(बी) के अनुरूप भारत के रजिस्ट्रार जनरल से इलेक्ट्रॉनिक रूप से मृत्यु पंजीकरण डेटा प्राप्त करेगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को पंजीकृत मौतों के बारे में समय पर जानकारी मिले। इससे बीएलओ भी फॉर्म 7 के तहत औपचारिक अनुरोध का इंतजार किए बिना फील्ड विजिट के जरिए जानकारी को फिर से सत्यापित कर सकेंगे। आयोग ने मतदाता सूचना पर्ची (वीआईएस) को मतदाताओं के लिए अधिक अनुकूल बनाने के लिए आयोग ने इसके डिजाइन को संशोधित करने का भी फैसला किया है। मतदाता की सीरियल नंबर और पार्ट नंबर अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएंगे, फ़ॉन्ट का आकार बढ़ाया जाएगा, जिससे मतदाताओं के लिए अपने मतदान केंद्र की पहचान करना आसान हो जाएगा और मतदान अधिकारियों के लिए मतदाता सूची में उनके नाम को कुशलतापूर्वक ढूंढना आसान हो जाएगा। आयोग ने सभी बीएलओ को मानक फोटो पहचान पत्र जारी किए जाएं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि नागरिक मतदाता सत्यापन और पंजीकरण अभियान के दौरान बीएलओ को पहचान सकें और उनके साथ आत्मविश्वास से बातचीत कर सकें। बीएलओ को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13बी(2) के तहत ईआरओ द्वारा नियुक्त किया जाता है।

## पहलगाम आतंकवादी हमले की न्यायिक जांच की मांग वाली याचिका खारिज

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले दिनों हुए आतंकवादी हमले की न्यायिक जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से गुरुवार को इनकार कर दिया।

पिछले माह (22 अप्रैल) को पर्यटकों पर हुए इस हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता के वकील से कहा कहा, यह सही समय नहीं है। यह महत्वपूर्ण समय है, जब हर नागरिक ने हाथ मिलाया है। ऐसी कोई प्रार्थना न करें, जिससे सुरक्षा बलों का मनोबल गिरे। यह हमें स्वीकार्य नहीं है। मामले की संवेदनशीलता को देखें। पीठ के समक्ष वकील की ओर से इस जनहित याचिका का उल्लेख करने की कोशिश के दौरान ही इन टिप्पणियों के साथ अदालत ने याचिका पर सुनवाई करने से साफ तौर पर इनकार कर दिया। अधिवक्ता फतेश कुमार साहू और विक्की कुमार तथा एक अन्य व्यक्ति जुनैद मोहम्मद जुनैद ने ये दायर की थीं।

## पहलगाम हमले के दोषियों को हर हाल में न्याय के कठघरे में लाएंगे : जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली/वाशिंगटन। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से दो टूक शब्दों में कह दिया है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के अपराधियों, षड्यंत्रकारियों और उन्हें सहयोग देने वालों को न्याय के कठघरे में हर हाल में लाया जाएगा। इस पर श्री रुबियो ने आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में भारत के साथ सहयोग के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

डॉ. जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री से टेलीफोन पर बात करने के बाद एक्स पर पोस्ट किया, ल्लकल अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की। इसके अपराधियों, समर्थकों और योजनाकारों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। उधर वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने एक बयान में कहा, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने आज भारतीय विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर से बात की। मंत्री ने पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के लिए



अपना दुख व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रवक्ता ने कहा कि श्री रुबियो ने भारत को तनाव कम करने और दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।रक्षा मंत्री के कार्यालय ने गुरूवार को बताया कि अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेग्सेथ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान पहलगाम आतंकवादी हमले में निर्दोष नागरिकों की मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एकजुटता में खड़ा है और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। श्री सिंह ● शेष पेज 11 पर

# खराब मौसम से क्षतिगस्त फसलों और जनहानि का 24 घंटे में दिया जाए मुआवजा: योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेमौसम बारिश, आंधी, तूफान और आकाशीय बिजली से होने वाली जनहानि का मुआवजा 24 घंटे के भीतर देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों को मौके पर जाकर क्षतिगस्त फसलों का सर्वे करने के भी निर्देश दिए हैं ताकि प्रभावितों को राहत प्रदान की जा सके।

योगी ने पीड़ित परिवार के प्रति जतायी शोक संवेदना उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में अचानक मौसम ने करवट ली। इससे गोरखपुर, बस्ती समेत कई जिलों तेज आंधी, तूफान, बारिश के साथ आकाशीय बिजली भी गिरी। ऐसे में मुख्यमंत्री ने प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों को मौके पर जाकर जनहानि का सर्वे करने के निर्देश दिये। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि एक मई को सुबह 8 बजे अचानक पूर्वांचल के जिलों में मौसम ने करवट ली। इस दौरान गोरखपुर, बस्ती समेत कई जिलों में तेज आंधी, तूफान,

- एक मई सुबह करीब 8 बजे अचानक पूर्वांचल के कई जिलों का खराब हुआ मौसम
- आंधी, तूफान, आकाशीय बिजली के साथ हुई तेज बारिश
- आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 4 की मृत्यु

बारिश और आकाशीय बिजली गिरी। इससे यहां के किसानों की फसलों को नुकसान होने के साथ जनहानि भी हुई। उन्होंने बताया कि गोरखपुर और बस्ती में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 4 लोगों की मृत्यु हो गयी। इसमें गोरखपुर के 13 वर्षीय सौरभ और 52 वर्षीय सुशील देवी शामिल हैं। इसी तरह बस्ती में 60 वर्षीय राम चरण और 55 वर्षीय चंद्रावती की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ित परिवार के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को सहायता राशि देने के निर्देश दिए हैं। राहत आयुक्त ने ● शेष पेज 11 पर

## मोदी ने किया मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में विश्व ऑडियो विज़ुअल और एंटरटेनमेंट समिट-2025 (वेव्स) का उद्घाटन


# संस्कृति, रचनात्मकता, सार्वभौमिक कनेक्टिविटी की एकीकृत पहल है वेव्स : मोदी

एजेंसी

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले विश्व श्रव्य-दृश्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 का आज यहां उद्घाटन किया और कहा कि यह पहल संस्कृति, रचनात्मकता और सार्वभौमिक कनेक्टिविटी का प्रतिनिधित्व करने वाली एक ऐसी लहर है जो वैश्विक रचना जगत के ऐसे दूरदर्शी व्यक्तियों को एक साथ लाकर उनकी कला के माध्यम से पीढ़ियों को प्रेरित और प्रभावित करेगी।

श्री मोदी ने यहां जियो वर्ल्ड सेंटर में इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने महाराष्ट्र दिवस और गुजरात राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी। रचनात्मक उद्योग के सभी अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों, राजदूतों और नेताओं की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला और जोर दिया कि 100 से अधिक देशों के कलाकार, नवप्रवर्तनक, निवेशक और नीति निर्माता प्रतिभा और रचनात्मकता के वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र की नींव रखने के लिए एक साथ आए हैं। उन्होंने कहा, ल्लवेव्स केवल एक संक्षिप्त नाम नहीं है, बल्कि संस्कृति, रचनात्मकता और सार्वभौमिक कनेक्टिविटी का प्रतिनिधित्व करने वाली लहर है। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन फिल्मों, संगीत, गेमिंग, एनीमेशन और कथा कहानी कहने की विशाल दुनिया को प्रदर्शित करता है, कलाकारों और रचनाकारों को कनेक्ट करने और सहयोग करने के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करता है।

वेव्स शिखर सम्मेलन में भारत के समृद्ध सिनेमाई इतिहास का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि 3 मई, 1913 को, भारत की पहली फीचर फिल्म, राजा हरिश्चंद्र, अग्रणी फिल्म निर्माता दादासाहेब फाल्के द्वारा निर्देशित, जारी की गई थी। उन्होंने याद किया कि फाल्के की जयंती सिर्फ एक दिन पहले मनाई गई थी। उन्होंने पिछली शताब्दी में भारतीय सिनेमा के प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा कि इसने भारत के सांस्कृतिक सार को दुनिया के हर कोने में



सफलतापूर्वक ले लिया है। उन्होंने रूस में राज कपूर की लोकप्रियता, कान में सत्यजीत रे की वैश्विक मान्यता और आरआरआर की ऑस्कर विजेता सफलता पर प्रकाश डाला, इस बात पर जोर दिया कि भारतीय फिल्म निर्माता वैश्विक कथाओं को कैसे आकार देना जारी रखते हैं। उन्होंने गुरु दत्त की सिनेमाई कविता, ए. आर. रहमान की संगीत प्रतिभा रितविक घटक के सामाजिक प्रतिबिंब और एस. एस. राजामौली की महाकाव्य कहानी को भी स्वीकार किया, जिसमें कहा गया कि इनमें से प्रत्येक कलाकार ने दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए भारतीय संस्कृति को जीवंत किया है। श्री मोदी ने यह भी टिप्पणी की कि भारतीय सिनेमा के दिग्गजों को स्मारक डाक टिकटों के माध्यम से सम्मानित किया गया, जो उद्योग में उनके योगदान को श्रद्धांजलि देते हैं।

भारत की रचनात्मक क्षमता और वैश्विक सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्षों से, उन्होंने गेमिंग, संगीत, फिल्म निर्माण और अभिनय के पेशेवरों के साथ काम किया है, उन विचारों और अंतर्दृष्टि पर चर्चा की है जिन्होंने रचनात्मक उद्योगों की उनकी समझ को गहरा किया है। उन्होंने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के दौरान की गई एक अनूठी पहल पर प्रकाश डाला, जहां 150 देशों के गायक लगभग 500-600 साल पहले नरसिंह मेहता द्वारा लिखे गए भजन 'वैष्णव जन तो' करने के लिए एक साथ आए थे। उन्होंने कहा कि इस वैश्विक कलात्मक प्रयास ने एक महत्वपूर्ण प्रभाव पैदा किया, जिससे दुनिया को सद्भाव में एक साथ लाया गया। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन में उपस्थित कई व्यक्तियों ने गांधी के दर्शन को आगे बढ़ाते हुए लघु वीडियो संदेश बनाकर 'गांधी वन फिफ्टी इनीशिएटिव' में योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के साथ मिलकर भारत की रचनात्मक दुनिया की सामूहिक ताकत ने पहले ही अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है, और यह दृष्टि अब वेव्स के रूप में साकार हो गई है।

श्री मोदी ने वेव्स शिखर सम्मेलन के पहले संस्करण की शानदार सफलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपने पहले क्षण से ही, इस कार्यक्रम ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है और ''उद्देश्य के साथ गर्जन'' है। उन्होंने शिखर सम्मेलन के सलाहकार बोर्ड के समर्पण और प्रयासों को स्वीकार किया, जिसमें वेव्स को रचनात्मक उद्योग में एक ऐतिहासिक घटना बनाने में उनकी भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने बड़े पैमाने पर ● शेष पेज 11 पर

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से बालिकाओं को मिला सम्मान: राजमणि कोल

**कोरांव में आयोजित सामूहिक विवाह में कुल 252 जोड़े लिए एक साथ सात फ़ेरे, विधायक व ब्लाक प्रमुख तथा अधिकारियों ने दिया आशीर्वाद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से बालिकाओं का सम्मान बढ़ा है। बेटियां समाज में अभिशाप बनती जा रही थी, बेटियों और बेटों में भेदभाव किया जा रहा था। लेकिन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने बेटियों का सम्मान बढ़ाते हुए गरीब पिता को जहां उनकी शादी के लिए सेठ साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता था वहीं आज उन गरीब कन्याओं का विवाह धूमधाम से खुद हमारी सरकार कराने का काम कर रही है। जिससे बेटियां और बेटों के भेदभाव को मिटाने में भी यह योजना मिल का पत्थर साबित हुई है। यह बातें कोरांव विधायक राजमणि कोल ने बृहस्पतिवार को सायं 4 बजे कोरांव बाजार के इंद्रप्रस्थ गेस्ट हाउस में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नव दाम्पत्य परिणय सूत्र के बंधन में बंध चुके कुल 252 वर वधुओं को आशीर्वाद देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की। विधायक राजमणि कोल ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार को बेटियों के अनुपात को बढ़ाने के लिए पूरे देश में जागरूकता कार्यक्रम चलाना पड़ा और नारा दिया गया था कि बेटी बेटा एक समान दोनों का करो उचित सम्मान। लेकिन यह योजना समाज में बेटी और बेटों में अंतर को खत्म करने के लिए यह प्रेरणास्त्रोत है। विधायक राजमणि कोल ने कहा कि हमारी सरकार का मकसद गरीबों के जीवन में खुशहाली लाना है। गरीबों को रहने, खाने और उनकी बेटियों की शादी का जिम्मा खुद सरकार ने ले लिया है। जिससे गरीबों के वास्तविक जीवन में भी बदलाव आया है। सामूहिक विवाह समारोह में प्रयागराज जनपद के यमुनापार के कुल 9 विकास खंडों के कुल 252 जोड़ों ने।

प्रतिभाग किया। सभी जोड़ों को मुख्य अतिथि रहे विधायक राजमणि कोल ने विवाह प्रमाण पत्र व उपहार भी भेंट किया। सामूहिक विवाह समारोह को ब्लॉक प्रमुख मेजा के प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र, ब्लॉक प्रमुख कोरांव मुकेश कोल, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला महामंत्री संतरा देवी बिंद, मंडल अध्यक्ष बबुआन द्विवेदी समेत कई वक्ताओं व कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। खंड विकास अधिकारी कोरांव मनोज कुमार सिंह ने सामूहिक विवाह समारोह में आए हुए अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए गरीबों के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। सामूहिक विवाह आयोजन में यमुनापार के विभिन्न विकासखंडों के बीडीओ, एडीओ तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी व भारी संख्या में वर वधू तथा उनके परिजन शामिल रहे।

# बाबा साहब और अखिलेश यादव की अधकटी तस्वीर को लेकर प्रदेश में प्रदर्शन

**समाजवादी पार्टी पर बाबा साहब के अपमान का आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अधकटी तस्वीर लगाए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी बृहस्पतिवार को पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन कर समाजवादी पार्टी पर बाबा साहब के अपमान का आरोप लगाया है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को सायं 5:30 बजे के करीब कोरांव बाजार के मुख्य गोल चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी विधायक राजमणि कोल की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन कर समाजवादी पार्टी पर बाबा साहब अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया। भारतीय जनता पार्टी के आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, बाबा साहब देश की शान सपा कर रही उनका अपमान, बाबा साहब का अपमान बंद करो बंद करो बंद करो आदि स्लोगनों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। अशोक पांडेय, तुलसीदास राणा, रामकृष्ण केसरी, राम नवल सिंह, अमरेश तिवारी, जिला पंचायत सदस्य राजेश पटेल, राजेश धनगर, बबुआन द्विवेदी, समेत करुणेन्द्र श्रीवास्तव, सूर्य प्रताप सिंह, रामराज सिंह, लीलावती आदि सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सपा सांसद पर हमले का विरोध राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



उन्नाव। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सांसद रामजीलाल सुमन पर हुए हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे। पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह हमला लोकतंत्र और सामाजिक न्याय पर हमला है। बता दे कि कार्यकर्ताओं ने डीएम ऑफिस के बाहर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने ''हमलावरों को गिरफ्तार करो'' और ''दलितों पर अत्याचार बंद करो'' जैसे नारे लगाए। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि प्रशासन हमलावरों को बचा रहा है। राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में हमले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। राजेश यादव ने कहा कि दोषियों को सजा मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। अन्नू टंडन ने कहा कि यह सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा की लड़ाई है। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। जिलाधिकारी ने सपा प्रतिनिधिमंडल से मिलकर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। सपा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

## बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन, पुरानी पेंशन समेत 14 मांगों को लेकर धरना, सौंपा ज्ञापन




उन्नाव। बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर शिक्षक संघ ने गुरुवार को धरना-प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने अपनी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजा। शिक्षक संघ के प्रमुख सदस्य सुनील, रमेश, सुरेश और अनीता ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली शामिल है। साथ ही 2014 के बाद से रुकी शिक्षकों की पदोन्नति, चयन वेतनमान में देरी और जीपीएफ भुगतान की फीडिंग जैसी समस्याएं भी हैं।बता दे कि शिक्षक सुनील कुमार ने कहा कि सरकार उनकी समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। पुरानी पेंशन योजना की बहाली न होने से भविष्य की आर्थिक सुरक्षा प्रभावित हो रही है। शिक्षक रमेश यादव ने बताया कि जीपीएफ फीडिंग की समस्या से सेवानिवृत्त शिक्षकों को भुगतान में परेशानी हो रही है। प्रदर्शन में महिला शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने पदोन्नति और वेतन संबंधी समस्याओं को उठाया। शिक्षक संघ ने चेतावनी दी है कि सात दिन में मांगें नहीं मानी गईं तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

## गुणवत्ता अच्छी पाये जाने पर मंडी सचिव को डीएम ने दिया प्रमाण पत्र

उन्नाव। सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति सुधीर सिंह ने बताया है कि मण्डी समिति उन्नाव का मण्डी शुल्क का वार्षिक लक्ष्य 454.43 करोड़ निर्धारित था जिसके लक्ष्य के सापेक्ष 509.10 करोड़ की प्राप्ति की गयी जिसका प्रतिशत 112.04 प्रतिशत है तथा कुल आय का लक्ष्य 710.52 करोड़ निर्धारित था लक्ष्य के सापेक्ष 805.37 करोड़ की प्राप्ति की गयी जिसका प्रतिशत 111.93 है। उन्होने बताया है कि अतिरिक्त प्रभार की मण्डी समिति-पुरवा के मण्डी शुल्क का लक्ष्य 284.96 करोड़ के सापेक्ष 312.74 करोड़ की प्राप्ति की गयी जिसका प्रतिशत 109.76 है तथा कुल आय में वार्षिक लक्ष्य 453.02 करोड़ निर्धारित था।

# मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर खंभे से टकराई, एक युवक की मौत, दूसरा घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



घुघली/महराजगंजः घुघली थाना क्षेत्र के मंगलपुर पटखौली रेलवे क्रॉसिंग के निकट बुधवार व गुरुवार की मध्य रात्रि एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों युवक डिस्कवर मोटरसाइकिल (ठध्57 इट्ट 4187) से जखीरा से सुभाष चौक की ओर जा रहा था जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल चालक तारकेश्वर (24 वर्ष), पुत्र रिंटू, निवासी पौहरिया थाना घुघली अपने मित्र नागेश्वर (22 वर्ष), पुत्र रामचंद्र, निवासी लक्ष्मीपुर थाना खड्डा के साथ सफर कर रहा था।

जैसे ही वे मंगलपुर पटखौली रेलवे क्रॉसिंग के निकट पहुंचे, उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लोहे के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तारकेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नागेश्वर को हल्की चोटें आईं।सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष घुघली कुंवर गौरव सिंह मय पुलिस बल व चौकी प्रभारी जखीरा के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। एम्बुलेंस की सहायता से मृतक के शव को एक्चए घुघली पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी मृत्यु की पुष्टि की। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को पुलिस द्वारा चौकी जखीरा पर खड़ा किया गया है। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार हुए घायल



**चचेरे भाई के विवाह का कार्ड बांटकर लौटते समय पचेड़ा में हुआ हादसा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के पचेड़ा गांव में बृहस्पतिवार को सायं 5 बजे के करीब चचेरे भाई के विवाह का कार्ड बांटकर घर लौट रहे बाइक सवार दो युवक अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस के द्वारा दोनों घायलों को सीएचसी कोरांव लाया गया। दोनों की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक अभिनव कुमार गुप्ता पुत्र बबऊ व सुशील पुत्र समरजीत निवासीगण लवायन कला नैनी बृहस्पतिवार को सुबह 9 बजे घर से चचेरे भाई के विवाह का निमंत्रण बांटने बदौआ लालगंज मिर्ज़ापुर गए हुए थे। दोनों सायं 5 बजे के करीब घर वापस लौट रहे थे कि कोरांव थाना क्षेत्र के पचेड़ा गांव में शराब की दुकान के पास एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार अभिनव व सुशील सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दोनों घायलों को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

# कुछ लोगों द्वारा अस्पताल को किया जाता है बदनाम:डा. शिशिर जायसवाल

**वेदांता में मरीज की मौत मामले में लगे आरोपों पर डा. शिशिर जायसवाल ने साक्ष्यों के साथ मीडिया को बताई हकीकत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। वेदांता हास्पिटल एक विश्वसनीय संस्था है और सदैव मानव मूल्यों की रक्षा करने को कटिबद्ध हैं। हम मानव सेवा की प्राथमिकता के साथ साथ अपने आदर्श वैज्ञानिक अब्दुल कलाम के सपनों को पूरा करने में विश्वास रखते है। हमारा संस्थान कठिन से कठिन आपरेशनों को करके मानव जीवन की रक्षा का कार्य कर रहा है, और आगे भी करता रहेगा। हमारे हास्पिटल में आये मरीज का पहले उपचार को प्राथमिकता दी जाती है।उक्त बातें वेंदाता हास्पिटल के निदेशक डा शिशिर जायसवाल ने हास्पिटल के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहीं। चिरैयाकोट के मृत मरीज के परिजनों द्वारा हास्पिटल परिसर में मचाये गये उत्पात और दुर्व्यवहार के आरोपों के प्रकरण में मीडिया बंधुओं को जबाव देते हुए डा शिशिर जायसवाल ने आगे कहा कि साक्ष्य के तौर पर घटना का वीडियो साक्ष्य के रूप में उपलब्ध हैं। आपरेशन आदि का पैसा न देना पड़े, इसलिए आपसी सांठ-गांठ करके सोची समझी साजिश के तहत ऐसा माहौल खड़ा कर संस्था को बदनाम किया गया। मरीज का तमाम वीडियो मेरे पास साक्ष्य के रूप में सुरक्षित है, साथ ही एम्बुलेंस में भी मरीज जीवित था। हास्पिटल की व्यवस्था बेहद सरल है और हम प्रशासन पर भरोसा रखते है इसी का फायदा उठाते हुए लोग हास्पिटल को आये दिन बदनाम कर क्षति पहुंचाते रहे है। अगर हमारे गुणवत्ता पर कोई किसी को संदेह है तो वह हास्पिटल का विधिक जांच करा सकता है, हर जांच का हम जबाव देंगे और प्रत्येक मानकों पर खरे उतरेंगे लेकिन एक बड़े ब्रांड वाले हास्पिटल के बारे में अर्नगल बातें करके लोग सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का काम कर रहे है, यह समाज के लिए अच्छा नहीं है। हमारे लेडीज स्टाफ आदि के साथ उन युवकों द्वारा दुर्व्यवहार किया गया है, हम हास्पिटल में अकेले ही चलते है और पूरे परिसर में ना कोई बाउंसर है और ना कोई हथियार भी होगा लेकिन मारपीट आदि आरोप झूठा लगाया गया वह सभी बेबुनियाद है। उन्होंने आगे कहाकि न्यूरो का एक आपरेशन 3 से 4 घंटे का होता है और छोटे से छोटा आपरेशन भी 2 से ढाई घंटे में होता हैं ।

ऐसे में हमारे पास किसी के गलत आरोपों का जवाब देने का समय नहीं है हम अपना समय मानव जीवन की रक्षा करने में लगाना जरूरी समझते है। एक प्रकरण की चर्चा करते हुए डा जायसवाल ने बताया कि लोक गायिका उजाला यादव का कोई परिचित हमारे यहां भर्ती था उसका उपचार आयुष्मान से हुआ उससे एक रूपया भी अस्पताल ने नहीं लिया और वह जब डिस्चार्ज हुआ तो वह हास्पिटल से खुद से चलकर गाड़ी में बैठकर घर गया, बाद में लोहिया में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई लेकिन उन लोगों द्वारा हमारे हास्पिटल का नाम जोड़ दिया गया। मैं ऐसे किसी भी गलत व्यक्तियों के प्रति जवाबदेह नहीं हूं। हमारे यहाँ मेडिको लीगल की केश सबसे ज़्यादा संख्या में आती है जैसे गन शॉट इंजरी के मामले प्वाइजनिंग के मरीज़ ,हैंगिंग, मार धाड़ के तमाम केश आते है और उनके उपचार में प्रशासन से भी हमें भरपूर सहयोग मिलता रहता है क्योंकि हमारे हास्पिटल का रिजल्ट अच्छा है हमने लोगों की जान बचाई हैं। तीन-तीन गोलियों के बाद भी हमने घायलों की जान बचाई है और आपरेशन के तीन दिन बाद पैसा लिया है। हमारे पास जो केस आता है वह गंभीर होता है उनके साथ जो लोग आते वह आक्रोशित होते है और बेवजह हमारे हास्पिटल का नाम बदनाम हो जाता है।कोविड में भी हमने लगभग 3 हजार लोगों का उपचार किया, जिसमे कुछ लोग नहीं बच पाए तो कुछ लोगों की जान बचाई भी गई । ऐसे आपातकालीन समय में सेवा देना क्या यह मानव धर्म का कार्य नहीं है, उन्होंने कहाकि कुछ लोगों की मानसिकता हम कभी बदल नहीं सकते, हम मरीजों की जान बचाने में समय खर्च करना चाहते है न कि थाना कोतवाली करने में अपना समय जाया करना चाहते है।

# भारतीय जनता पार्टी आज जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है: सनी सरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी आज जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है भारत का चौमुखी विकास देखकर अन्य देश भी भारत की एकता व अखंडता का लोहा मान ने लगे हैं यह बात आज भाजपा के वरिष्ठ नेता सनी सरना ने लाटूश रोड पर आयोजित एक संगोष्ठी में कहीं उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों व्यापारियों नौजवानों महिलाओं और युवाओं के हितों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को अमली जामा पहनाने का काम किया है आज कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है जो विकास से वंचित हो उन्होंने कहा गरीबों को मकान, राशन आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख तक की मुफ्त चिकित्सा, 70 साल की बुजुर्गो की गंभीर से गंभीर बीमारियों की मुफ्त इलाज, किसान को उनकी उपज का दुगना मूलय सहित कई कार्य किया जा रहे हैं जिससे गरीबों को बहुत फायदा हो रहा है उन्होंने कांग्रेस सपा पर निशाना साधते हुए कहा इन दलों ने हमेशा जनता को गुमराह करने का काम किया है तुष्टिकरण की राजनीति के माध्यम से अपनी राजनीतिक रोटियां सीखना चाहते हैं श्री सरना ने कहा जनता इनकी अब इनके झांसे में आने वाले नहीं देश की जनता भली बात जान चुकी है कि उनके हित के लिए कौन सी पार्टी कार्य कर रही है उन्होंने कहा जनता का विश्वास बीजेपी पर दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी की गारंटी पर देश की जनता आंख बंद करके भरोसा करती है देश की जनता का मत है कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई भी अंतर नहीं है भाजपा जो कहती है वह करती है श्री सरना ने कहा कि देश व प्रदेश का व्यापारी भाजपा सरकार में अपने आप को पूर्णतया सुरक्षित मानता है आज व्यापारियों का शोषण नहीं किया जा रहा है किसी भी माफिया में दम नहीं है की व्यापारियों की तरफ आंख उठा कर देख ले उन्होंने कहा कि देश के विकास में व्यापारियों की हम भूमिका है व्यापारी कंधे से कंधा मिलाकर भाजपा की नीतियों सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है उन्होंने कहा की बिहार के विधानसभा और पश्चिम बंगाल के चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी संगोष्ठी में जीतू चावला. ओ. पी सिंह नवीन अरोड़ा. राजेंद्र मिकी सरना आदिलोक उपस्थित थे

## स्कूल चलो अभियान नामांकन के लिए किया जागरुक



नानपारा, बहराइच। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गुरघुट्टा में शिक्षकों ने बालिकाओं की शिक्षा के लिए डोर टू डोर जाकर प्रवेश के लिए अभिभावको से बात की और बालिकाओं की शिक्षा के बारे में जागरूक किया । बताते चलें कि गुरघुट्टा ग्राम में कक्षा 8 के बाद लड़कियां पढ़ाई नहीं करती हैं बालिका का शिक्षा को महत्व देते हुए शिक्षकों ने बच्चियों के अभिभावक से बात की उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए बच्चों का प्रवेश राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में करने के लिए प्रेरित किया। द हंस फाउंडेशन की टीम का इसमें अहम योगदान रहा ?। शिक्षिकाएं व शिक्षक? विद्यालय की प्रधानाचार्या मीमांसा पटेल, कल्पना कश्यप, रीता कुमारी, नेहा पटेल, अर्चना देवी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्रमिक दिवस के मौके पर स्कूली बच्चों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। नानपारा क्षेत्र के सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में श्रमिक दिवस विभिन्न कार्यक्रमों के साथ उत्साह और उल्लासपूर्वक मनाया गया। विद्यालय में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्रबंधक अनिल अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल एवं आनंद पोद्दार मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके पश्चात विद्यालय के छात्रों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में श्रमिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय की स्वच्छता, सुव्यवस्था और सुरक्षित वातावरण के पीछे हमारे समर्पित श्रमिक बंधुओं का अथक परिश्रम है, जिन्हें हमें सदैव सम्मान देना चाहिए। छात्र/छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति द्वारा समाज को यह संदेश दिया कि वे हमेशा श्रमिकों के प्रति आदर और कृतज्ञता का भाव रखें। प्रस्तुति के पश्चात प्रत्येक कक्षा के बच्चों द्वारा आया दीदी और बस चालक तथा सभी बस कन्डेक्टर एवं सुरक्षा कर्मचारियों को उपहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजन में शामिल शिवम यादव उनके सहयोगी शीतल कुमार गुप्ता एवं समस्त अध्यापक का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की अध्यापिका दीपांशु सिंह ने अपने ओजमयी वक्तव्य से किया। आज के दिन के बारे में हरिओम सर ने श्रमिकों के जीवन संघर्ष, उनके योगदान और समाज में उनके महत्व को बड़े ही सरल और प्रभावशाली शब्दों में प्रस्तुत किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को यह सीख दी कि जीवन में किसी भी कार्य को छोटा न समझें और हर श्रमिक के प्रति सदैव सम्मान रखें। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधक अनिल अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल एवं आनंद पोद्दार की तरफ से विद्यालय के सभी श्रमिक वर्ग को एक सम्मानजनक उपहार भेंट किया गया।

# सपा सांसद के लिए कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर-लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेष यादव के निर्देशानुसार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद (राज्यसभा) रामजी लाल सुमन को लगातार जान से मारने की धमकी, उनके आवास एवं काफिले पर हमले की घटना सहित प्रदेश में समाज के उत्पीड़न की बढ़ रही घटनाओं में उत्तर प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ पार्टी के जिला कार्यालय 6 लाजपत राय भवन कैसरबाग, लखनऊ से जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के नेतृत्व में पार्टी के सभी नेता एवं कार्यकर्ता एकसाथ राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी, लखनऊ के माध्यम से सौंपा।



इस मौके पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद (राज्यसभा) रामजी लाल सुमन को लगातार जान से मारने की धमकी, उनके आवास एवं काफिले पर हमला किया गया, जिससे कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हुए और कई लोगों को गंभीर चोटें भी आईं। इस घटना के बाद भी सरकार द्वारा उन अराजक तत्वों पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी, जिससे यह स्पष्ट है कि उन्हें सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है। साथ ही आए दिन जनता के उत्पीड़न, हत्या, लूट, महिलाओं के साथ दुव्र्यवहार और अराजकता की घटनाएं आम हो गयी हैं। अपराधियों के हौसले बढ़ जाने से कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से प्रदेष उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, अम्ब्रीष सिंह पुष्कर, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड सिद्धार्थ सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव, फखरूल हसन चांद, प्रदेष सचिव त्रिवेणी प्रसाद पाल, विजय यादव, रंजीत यादव, राषिद अली, रामगोपाल यादव, वसी अहमद खान, सरोज यादव, रामसागर यादव, फैसल मकबूल खान, अकरम उर्फ बब्लू, प्रदेष अध्यक्ष मजूदर सभा धनीलाल श्रमिक, प्रदेष अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ कर्नल शरद शरन सिंह, प्रदेष अध्यक्ष छात्र सभा विनीत कुसवाहा, पूर्व मंत्री रामसिंह राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादव, अषोक यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय बहादुर यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्र सभा महेन्द्र कुमार यादव, पूर्व प्रत्याषी सोनू कनौजिया, राजबाला रावत, सलाउद्दीन 'मुस्सन' जिला उपाध्यक्ष टी0बी0 सिंह, इब्राहीम मंसूरी, बृजकिषोर मिश्रा, अनिल पासी, बचान सिंह यादव, ललिता राजपूत लोधी, अर्चना रावत, गुड्डू लोधी, जमालुद्दीन बेग 'कल्लू', सुनील गौतम, जिला सचिव मनोज कुमार यादव, सुजीत यादव, शैलेंद्र यादव टुल्लू, जिला प्रवक्ता रमेश सिंह 'रवि', ब्लाक प्रमुख चिनहट ऊषा सेन, नगर पंचायत अध्यक्ष बीकेटी गनेष रावत, प्रदेश अध्यक्ष शिक्षक सभा अवधेश यादव, रामसमुझ रावत, विधानसभा अध्यक्ष उमाषंकर वर्मा, चन्द्रषेखर यादव, सोनीश कुमार मौर्या, अजय कुमार रावत, प्रवेश यादव, शिवकुमार रावत गांधी, जिला पंचायत सदस्य पन्ना लाल रावत, जीत बहादुर जीतू, जितेन्द्र यादव 'गुड्डू', अरूण रावत, महेश प्रसाद रावत, निहाल अहमद, कैप्टन यादव, पूर्व जिला पंचातय सदस्य सूर्यभान यादव, सुशील यादव 'गुड्डू', यूथ फ्रन्टल अध्यक्ष शषिलेन्द्र यादव के साथ सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आरएलबी के मेधावियों ने लहराया परचम, इंटरमीडिएट में अंश सिंह व हाईस्कूल में आयुष कृष्णा ने विद्यालय में किया टॉप

## हाईस्कूल में 19 व इंटरमीडिएट में 8 बच्चों ने हासिल किए 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक






कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आईएससी इंटरमीडिएट और आईसीएसई हाईस्कूल बोर्ड के परीक्षा परिणाम आते ही रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस मौके पर विद्यार्थियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। विकास नगर सेक्टर 6 स्थित आरएलबी स्कूल के मेधावियों ने स्कूल का परचम लहराया। जिसमें आईएससी बोर्ड इंटरमीडिएट में अंश सिंह ने 97.50 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में टॉप किया। तो वहीं आयुष श्रीवास्तव 95.75 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान व आशुतोष पांडे ने 93.25 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं आईसीएसई हाईस्कूल बोर्ड में आयुष कृष्णा ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। तो वहीं अर्पित यादव और देवांश सिंह ने 96.20 अंक हासिल कर द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों ने अपनी इस सफलता का सारा श्रेय अपने माता पिता और अपने अध्यापकों को दिया। वहीं विद्यालय की तरफ से भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर विद्यालय की तरफ से बताया गया कि आईसीएसई हाईस्कूल बोर्ड में आरएलबी के 19 बच्चों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए है। वहीं आईएससी इंटरमीडिएट में 8 बच्चों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवनिर्मित चारदीवारी का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज लखनऊ में गुरुवार को प्रो0 अमित भारद्वाज निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज का आगमन हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफ़ेसर रश्मि बिश्नोई ने महाविद्यालय परिसर में स्वागत किया। इस मौके पर निदेशक उच्च शिक्षा ने महाविद्यालय में दशकों के अतिक्रमण हटने की उपरान्त, नवनिर्मित चारदीवारी का लोकार्पण किया। वहीं इस मौके पर एनबीआरआई टीम द्वारा महाविद्यालय परिसर में लगाए जा रहे फ्लोरीकल्चर गार्डन का विमोचन और वृक्षारोपण भी किया। साथ ही महाविद्यालय में परीक्षा के संबंध में हो रही तैयारी, समर्थ पोर्टल पर डाटा अपलोड करने की अद्यतन स्थिति का लेखा-जोखा, व अपार भरने की स्थिति का जायजा लिया।



# खबर का असर: फरीदीपुर की गली में अस्थायी राहत, स्थायी समाधान अब भी इंतजार में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ ठाकुरगंज। फरीदीपुर की बदहाल 11 नंबर गली में जलभराव से परेशान जनता को आखिरकार थोड़ी राहत मिली है। कैनविज टाइम्स की लगातार कवरेज और जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाए जाने का असर हुआ है। नगर निगम हरकत में आया और मौके पर पहुंचकर सड़क को चलने लायक बनाया गया। हालांकि सवाल यह भी उठ रहा है। कि क्या यह सिर्फ अस्थायी मरहम है या फिर स्थायी समाधान की शुरुआत

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने खबर को संज्ञान में लेते हुए निर्माण विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके तहत एक्सईएन जी. राम और सुपरवाइज़र राहुल राजपूत ने डंपरों से मलबा डलवाया और जेसीबी से गली को समतल किया। इसके बाद क्षेत्रीय लोगों को कीचड़ और जलभराव से कुछ राहत तो जरूर मिली।





यह सराहनीय है कि नगर आयुक्त ने त्वरित संज्ञान लिया और विभाग ने मौके पर जाकर काम किया, लेकिन यह भी सच है कि यह केवल एक अस्थायी समाधान है। वर्षों से इस गली की हालत खराब है। और हर बारिश के मौसम में यहां दलदल बन जाती है। ऐसे में केवल मलवा डालना स्थायी उपाय नहीं हो सकता।

नगर निगम अधिकारियों ने जानकारी दी है कि करीब 1.85 करोड़ का प्रस्ताव 15वें वित्त आयोग को भेजा गया था। जो किसी कारणवश निरस्त हो गया। अब उसे फिर से भेजने की प्रक्रिया चल रही है। और अधिकारियों का दावा है कि पास होते ही पक्के नाले व सड़क का निर्माण होगा।


लखनऊ वालों को ही नहीं मिल रही जीने की बुनियादी सुविधाएं

फिलहाल जनता थोड़ी राहत महसूस कर रही है। लेकिन उनके मन में अब भी सवाल हैं। क्या यह राहत स्थायी होगी? क्या फिर से प्रस्ताव फाइलों में दब कर रह जाएगा? या इस बार वाकई में विकास जमीन पर उतरेगा?

अब निगाहें नगर आयुक्त गौरव कुमार और उनकी टीम पर हैं। जनता उम्मीद कर रही है कि यह शुरुआत सिर्फ दिखावटी न हो, बल्कि बदलाव की ठोस नींव रखे।

## भैरमपुर से 10 साल का बच्चा घर से नाराज होकर कहीं हुआ गुम, परिजन परेशान

निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। निगोहां थाना क्षेत्र के भैरमपुर मजरा मीरखनगर गांव से एक 10 वर्षीय बालक के लापता होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भैरमपुर निवासी आशीष कुमार का पुत्र बीते 29 अप्रैल की शाम करीब 7:30 बजे घर से नाराज होकर कहीं चला गया।परिजनों ने बताया कि बालक बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गया। परिजन पूरे इलाके में और रिश्तेदारों के यहां बच्चे की तलाश कर चुके हैं लेकिन उसका अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। बच्चे की गुमशुदगी को लेकर पिता ने निगोहां थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम द्वारा इलाके में खोजबीन शुरू कर दी गई है।थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि बच्चे को जल्द से जल्द खोजने के लिए स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## निगोहां में युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, मामला दर्ज

निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। निगोहां थाना क्षेत्र के मीरानपुर गांव की एक 19 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, निगोहा थाना क्षेत्र निवासी रामसागर ने निगोहां थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पुत्री को गांव के ही युवक शुभम पुत्र लक्ष्मी नारायण द्वारा बहला-फुसलाकर कहीं ले जाया गया है। परिजनों के अनुसार, युवती अचानक घर से गायब हो गई, जिसके बाद आसपास और रिश्तेदारों में खोजबीन की गई लेकिन कोई पता नहीं चला।शिकायत के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में दर्ज कर लिया है।निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी का कहना है कि आरोपित युवक की तलाश की जा रही है और युवती की सकुशल वापसी के प्रयास तेज़ कर दिए गए हैं।

## नगराम में लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम कस्बा के बिलिया की रहने वाली फूलमती पत्नी स्व. शिवनन्दन ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। लिखित शिकायत के अनुसार बीते 29 अप्रैल को शाम करीब 5 बजे गांव के विपक्षी पक्ष के लोगों द्वारा उनके बेटे योगेन्द्र पर जानलेवा हमला किया गया।फूलमती ने बताया कि उनके पड़ोसी गोपाल पुत्र मुगल तिवारी, शिवानी पत्नी गोपाल, रजनी पत्नी रामदेव, और मुन्नी उर्फ सरिता पुत्री रामदेव ने पुरानी रंजिश को लेकर पहले उनके साथ गाली-गलौज की, फिर लाठी-डंडों और धारदार औजारों से उनके बेटे योगेन्द्र की बेरहमी से पिटाई की।हमले में योगेन्द्र को शरीर में गंभीर चोटें आईं और जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता का कहना है कि यह हमला पूर्व नियोजित था और उनके परिवार को डराने-धमकाने के इरादे से किया गया। पीड़िता फूलमती ने नगराम पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## निगोहां: अंतिम संस्कार में पहुंचे युवक को रिश्तेदारों ने पीटकर किया लहूलुहान

निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के गरीब खेडा गांव में अपनी सरहज के अंतिम संस्कार में शामिल होने आए युवक की उसके साले के ससुर ने अपने भांजे के साथ मिलकर पिटाई कर घायल कर मोबाइल और नगदी छीन ली। पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत निगोहां पुलिस से की पुलिस ने जांच का हवाला देते हुए पीड़ित को आई चोटों का डाक्टरी परीक्षण बिना कराए ही उसे चलता कर दिया। नगराम के कमालपुर विचिलिका निवासी कृष्णपाल ने निगोहां पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बताया की वह बीते बुधवार को निगोहां के गरीब खेडा गांव में अपनी सरहज के अंतिम संस्कार में शामिल होने आया हुआ था जहाँ पर गरीब खेडा के उसके साले के ससुर हरिराम यादव ने अपने भांजे मदन यादव के साथ मिलकर बिना वजह उसकी पिटाई कर घायल कर दिया, मारपीट के दौरान उसकी जेब मे रखे 17 हजार रुपये और उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया। वहीं पीड़ित पूरे मामले की शिकायत निगोहां पुलिस से करने के लिए बुधवार शाम पहुंचा तो वहा मौजूद दरोगा ने जांच का हवाला देकर थाने से चलता कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने मारपीट में आई चोटों का इलाज खुद ही निजी अस्पताल जाकर कराया।इस संबंध में जब प्रभारी अमित वर्मा से बात की तो उन्होंने बताया ऐसी कोई शिकायत ही उन्हें नहीं मिली है और दो लोग थाने आकर सूचना दिए कि अंतिम संस्कार के समय एक नगराम इलाके का युवक मौके पर वीडियो बना रहा था जो विरोध करने पर भाग गया।

# यूडीएसपी से डिजिटल सर्विलान्स करने वाला पहला राज्य बना यूपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता


लखनऊ। प्रदेश सरकार यूनीफाइड डिजीज सर्विलान्स पोर्टल पर वैक्सीन प्रिवेन्टेबिल डिजीजेस का डिजिटल सर्विलान्स शुरू करेगी। यह पहल, रीयल टाइम केस रिपोर्टिंग, सटीक और विश्वसनीय डेटा संग्रह को सक्षम करेगी, जिससे रोगों एवं प्रकोपों का शीघ्र पता लगाया जा सके और त्वरित गति से प्रभावी रणनीति तैयार कर क्रियान्वयन किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा की हमारे यूनीफाइड डिजीज सर्विलान्स पोर्टल के माध्यम से टीकों से रोकी जा सकने वाले रोगों की डिजिटल निगरानी से जिलों और राज्य के बीच तीव्र गति से संवाद संभव हो सकेगा, जिससे इन रोगों की शीघ्र पहचान और पब्लिक हेल्थ रिस्पांस की गुणवत्ता में सुधार हो सकेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने कहा कि एनएचएम के शुरू होने के बाद टीकाकरण के परिणामों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए। नियमित टीकाकरण के अलावा, हर साल सभी बच्चों तक पहुँचने पर ध्यान केंद्रित करते हुए विशेष टीकाकरण अभियान चलाते हैं। वहीं राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता ने कहा की इस साल 24 अप्रैल से शुरू हुए विश्व टीकाकरण सप्ताह के तहत हम पूरे प्रदेश में स्कूल-आधारित टीडी टीकाकरण अभियान चला रहे हैं। सरकारी और निजी दोनों स्कूलों में कक्षा पांच और कक्षा 10 के छात्रों को उनके स्कूलों में मुफ़्त टीडी टीके लगाए जा रहे हैं। इन प्रयासों के माध्यम से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी बच्चा टीकाकरण के अभाव में सुरक्षित भविष्य से वंचित न रहे। एनएचएम महाप्रबंधक डॉ. मनोज शुकुल ने कहा कि हम विश्व टीकाकरण सप्ताह के दौरान खसरा-रुबेला उन्मूलन के लिए विशेष अभियान भी चला रहे हैं। मार्च और अप्रैल 2025 में हुए राज्यव्यापी सर्वेक्षण में 1.7 लाख से अधिक बच्चों की पहचान की गई। राज्य निगरानी अधिकारी डॉ. विकासेंदु अग्रवाल ने कहा कि हमने मई 2023 में यूडीएसपी लॉन्च किया, जो देश का पहला राज्य है जिसके पास 12 अधिसूचित बीमारियों की निगरानी के लिए अपना डिजिटल निगरानी प्लेटफार्म है। अब तक, इस पोर्टल पर 60 लाख से अधिक टेस्ट रिपोर्ट दर्ज किए गए हैं, और इसने हमें डेंगू जैसी बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रित करने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई करने और निगरानी करने की अनुमति दी है।

# कैनविज टाइम्स की खबर का हुआ असर आम जनता को मिली सहूलियत

**खबर का असर – लखनऊ की सड़कों का दर्द : दुबग्गा चौराहे पर टूटी सड़कों पर चली खबर का पीडब्ल्यूडी ने लिया संज्ञान**


लखनऊ की सड़कों का दर्द: दुबग्गा चौराहे पर टूटी सड़कें, प्रशासन बेखबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सीतापुर बाईपास चौराहे पर टूटी सड़कें जिससे आम जनता को परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा था। आपको बता दे दुबग्गा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सीतापुर बाईपास चौराहे की खबर कैनविज टाइम्स हिंदी दैनिक समाचार पत्र ने प्रमुखता से छापा। कैनविज टाइम्स की खबर पर पीडब्ल्यूडी ने मामले को संज्ञान में लिया। टीम गठित कर चौराहे पर टूटी व जर्जर रोड को सही कराया ताकि आम जनता को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो और कोई भी एक्सीडेंट जैसी दुर्घटना ना घटित हो सके। सभी क्षेत्रवासी बड़े आराम से चौराहे से होकर अपने गंतव्य के लिए जा रहे हैं और आ रहे हैं। कैनवस टाइम्स समाचार पत्र लगातार आम जनता की सुरक्षा व्यवस्था और प्रचार प्रसार में मेहनत करता नजर आ रहा है जिससे आम जनता को बहुत ही सहूलियत मिल रही है। वही दुबग्गा के साथ-साथ बालागंज चौराहे पर भी रोड को सही किया गया और पीडब्ल्यूडी द्वारा अवगत भी कराया गया कि जो खबर चलाई गई थी उसका काम पूरा हो गया है रोड को सही करा दिया गया है।

## पीएम आवास योजना ग्रामीण के सर्वेक्षण की अवधि बढ़ी

लखनऊ। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र परिवारों के सर्वेक्षण की समय-सीमा 15 दिन और बढ़ा दी गयी है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पक्का मकान देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए सर्वे का काम तेजी से चल रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पीएम आवास योजना-ग्रामीण के नये सर्वे का उद्देश्य योजना के हर पात्र परिवारों को पक्के मकान मुहैया कराना है। इसके लिए सरकारी कर्मचारी घर-घर जाकर सर्वे का काम कर रहे हैं। इसमें अच्छी बात यह है कि पीएम आवास के लिए खुद भी अपने मोबाइल से पात्र व्यक्ति अप्लाई कर सकते हैं। सर्वेक्षण कार्य के लिए निर्धारित समय सीमा को 15 दिन और बढ़ा दिया गया है, इसके पहले 30 अप्रैल 2025 तक सर्वेक्षण कार्य करने के निर्देश दिए गए थे। अब यह कार्य 15 मई 2025 तक होगा। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि सर्वेक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता, निष्ठा व ईमानदारी के साथ पूरा किया जाए।

# रघुनाथ खेड़ा स्थित एस.बी.एन. इंटर कॉलेज में मेधावियों का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहा, लखनऊ। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों का आज एस.बी.एन. इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक प्रबंधक प्रधानाचार्य एवं प्रबंध समिति ने छात्रों के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी सम्मानित किया। कॉलेज प्रबंधक ने क्षेत्र की प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुए एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में 85% से 90% अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 50 प्रतिशत तथा 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को 75 प्रतिशत एस.बी.एन स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। यह स्कॉलरशिप सीधे छात्रों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। प्रबंधक अमरेंद्र सिंह यादव ने स्पष्ट किया कि यह स्कॉलरशिप केवल




### प्रतिभाओं को मिला सम्मान, प्रबंधन ने बढ़ाया मनोबल

एस.बी.एन. इंटर कॉलेज तक सीमित नहीं है, बल्कि अन्य सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के वे छात्र भी इसका लाभ उठा सकते हैं, जो आगामी सत्र में एस.बी.एन. इंटर कॉलेज में प्रवेश लेंगे।विद्यालय परिवार ने सभी मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों, अभिभावकों का आभार प्रकट किया। इस आयोजन ने न केवल छात्रों का उत्साह बढ़ाया, बल्कि शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक संदेश भी दिया।

# जिलाधिकारी ने तटवर्ती क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## परियोजनाओं की गुणवत्ता का परीक्षण, अधिकारियों को समयबद्ध कार्यों के निर्देश

सीतापुर । जनपद में आगामी बाढ़ सीजन से पूर्व तैयारियों की समीक्षा के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज लहरपुर तहसील के तटीय क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग द्वारा संचालित तटीय परियोजनाओं की गुणवत्ता का गहन परीक्षण किया और बाढ़ से पूर्व सभी कार्यों को पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

गाजर क्षेत्र की धूल भरी संकरी गलियाँ, तेज धूप और पसीने से भीगा शरीर भी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की दृढ़ इच्छाशक्ति और जनकल्याण की भावना को नहीं डिगा सके। लगभग 10 किलोमीटर के दुर्गम एवं संकरे मार्गों से गुजरते हुए जिलाधिकारी ने गाजर क्षेत्र में शारदा नदी परियोजना के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि हर वर्ष चार महीने तक बाढ़ के कारण यह क्षेत्र दुःख और परेशानी झेलता है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अब अधिक समय तक नहीं रहनी चाहिए। स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी समस्या को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्माण कार्यों में और अधिक तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यह स्पष्ट किया कि परियोजना का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ष्जनता की खुशियाँ हमारी ज़िम्मेदारी हैं



और बाढ़ के साए को इस क्षेत्र से हमेशा के लिए हटाना ही हमारा लक्ष्य है। स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी की संवेदनशीलता एवं तत्परता की सराहना करते हुए उनके इस प्रयास को ष्जनसेवा की मिसाल बताया। ज्ञातव्य है कि शारदा एवं घाघरा नदियों के तटवर्ती क्षेत्रों में प्रतिवर्ष बाढ़ आने से जान-माल की व्यापक क्षति होती है। विशेष रूप से गाजर क्षेत्र के कई गांव प्रभावित होते हैं, जिससे जनहानि, पशुहानि, बिजली आपूर्ति में बाधा, परिवहन अवरुद्ध होना तथा नागरिकों को रोजमर्रा के कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

इन्हीं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने ग्राम कोल्हूपुरवा में ड्रेजिंग कार्यों का निरीक्षण किया। यह ड्रेजिंग कार्य लगभग साढ़े चार किलोमीटर तक किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शारदा नदी की धारा को ग्राम कोल्हूपुरवा, देवपालपुर एवं बसंतापुर की दाहिंनी ओर से बाईं ओर शिफ्ट करना है, जिससे बाढ़ के प्रभाव को कम किया जा सके।

इसके अतिरिक्त ग्राम रतौली में संचालित स्टड परियोजना का भी निरीक्षण किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत ग्राम नंदूपुरवा, गंगापुरवा, रतौली एवं सुजाबाद को बाढ़ से सुरक्षा प्रदान की जाएगी। कुल लगभग आधे किलोमीटर क्षेत्र में 11 जियो बैग स्टड का निर्माण प्रस्तावित है, जिनमें से 8 पर कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई विशाल पोरवाल को निर्देशित किया कि समस्त कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को भी सुना और त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## फायरिंग की घटना में संलिप्त 03 अभियुक्त गिरफ्तार



सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही एवम् वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 105/2025 धारा 109(1),352/351(3).3(5) उगट्ट व 7 एख्रइ इदप् में वांछित 03 अभियुक्तगण 1.कुलदीप पुत्र भूरे लाल निवासी रम्पाटाकीज मंछली मण्डी तामसेनगंज थाना कोतवाली नगर, सीतापुर 2.शादाब पुत्र गुड्डू निवासी मछली मण्डी सादिक पुरवा थाना कोतवाली नगर कोतवाली, सीतापुर 3.राजपाल पुत्र कल्लू कंजड़ निवासी पूर्णागिरि नगर थाना कोतवाली नगर, सीतापुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्त शादाब के पास से घटना में प्रयुक्त एक अदद देशी तंमचा व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर तथा एक अदद हीरो स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल यूपी 34 बीवाई 0094 बरामद हुई है। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि हम लोग गांजा पीने गये थे । बाबा के गांजा न देने पर सभी के कहने पर शादाब ने बरामद हुए तमंचे से फायर कर दिया था। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अभ्यस्त अपराधी हैं जिनके विरुद्ध पूर्व में भी लूट/चोरी/नकबजनी/अवैध शस्त्र, मादक द्रव्य रखने आदि जैसे आपराधिक कृत्यों में कई अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। जनपद में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

## सहारा क्यू शॉप घोटाला, लाखों निवेशक वर्षों से इंतज़ार में सरकार से न्याय की मांग

**सीतापुर।** सहारा इंडिया समूह की सहारा क्यू शॉप यूनिक प्रोडक्ट रेन्ज लिमिटेड समेत नौ कंपनियों की SFIO जांच 2018 से लंबित।निवेशकों का आरोपः गाढ़ी कमाई को धोखे से हड़पा गया, वर्षों से कोई समाधान नहीं।मांगः सरकार सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल करे एवं संपत्तियों को जब्त कर निवेशकों को पैसा लौटाए।सेबी सहारा संयुक्त खाते में जमा राशि से त्वरित भुगतान की गुहार।देशभर के लाखों छोटे निवेशकों ने सहारा क्यू शॉप समेत अन्य सहारा कंपनियों में अपनी मेहनत की कमाई लगाई थी। 2018 से जारी एस एफ आई ओ की जांच अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुँची है। 2025 में भी निवेशकों को भुगतान नहीं मिल पाया है।निवेशकों ने प्रधानमंत्री से अपील की है कि सरकार इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल करे। इसके साथ ही मांग की गई है कि सेबी–सहारा खाते में जमा धनराशि से जल्द से जल्द निवेशकों का भुगतान किया जाए।

## एडीजी जीआरपी ने झांसी मंडल में रेलवे सुरक्षा का लिया जायजा

**झांसी।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक,राजकीय रेलवे पुलिस (एडीजी जीआरपी) प्रकाश डी ने झांसी रेल मंडल के दो दिवसीय दौरे के दौरान यात्री सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर आला अधिकारियों से बात की और निरीक्षण किया। यहां जीआरपी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरूवार को पत्रकारों से बात करते हुए एडीजी,जीआरपी ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ साथ उनके साजोसामान तथा पटरी सुरक्षा को लेकर रेलवे , जीआरपी और आरपीएफ के अधिकारियों के साथ गहन चर्चा की गयी है। उन्होंने जीआरपी के अनुभाग कार्यालय तथा थानों का निरीक्षण किया है। यात्री सुरक्षा के संबंध में डीआरएम झांसी के साथ बात की है। उन्होंने झांसी रेलवे स्टेशन का भी भ्रमण किया और यात्रियों की सुविधाओं तथा सुरक्षा को लेकर की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अपराध नियंत्रण गोष्ठी में भी हिस्सा लिया। उन्होंने सभी थानेदारों को अपने अपने क्षेत्र में रेलवे से जुड़े अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिये हैं। उन्हें बताया गया कि एक कार्ययोजना बनाकर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करें। इसके साथ साथ जनता के साथ पुलिसकर्मियों को व्यवहार को भी लगातार बेहतर बनाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि रेलवे पटरियों पर अपराधियों द्वारा किसी भी तरह की छेड़छाड़ को रोकने के लिए रेल मित्र बनाये जाने का काम तेजी से किया जा रहा है। पटरियों के पास की बस्तियों, गांवों और मोहल्लों में चौकीदारों,ग्राम चौकीदार, ग्राम प्रधानों और संभ्रांत लोगों से बात कर उन्हें रेल मित्र बनाने का काम किया जा रहा है । इनके साथ क्षेत्र विशेष के जीआरपी थाना प्रभारी विशेष संपर्क में रहेंगे ताकि पटरियों पर किसी तरह की छेड़छाड़ की सूचना त्वरित गति से मिल सके।

# श्रमिकों को अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पहला सीतापुर। विकास खंड पहला क्षेत्र की सोसा पौधशाला में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी विक्रमजीत सिंह ने श्रमिकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर संतोष वर्मा ने कहा कि श्रमिक हमारे छोटे-बड़े सभी कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि हमें श्रमिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहिए। साथ ही सुख-दुख में उनका साथ देना चाहिए।वन दरोगा अरविंद कुमार यादव ने कहा कि श्रमिक देश के महत्वपूर्ण अंग हैं। वे अपनी मेहनत और ईमानदारी से बड़े-बड़े कार्यों को पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिकों का समय-समय पर सम्मान करना चाहिए।कार्यक्रम में राम नरेश माली, पवन कुमार माली सहित रमेश कुमार, अवधराम, पूजा देवी, भगीरथ, अरविंद कुमार, विनोद कुमार और अनीता देवी समेत लगभग दो दर्जन श्रमिक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विकास भवन सभागार में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

## जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ, अधिकारियों–कर्मचारियों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर 1 मई 2025 को विकास भवन सभागार में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ उन्हें आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, हृदय रोग आदि के प्रति जागरूक करना रहा।

अभिषेक आनंद द्वारा स्वयं ब्लड प्रेशर जांच कराकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रमिक हमारे समाज की नींव हैं और उनकी सेहत एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। स्वास्थ्य परीक्षण जैसे कार्यक्रम न केवल एक सकारात्मक पहल हैं, बल्कि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर में अनुभवी चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई थी। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने भी अपनी जाँचें कराईं, जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, बीएमआई, ईसीजी आदि परीक्षण शामिल रहे। स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन जैसे विषयों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्री नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं विकास भवन के कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने स्वास्थ्य परीक्षण में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी महोदय ने चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे जागरूकता शिविरों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

# परशुराम जयंती के अवसर पर आयोजित की गई संगोष्ठी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कमलापुर। विकासखंड कसमंडा के अंतर्गत कमलापुर कस्बे में परशुराम जयंती के अवसर पर मां अरुणा ऑटो पार्ट्स प्रतिष्ठान के नेतृत्व में आयोजित की गई संगोष्ठी। उपस्थित क्षेत्र के सम्मानित, वरिष्ठ , संभ्रांत लोगों द्वारा भगवान परशुराम की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करते हुए माल्यार्पण व पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रेरणा स्रोत प्रबुद्धजनो ने भगवान परशुराम के विचारों पर प्रकाश डाला। परशुराम जयंती का सनातन धर्म में विशेष महत्व है. मान्यता है कि भगवान परशुराम, भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं और यह भगवान शिव के परम भक्त माने जाते है. भगवान परशुराम का जन्म माता रेणुका और ऋषि जमदग्नि के घर प्रदोष काल में हुआ था उन्हें चिरंजीवी भी माना गया है. वह अपने माता-पिता के आज्ञाकारी पुत्र थे। इस शुभ अवसर पर अभिषेक मिश्रा ज्ञानेंद्र धनगर छोटू मिश्रा शिवम मिश्रा विजेंद्र सिंह राहुल सिंह अनिकेत सिंह रवि गुप्ता विपुल बाजपेई संदीप शर्मा दिव्यांशु निगम आदर्श नित्यम् शुक्ल आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# देश की जरूरत है एक राष्ट्र एक चुनाव : रमापति राम त्रिपाठी

**एजेंसी**

बलिया। भारत को विकसित देश बनाने के लिए आज एक राष्ट्र एक चुनाव बिल्कुल जरूरी है। आज लगभग सभी बड़े राजनीतिक दल चाहते हैं कि देश में एक राष्ट्र एक चुनाव लागू हो, लेकिन निजी स्वार्थ में कुछेक राज परिवारों को ये रास नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश की 71 प्रतिशत आबादी भाजपा शासित राज्यों में निवास करती है और सभी जगह इस कानून को समर्थन है। ऐसे में सरकार जब चाहे इस कानून को लागू कर सकती है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह सोच है कि जब तक जनमानस इसके लिए जागृत नहीं होगा तब तक इसकी सार्थकता सिद्ध नहीं होगी। ऐसे में प्रबुद्ध वर्ग की यह जिम्मेदारी है कि वह आगे आएं और लोगों को इसकी सार्थकता को बताएं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के साथ परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्य सभा सांसद नीरज शेखर, चेयरमैन संत कुमार गुप्ता, मिठाई लाल व पूर्व मंत्री नारद राय आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वागत भाषण में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि देशहित में एक राष्ट्र एक चुनाव बिल्कुल जरूरी है। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था सबसे सुंदर है और इसे और विकसित बनाने के लिए यह कानून समय की मांग है। गढ़वाल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति लल्लन सिंह ने कहा कि इस कानून के लागू होने के बाद चुनाव का खर्च बिल्कुल ही कम हो जाएगा जिससे देश की आर्थिकी को बल मिलेगा। कहा आज देश में जो चुनाव हो रहा उसमें प्रति व्यक्ति 1400 रुपए का खर्च आता है। आभार व्यक्त जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने किया। इस दौरान सभी ने पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के प्रति दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि व्यक्त किया। संचालन डा.धर्मेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र यादव, विजय बहादुर सिंह, पूर्व प्रमुख गुड्डू राय, रवि राय, छट्ठू राम, अरुण सिंह बंटू आदि मौजूद रहे।

**लैब टेक्नीशियन और लैब असिटेंट के लगभग 1200 पदों पर शीघ्र होगी चयन प्रक्रिया पूरी**

# प्रदेश के सभी मण्डलों में स्थापित होगी फूड एंड ड्रग टेस्टिंग लैब

**कैनविज टाइम्स संवादाता**

- हाई टेक्नालॉजीयुक्त मशीनों की स्थापना के साथ, जुलाई से शुरू हो जाएगा लैब संचालन
- प्रदेश की खाद्य नमूना विश्लेषण क्षमता 36,000 प्रतिवर्ष से बढ़ कर हो जाएगी 1,08,000 प्रतिवर्ष
- ड्रग सैंपल एनालिसिस की क्षमता में भी होगी 450 प्रतिशत की वृद्धि



लखनऊ। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में खाद्य सुरक्षा और दवा गुणवत्ता को मजबूत बनाने के लिए एक विशेष पहल की है। जिसके तहत, प्रदेश के सभी 18 मण्डलों में फूड एंड ड्रग लैब स्थापित की जा रही हैं, जिसमें से 12 मण्डलों के मुख्यालयों पर नई लैब बनाई जा रही हैं। इनमें से लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, अयोध्या, अलीगढ़ और गोरखपुर में नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जहां जुलाई माह तक टेस्टिंग का कार्य शुरू हो जाएगा।

साथ ही इन लैबों में उच्च तकनीकि क्षमता युक्त टेस्टिंग मशीनें लगाई जा रहीं हैं, जो प्रदेश की फूड और ड्रग सैंपल की टेस्टिंग की गुणवत्ता और क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि लाएगा। सीएम योगी का यह प्रयास दवाओं और खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट को दूर कर जन स्वास्थ्य की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

प्रदेश की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की विशेष सचिव रेखा सिंह चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश के सभी 18 मण्डल मुख्यालयों पर फूड एंड ड्रग टेस्टिंग की उच्च तकनीकी क्षमता युक्त लैब स्थापित की जा रही हैं। इस पहल के तहत एक ओर तो प्रदेश में पहले से स्थापित टेस्टिंग लैबों को हाई टेकनालॉजी युक्त बनाया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर 12 मण्डलों में नई लैब बनाई जा रही हैं। इनमें से लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, अयोध्या, अलीगढ़ और गोरखपुर में नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। टेस्टिंग मशीनों के इंस्टालेशन के साथ ही संभवतः जुलाई माह से इन लैबों में सैपंल टेस्टिंग का कार्य शुरू हो जाएगा। बातचीत में उन्होंने बताया कि इससे स्थानीय स्तर पर ही फूड एंड ड्रग सैंपलों की उच्च गुणवत्तायुक्त जांच संभव हो सकेगी। वर्तमान में प्रदेश के लखनऊ, आगरा, मेरठ, झांसी, गोरखपुर और वाराणसी में खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग की सैंपल टेस्टिंग लैब पहले से ही कार्य कर रही हैं। जबकि अलीगढ़, आजमगढ़, प्रयागराज, कानपुर, चित्रकूट, देवीपाटन, अयोध्या, बस्ती, बरेली, मीरजापुर, मुरादाबाद, और सहारनपुर मंडल मुख्यालय में नई लैब बनाई जा रही हैं।

इसके साथ ही राजधानी लखनऊ में विभाग की नई बिल्डिंग का निर्माण हुआ है जिससे अब लखनऊ में खाद्य पदार्थ और ड्रग एनालिसिस अलग-अलग अंतराष्ट्रीय मानकों के आधर पर संभव हो सकेगी। नई टेस्टिंग लैबों के लिए लैब टेक्नीशियन और लैब असिटेंट के लगभग 1200 नये पदों का सृजन हुआ है, जिनकी भर्ती कर्मिक विभाग जल्द ही सुनिश्चित करेगा।

यूपी के सभी संभागों में फूड एंड ड्रग सैंपल टेस्टिंग लैब की स्थापना प्रदेश की दवा और खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट की जांच क्षमता में कई गुना की वृद्धि लायेगा। खाद्य पदार्थों की सैंपल टेस्टिंग की क्षमता लगभग 300 प्रतिशत बढ़कर वर्ष 2016-17 में 36,000 की तुलना में 1,08,000 प्रतिवर्ष हो जाएगी। इसके साथ ही दवाओं की सैंपल टेस्टिंग क्षमता में भी 450 प्रतिशत वृद्धि होगी। नई लैबों की स्थापना से जहां एक ओर प्रदेश की टेस्टिंग क्षमता बढ़ेगी साथ ही इससे स्थानीय स्तर पर खाद्य पदार्थों और दवाओं तेज और सटीक विश्लेषण भी संभव हो सकेगा। जिससे मिलावट और नकली उत्पादों पर नियंत्रण बढ़ेगा, जो न केवल जन स्वास्थ्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है साथ ही ये कदम प्रदेश की आर्थिक तरक्की में भी उल्लेखनीय भूमिका निभाएगा।

# सांसद रामजी लाल सुमन के काफिले पर हुए हमले के खिलाफ सपा ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

## राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम महेंद्र सिंह तंवर को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। समाजवादी पार्टी जिला इकाई कुशीनगर ने जिलाध्यक्ष रामअवध यादव की अगुवाई में कलक्ट्रेट पर घंटों धरना-प्रदर्शन किया। सपा के सांसद रामजी लाल सुमन के काफिले पर हाल ही में हुए हमले के विरोध में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यूपी सरकार में कानून व्यवस्था लचर व दलितों पर अत्याचार का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम महेंद्र सिंह तंवर को सौंपा।जिलाध्यक्ष रामअवध यादव ने कलक्ट्रेट पर धरना सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में आए दिन जनता के उत्पीड़न, हत्या, लूट, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और अराजकता की घटनाएं आम हो गई हैं। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। अपराधियों के हौसले बढ़ गए हैं। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार कानून का शासन स्थापित करने में पूरी तरह विफल हो गई है।

उन्होंने कहा कि बीते कई सप्ताह से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन को करणी सेना द्वारा निरंतर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उनके आवास पर हमला भी किया गया। पांच दिन पूर्व बीते 27 अप्रैल को बुलंदशहर जाते समय अलीगढ़ में उनके काफिले पर करणी सेना ने हमला किया, जिससे कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हुए और लोगों को गंभीर चोटें भी आईं। इस घटना के बाद भी अराजक तत्वों पर शासन व प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की। इससे यह स्पष्ट है कि उन्हें सरकार का खुला संरक्षण प्राप्त है। इससे उत्तर प्रदेश सरकार की दलित विरोधी मानसिकता उजागर होती है। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष इलियास अंसारी व पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री जावेद इकबाल ने यूपी सरकार पर दलितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया।

डीएम को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग की गई कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में बेहाल कानून व्यवस्था, रामजी लाल सुमन के साथ अलोकतांत्रिक व्यवहार सहित प्रदेश में लगातार हो रहे संविधान विरोधी कृत्यों को आपके संज्ञान में ला रही है, जिससे आपके द्वारा संविधान एवं लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में ठोस निर्णय हो। इस दौरान राजेश प्रताप राव बंटी, उदय नारायण गुप्ता, विक्रमा यादव, कैसर जमाल टीटू, डॉ. पीके राय, ऊषा अग्रहरि, बालकृष्ण मिश्र, वीरेंद्र सिंह सैंथवार, विजय प्रकाश यादव, विजेंद्र पाल यादव, सुनील यादव, ओमप्रकाश यादव, मो. आजम, बजरंगी यादव, रामलखन यादव, रामप्रताप कुशवाहा, कैलाश यादव, निठुरी राजभर, पुरंदर प्रताप यादव, इन्दू गोंड़, रेखा पटेल, उपेंद्र यादव, संतोष यदुवंशी, निजामुद्दीन अंसारी, सोनू यादव, हरीलाल यादव, फिरोज अहमद, सद्दाम हुसैन, सोनू पहलवान, भोला यादव, कैलाश कन्नौजिया, राजेन्द्र पाल, राजेन्द्र यादव मुन्ना, मधुर श्याम राय, गेंदा सिंह सैंथवार, बागेश्वर यादव, दिवाकर यादव, अमीरुल्लाह अंसारी, जाकिर हुसैन, छोटेलाल यादव, इजहार अंसारी आदि मौजूद रहे।

# एसपी ट्रैफिक ने थाना एएचटी आजमगढ़ का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक यातायात/ नोडल अधिकारी विवेक त्रिपाठी ने थाना ए.एच.टी. का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आलावां अवकाश व कार्यसरकार के प्रभारी निरीक्षक अभयराज मिश्रा, उ0नि0 उमेश कुमार, उ0नि0 बेचू प्रसाद यादव, हे0का0 बृजेश यादव, म0हे0का0 सरिता पाण्डेय, का0 रोहित मिश्र, का0 आशीष प्रताप सिंह, म0का0 अर्चना तिवारी, हे0का0चालक सतीश कुमार सिंह मौजूद मिले । एसपी ट्रैफिक द्वारा थाने की साफ-सफाई व रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया । रजिस्टरों का रख-रखाव अच्छा पाया गया । थाना परिसर में साफ-सफाई के लिये जमादार रखने हेतु प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन आजमगढ़ से सम्पर्क स्थापित करने हेतु बताया गया । साथ ही प्रभारी कक्ष में सीलन पाये जाने पर तथा थाना ए.एच.टी. में शौचालय की व्यवस्था न होने के कारण प्रभारी कक्ष के मरम्मत व शौचालय की व्यवस्था के लिये स्टीमेट बनाकर रिपोर्ट अलग से प्रेषित करने हेतु बताया गया । एसपी ट्रैफिक द्वारा उ0नि0/विवेचक उमेश कुमार को मु0अ0सं0 265/23 धारा 363 भादवि थाना गम्भीरपुर आजमगढ़ से सम्बन्धित अपहृत की शीघ्र बरामदगी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा बालश्रम उन्मूलन हेतु निर्देशित किया गया कि यदि कोई व्यक्ति नाबालिग बच्चों से काम कराता है तो उसके सम्बन्ध में विधि सम्मत कार्यवाही की जाय ।

# कागज में गश्त, अपराधी मस्त और पुलिस पस्त, प्रभारी निरीक्षक की शिथिलता से चरमराई कानून-व्यवस्था

## तुर्कपट्टी थाना : बढ़ती घटनाओं से नागरिक भयभीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। पुलिस कप्तान संतोष कुमार मिश्र द्वारा अमन-चैन कायम रखने और सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद रखने की सख्त हिदायत के बावजूद तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थिति यह हो गई है कि थानाध्यक्ष राज प्रकाश सिंह की निष्क्रियता के चलते पुलिस का गश्त कागजों तक सिमट कर रह गया है और अपराधी बेलगाम होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।पारंपरिक रूप से शांत माने जाने वाले तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में सजग प्रभारियों के कार्यकाल में अपराध नियंत्रित रहा, लेकिन वर्तमान प्रभारी निरीक्षक के कार्यभार ग्रहण करते ही घटनाओं की बाढ़ आ गई है। 12-13 अप्रैल की रात ग्राम पंचायत राजापाकड़ के बहुरिया टोला में नन्दलाल चौहान के तालाब से दो मोटरपंप चोरी हो गए, जिनका आज तक कोई सुराग नहीं लगा।

इसके महज तीन दिन बाद 17 अप्रैल को गोपलापट्टी निवासी प्रेमचन्द यादव की बंधी हुई गाय चुराने का प्रयास हुआ, जिसमें परिजनों की सजगता से चोर भाग निकले। इसके बाद लाला गुरवलिया बाजार में प्रेम प्रसंग के विवाद में युवक द्वारा टेंपो चालक पर जानलेवा हमला किया गया, लेकिन पुलिस काफी देर से मौके पर पहुँची। 18 अप्रैल को कोरया गांव निवासी संजय पटेल की बाइक तुर्कपट्टी बाजार से चोरी हो गई, वहीं 29 अप्रैल की रात देवपोखर में चोरों ने दो दुकानों के ताले तोड़कर नगदी व सामान पार कर लिया। इन सभी घटनाओं में पुलिस न तो अपराधियों तक पहुँच पाई है और न ही पीड़ितों को न्याय दिला सकी है। क्षेत्रीय जनता का विश्वास पुलिस व्यवस्था से उठता जा रहा है। थाना परिसर में जमे सिपाहियों की मिलीभगत से अवैध कारोबार चरम पर है। कहासुनी के मामलो में दोनों पक्षों से पैसे वसूलकर समझौता कराने के सैकड़ों उदाहरणों में खलवापट्टी निवासी नन्दलाल कुशवाहा का मामला ताजा प्रमाण है। क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी खुलेआम हो रही है, यहाँ तक कि टाफी-बिस्कुट की गुमटियों तक में गांजा बिक रहा है। शराबी सरेआम मुख्य सड़कों पर बैठकर मद्यपान कर रहे हैं, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। प्रभारी निरीक्षक की घोर लापरवाही, उदासीनता और अकर्मण्यता के चलते आमजन असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है।

# डॉक्टर ओमप्रकाश द्विवेदी ओम विभिन्न सम्मानों से सम्मानित

## जनपद देवरिया एवं कुशीनगर का बढ़ाया मान पडरौना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। हिन्दी साहित्य भारती गोरक्ष प्रान्त व निराला शब्द संवाद मंच के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार डॉ ओमप्रकाश द्विवेदी ओम ने दिल्ली स्थित गान्धी शान्ति प्रतिष्ठान के गान्धी सभागार मे अपने साहित्यिक यात्रा से नित्य नये सोपान के क्रम में विविध सम्मानों नवाजे जाने पर जनपद कुशीनगर व देवरिया का मान बढ़ाया है। साहित्यकारों मे हर्ष व्याप्त है।


उक्त आशय की जानकारी उक्त दोनों संगठनो के महासचिव शिक्षाविद डॉ संजय मिश्र ने जारी विज्ञप्ति मे दी है। डॉ मिश्र ने बताया है कि डॉ द्विवेदी पेशे से शिक्षक रहे है और निः शुल्क शिक्षण कार्य मे आज भी रत है। पत्रकारिता अनवरत जारी है। साहित्य साधना मे लीन डॉ द्विवेदी को साझा संकलनों मे उत्कृष्ट साहित्यिक रचना प्रकाशन, उत्कृष्ट कविता पाठ के लिए विभिन्न साहित्य समूहों व प्रकाशनों ने दी है। लखनऊ मे एस एस पी शिक्षण संस्थान कृष्णा नगर संस्थान के सभागार मे आर्या पब्लिकेशन व काशी हिन्दी विद्यापीठ द्वारा भगवान् परशुराम श्री सम्मान द्वारा सम्मानित किया गया। वही रायबरेली मे साहित्य शिरोमणि सम्मान तथा काव्य हिन्दुस्तान अन्तर्राष्ट्रीय साहित्यिक संस्थान मुजफ्फरपुर द्वारा दिल्ली के गान्धी शान्ति प्रतिष्ठान के गान्धी सभागार मे राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर सम्मान, संत शिरोमणि तुलसी दास सम्मान व आचार्य जानकी बल्लभ शास्त्री साहित्य शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सभी सम्मान उत्कृष्ट कविता पाठ, साझा संकलनों मे रचना सहभागिता के फलस्वरूप डॉ द्विवेदी ओम को प्राप्त हुआ है।

डॉ मिश्र ने आगे बताया है कि जनपद के साहित्यकार डॉ शिवनाथ सिंह शिव, डॉ इन्द्रेश भदौरिया, डॉ रेखा शर्मा, उत्तम शर्मा, डॉ पारसनाथ श्रीवास्तव, डॉ विनोद कुमार हसौड़ा, डॉ असीम श्रीवास्तव, प्रमोद मिश्र निर्मल, इन्द्रजीत तिवारी निर्भिक, सौरभ पाण्डेय आदि के प्रति आभार व्यक्त किया है जो डॉ द्विवेदी के प्रतिभा को परखा है।

# रात में खनन दिन में कटान, आंखें मूंदे हुए अफसर, जनता हैरान

## प्रतिबंधित पेड़ों की कटान और अवैध खनन का गढ़ बना महराजगंज क्षेत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पुलिस की मिली भगत के चलते अवैध खनन व अवैध कटान जोरो पर है, खनन माफिया आए दिन रात के अंधेरे में जेसीबी व डंफर की मदद से धरती को छलनी करते हुए देखे जा रहे हैं। वहीं अवैध कटान का भी सिलसिला क्षेत्र में बदस्तूर जारी है, बताते चलें कि जहां एक ओर प्रदेश की योगी सरकार खनन माफियाओं पर नकेल कसने के लिए पूरी तरह से तत्पर है, और जिम्मेदारों को समय-समय पर शासन से प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश भी दिए जाते हैं, लेकिन कोतवाली पुलिस सारे आदेशों और निर्देशों को रौंद रही है, और मनबढ़ खनन माफिया व वन माफिया अवैध कार्यों को बखूबी अंजाम दे रहे हैं, और उन्हें भरपूर संरक्षण भी प्रदान किया जा रहा है।जिसके फलस्वरूप शाम होते ही रात्रि के अंधेरे में खनन माफिया बेखौफ होकर धरती का सीना छलनी करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं, ज्ञात हो कि बीती रात महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कुसढ़ी सागरपुर गांव के तिराहे पर जेसीबी व डंपर द्वारा क्षेत्र के बेलवा संपर्क मार्ग से सैकड़ो ट्रॉली मिट्टी खोदकर खनन माफिया ने शासन और प्रशासन को खुली चुनौती दी है तथा बीते एक सप्ताह के अंदर कोतवाली क्षेत्र के चरी का पुरवा व रनागंज सहित कई गांवों में अवैध खनन किया गया है, सूर्यास्त होते ही खनन माफिया अवैध खनन करने में मशगूल हो जाते हैं, इलाकाई लोगों का कहना है कि कोतवाली पुलिस की मिली भगत के चलते ही यह अवैध खनन का कार्य चल रहा है।

# मां की तेरहवीं के खर्च को लेकर पिता से विवाद, पुत्र ने पिता की लाठी से पीटकर की हत्या, गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिले के अहिरौला थाना क्षेत्र के सारन गांव में लाठी डंडे से पीट कर पिता की हत्या का मामला सामने आया है। यह घटना उस समय हुई जब पिता पुत्र में मां की तेरहवीं को लेकर चर्चा चल रही थी। इसी बीच पिता पुत्र में विवाद हो गया। और गुस्से में आए बेटे ने लाठी से अपने पिता राम लौटन राजभर के सिर पर हमला कर दिया। इस हमले में राम लौट गंभीर रूप से घायल हो गए। और कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। इस मामले की सूचना आसपास के लोगों ने थाने की पुलिस को दी।। मौके पर पहुंची पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जबकि घटना के आरोपी बेटे विजय राजभर 36 को हिरासत में ले लिया गया है। इस पूरे मामले में एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि मृतक राम लौट राजभर की पत्नी की 8 दिन पूर्व मौत हो गई थी। ऐसे में 13वीं को लेकर तैयारी चल रही थी। इसी बात को लेकर बाप बेटे में पहले कहा सुनी हुई। और इसी दौरान बहस होने लगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक का बेटा विजय राजभर नशे का भी आदी है।

ऐसे में वह नशे में ही रहता था। इसी कहासुनी के दौरान लाठी डंडे से पिता के सिर पर हमला कर दिया और तब तक हमला किया जब तक मौत नहीं हो गई। इसके साथ ही सर को कुचला भी गया है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। वहीं घटना के बाद से परिवार के सभी सदस्य मौके से फरारहो गए हैं। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि घटना के आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। एसपी ग्रामीण चिराग जैन का कहना है कि आरोपी के विरुद्ध मामले में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ शिविर



रायबरेली। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राज कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में श्रमिकों के विधिक अधिकार विषय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली व श्रम विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विशाखा इण्ड्रस्ट्रीज बछरावाँ में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। अनुपम शौर्य अपर जिला जज सचिव/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिविर में उपस्थित श्रमिकों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरुक करते हुए बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय मज़दूर दिवस हर साल 1 मई को मनाया जाता है। इस दिन उद्देश्य मज़दूरों के अधिकारों और उपलब्धियों को उजागर करना है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस श्रमिकों के अधिकारों और स्थितियों की वर्तमान स्थिति पर विचार करने का दिन है। यह दिवस उचित वेतन, सुरक्षित कार्य वातावरण, उचित कार्य घंटे और शोषण के उन्मूलन की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। यह दिन श्रमिकों के बीच एकता के महत्व और सकारात्मक बदलाव लाने में सामूहिक कार्रवाई की भूमिका पर भी जोर देता है। जागरुकता शिविर में उपस्थित श्रमिकों को जानकारी प्रदान की गयी कि उन्हें कभी भी किसी प्रकार की विधिक सहायता की आवश्यकता होने पर वह ए0डी0आर0 सेन्टर छजलापुर स्थित कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में उपस्थित होकर विधिक सहायता प्राप्त कर सकते है।

## अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर जागरूकता गोष्ठी, कार्यशाला आयोजित

रायबरेली। सहायक श्रमायुक्त आरएल स्वर्णकार ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर जनपद रायबरेली में विधिक जागरूकता गोष्ठी एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम एवं श्रमिक पंजीयन कैम्प का आयोजन विशाका इण्डस्ट्री परिसर बछरावों में प्रातः 11 बजे से किया गया कार्यक्रम का संचालन एस0एस0 पाण्डेय, द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली अनुपम शौर्य, सहायक श्रमायुक्त रायबरेली राम लखन स्वर्णकार में विशाका इण्डस्ट्रीज लिमिटेड बछरावों के वर्क मैनेजर अनिल मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से श्रमिक पंजीयन शिविर का उदघाटन किया गया। आयोजित कार्यकम में अनिल मिश्रा वर्क मैनेजर द्वारा उपस्थित सभी श्रमिकों का स्वागत करते हुये श्रमिको के हितार्थ दी जाने वाली सुविधाओ के विषय में जानकारी दी गयी।

# डीएम ने अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का फीता काटकर किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिले के जिलाधिकारी ने समस्त निर्माण श्रमिकों को अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपद आजमगढ़ में लगभग 03 लाख 42 हजार निर्माण श्रमिक पंजीकृत हैं और इससे भी ज्यादा श्रमिक ई श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हैं। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा आप लोगों के लिए बहुत सारी योजनाएं चलायी जा रही है तथा श्रम विभाग का यह दायित्व है कि वे सरकार की उन योजनाओं का लाभ आप तक पहुंचायें।

उन्होने कहा कि पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए जनपद में अटल आवासीय विद्यालय गम्भीरवन का निर्माण किया गया है। उन्होने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय में अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए अधिक से अधिक आवेदन करें। उन्होने कहा कि पंजीकृत श्रमिकों के दुर्घटना होने पर वित्तीय सहायता एवं कन्या विवाह आदि के लिए वित्तीय सहायता श्रम विभाग द्वारा दी जाती है। उन्होने कहा कि आज जो कार्यक्रम आयोजित किया गया है, उसका तीन मुख्य उद्देश्य है, जिसमें हमारे समाज में मजदूर का क्या योगदान होता है, उसको याद करने का दिन होता है। अगर मजदूर मेहनत न करें तो दुनिया नही चलेगी, चाहे खेत में काम करने वाले श्रमिक हों, चाहे निर्माण श्रमिक हों, चाहे कल कारखानों में काम करने वाले मजदूर हों, या अन्य जगहों पर कार्य करते हों। उन्होने कहा कि जिन श्रमिकों ने समाज में अच्छा कार्य किया है, आज उन लोगों को सम्मानित किया गया है, मैं आशा करता हुं कि आगे और भी निर्माण श्रमिकों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा जितनी भी योजनाएं चलायी जा रही हैं, उनमें जिन-जिन योजनाओं के लिए जो पंजीकृत श्रमिक पात्र हैं, उन सभी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार ने जीरो पावर्टी अभियान चलाया है, जिसके अन्तर्गत एक ग्राम पंचायत के सबसे गरीब 25 परिवारों को चिन्हित कर जिनको सरकार की योजनाओं का लाभ नही मिला है, उन सबको सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। उन्होने श्रमिकों से कहा कि आप सभी योजनाओं के बारे में जागरूक होकर उसका लाभ उठायें। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत रू0 05 लाख तक ऋण 04 वर्ष के लिए बिना किसी ब्याज के मिलेगा, इसमें 10 प्रतिशत सब्सिडी भी दी जाती है। योजना का लाभ लेने के लिए उपायुक्त कार्यालय में जाकर ऋण के लिए आवेदन करना होगा। जिलाधिकारी ने श्रमिकों से अपील किया कि श्रम विभाग द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें एवं अपना जीवन, अपने परिवार एवं अपने बच्चों का जीवन संवारें।इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजनान्तर्गत धीरज पुत्र मुखराम को रू0 26 हजार, निशा राजभर पत्नी रामनवल राजभर को रू0 31 हजार, करन पुत्र रामबचन को रू0 26 हजार, सत्यभामा पुत्र चन्द्रभान को रू0 31 हजार, अनीस पुत्र बीरबल को रू0 31 हजार, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजनान्तर्गत चन्द्रशेखर पुत्र स्व0 बृजेश, शर्मिला देवी पत्नी स्व0 रामचन्द्र, उषा पत्नी स्व0 रामलाल एवं अनीता पत्नी स्व0 छन्नू को 20-20 हजार, कन्या विवाह सहायता योजनान्तर्गत सुमित्रा देवी, श्रीमती दुलारी पत्नी रामदेव, श्रीमती शीला पत्नी द्वारिका, श्रीमती विमला देवी पत्नी सुबाष, श्रीमती पन्ना देवी पत्नी सुरेन्द्र को 55-55 हजार रू0 का हितलाभ प्रमाण पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मा0 सदस्य एससी/एसटी आयोग श्री तेजा राम, उप श्रमायुक्त श्री राजेश कुमार, सहायक श्रमायुक्त समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सीडीओ ने कौशल विकास संस्थान व आईटीआई का किया निरीक्षण



रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने जनपद में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अन्तर्गत संचालित राजकीय प्रशिक्षण केन्द्र कौशल विकास संस्थान का निरीक्षण किया गया। उन्होंने संस्थान में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों से वार्ता कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान कौशल विकास संस्थान के सीईओ एएम त्रिपाठी, प्रिन्सिपल योगेन्द्र मिश्रा, जिला समन्वयक विवेक कुमार तिवारी, एमआईएस प्रबन्धक राजीव कुमार सिंह, धर्मेन्द्र मिश्रा एवं अन्य उपस्थित रहे। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गोरा बाजार रायबरेली का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने आईटीआई में कराई जा रही ट्रेनिंग के साथ-साथ परिसर में संचालित टाटा टेक्नॉलाजी लिमिटेड में चल रही ट्रेनिंग का भी विस्तारपूर्वक जानकारी ली गयी। निरीक्षण के दौरान नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई रायबरेली विवेक कुमार तिवारी, प्रधानाचार्य आईटीआई बछरावां अभिषेक, प्रधानाचार्य आईटीआई ऊँचाहार पवन कुमार मिश्रा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अन्त में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कौशल प्रशिक्षण और अधिक प्रभावी तरीके से सिखाने हेतु प्रोत्साहित किया गया ।

# गोण्डा–बहराइच रोड महादेव धर्म कांटे के पास जाम से नहीं मिल रही निजात

**शहर में लगभग तीन सौ से अधिक कॉम्पलेक्स व प्रतिष्ठान मुख्य सड़क पर है लेकिन किसी में भी पार्किंग की व्यवस्था का इंतजाम नहीं है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में वाहनों के अतिक्रमण से पूरा शहर जूझ रहा है। जिसने जहां चाहा वहीं वाहन पार्क कर दिया। जिला महिला अस्पताल के सामने तो हर रोज एंबुलेंस जाम में फंस जाती है जिससे मरी जों की जान पर बन आती है। लेकिन अतिक्रमण हटवाने को लेकर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

प्रतिदिन लोगों को सुबह से लेकर शाम दो घंटे तक जाम से जूझना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय में नगर क्षेत्र में लगभग तीन सौ से अधिक कॉम्पलेक्स व प्रतिष्ठान सड़क से बिल्कुल सटे हुए हैं लेकिन किसी में भी पार्किंग की व्यवस्था का इंतजाम नहीं है।

जिसके चलते लोग सामान खरीदने के बहाने सड़कों पर गाड़ियां पार्क कर चले जाते हैं।वहां भीषण जाम लग जाता है और वाहनों के हॉर्न का शोर गूंजता रहता है।यह जाम तभी खुलता है जब पुलिस आती है और घंटों मशक्कत करती है।शु क्रवार को जिला महिला अस्पताल के सामने संचालित एक शॉपिंग मॉल के सामने दर्जनों बाइक खड़ी रहीं।वहीं, पटरी पर फल व ठेला वालों का कब्जा है।जिसके चलते गुरुनानक चौराहा से लेकर चौक बाजार तक लंबा जाम लगा रहता है इसी जाम में एंबुलेंस फंसी रहती है।इस दौरान पुलिस का कोई कर्मी भी दिखाई नहीं पड़ा।इसी तरह एल बीएस चौराहे से लेकर रेलवे स्टेशन तक जगह-जगह जाम की स्थिति दिखाई पड़ी।

## पुलिस की लापरवाही भी एक कारण

बड़गांव पुलिस चौकी से लेकर कुंवर टॉकीज के ओवर ब्रिज तक महादेव धर्म कंाटे के पास तक आए दिन जाम लगा रहता है इसमें आए दिन एंबु लेंस तक फंसी रहती हैं।झंझरी ब्लॉक जाने वाली सड़क पर अवध टैक्सी स्टैंड वालों का कब्जा है स्थानीय लोगों ने बताया कि जाम का प्रमुख कारण ये अवैध टैक्सी स्टेण्ड भी रही।

## सड़क पर खड़े वाहनों के हो रहे चालान

शहर के चौक चौराहों पर लगने वाले जाम को रो कने के लिए यातायात पुलिस काम कर रही है। सुबह शाम स्कूल और ऑफिस के समय ट्राफिक का लोड बढ़ जाता है।इससे कहीं-कहीं जाम भी लगता है।यातायात पुलिस की टीम को इसके निर्देश दिए गए हैं। सड़क पर वाहन पार्क करने वाले वाहनों का चालान किया जा रहा है।

## मजदूर दिवस पर सूरजकुंड पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

गोरखपुर। मजदूर दिवस को सूरजकुंड में कांग्रेस नेता इंजीनियर संतोष कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मनाया गया।इस अवसर पर इंजीनियर संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि हर साल एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। इस दिन मजदूरों के हक के लिए लोगों को जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत में मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत 1923 में हुई थी। हर साल 1 मई को पूरी दुनिया में ''मजदूर दिवस'' को ''अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस'' के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मई दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। यह दिन मजदूरों और श्रमिकों के समर्पण, अधिकारों और संघर्षों को समर्पित है। इस दिन मजदूरों के अधिकारों के लिए लोगों को और खुद मजदूरों को भी जागरूक करने की कोशिश की जाती है। मिश्र ने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि आखिर मजदूर दिवस को मनाने की जरूरत क्यों पड़ी और इसके लिए एक मई का दिन ही क्यों चुना गया। दरअसल इस दिन को मनाने के पीछे एक ऐतिहासिक और बेहद अहम घटना छिपी है, जिसने दुनिया भर के मजदूरों के जीवन को बदल दिया। उन्होंने कहा कि एक मई को मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत 19वीं शताब्दी में हुई थी।

# पेरी–अर्बन गावों में चला वृहद स्वच्छता अभियान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार एवं मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में 43 पेरी-अर्बन ग्रामों में एक दिवसीय वृहद स्वच्छता एवं स्वास्थ्य परीक्षण अभि यान संचालित किया गया।उक्त अभियान के अंतर्ग त ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थलों,नालियों एवं सड़कों की साफ-सफाई कराई गई तथा रोगों की रोकथाम हेतु फॉगिंग कार्य भी सम्पन्न कराया गया।अभियान के दौरान ग्राम पंचायतों से कुल 5963, रूपये का स्वच्छता शुल्क एकत्र किया गया जिससे ग्रामीणजन की सहभागिता सुनिश्चित हुई।यह अ भियान न केवल स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ,अपितु श्रमिकों के सम्मान में स्वास्थ्य संबंधी पहल के रूप में भी मह त्वपूर्ण रहा।सफाई कार्यों के साथ-साथ सफाईक र्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हलधरमऊ में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें उपस्थित कर्मियों की प्राथ मिक स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।इसी क्रम में कर्नलगंज विकास खंड के अंतर्गत नारायणपुर माझा एवं ढेमा ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय राज मार्ग की भी सफाई कराई गई।

# जेई की पत्नी ने पति पर लगाए गंभीर आरोप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में जल निगम विभाग में तैनात अवर अ भियंता धर्मेंद्र कुशवाहा पर उनकी पत्नी माया मौ र्या ने गंभीर आरोप लगाए हैं।माया ने अपने पति समेत चार लोगों के खिलाफ महिला थाने में केस दर्ज कराया है।आरोपों में दहेज प्रताड़ना,मारपीट, हत्या की कोशिश और बहन से अवैध संबंध जैसी गंभीर बातें शामिल हैं।बॉक्स जेई पति पर बहन से अवैध संबंध का आरोपपीड़िता माया मौर्या ने बताया कि वह अपने पति धर्मेंद्र के साथ पोर्टरगंज पथवलिया इलाके में रहती थीं।आरोप है कि उनके पति का उनकी ही छोटी बहन के साथ अवैध संबंध था। 28-29 मार्च की रात जब माया बेटी को पानी पिलाने के लिए उठीं, तो उन्होंने पति और बहन को एक ही कमरे में आपत्तिजनक हालत में देख लिया।बॉक्स विरोध करने पर सास, मां और बहन का हमलामाया के मुताबिक,जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उनकी सास कंाति कुशवाहा,मां शोहरत देवी और छोटी बहन ने उन्हें सुबह बातचीत का बहाना देकर शांत कराया।लेकिन अगली ही सुबह सभी ने मिलकर उनके साथ मारपीट की और घर से निका ल दिया।पीड़िता ने आरोप लगाया कि धर्मेंद्र ने उन्हें फर्श पर पटक दिया और लात,मुक्कों,थप्पड़ों और डंडे से जमकर पीटा।

साथ ही, सभी आरोपियों के ललकारने पर उसका गला दबाकर हत्या की कोशि श भी की गई।जब पत्नी माया ने घटना का वीडि यो बनाना चाहा तो उसका मोबाइल छीनकर पटक दिया गया जिससे सबूत न जुटाया जा सके।जेई की पत्नी माया मौर्या ने बताया कि उन्होंने पहले महिला थाने और नगर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की।बाद में उ न्होंने बस्ती पुलिस अधीक्षक से गुहार ल गाई जिसके बाद मामला संज्ञान में आया।बॉक्स महिला थाने में मुकदमा दर्ज,जांच में जुटी पुलिसबस्ती पुलिस अधीक्षक के आदेश पर महिला थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 85, 351(3), 115(2), 324(4) और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत धर्मेंद्र कुशवाहा,सास कंाति कुशवाहा,मां शोहरत देवी और छोटी बहन के खि लाफ केस दर्ज कर लिया गया है।मामले की जांच उप निरीक्षक शालिनी सिंह को सौंपी गई है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को करें सुदृढ़ मिलें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं

गोरखपुर। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक विकास भवन सभागार में बुधवार की शाम सम्पन्न हुई। जिला विकास अधिकारी राज मणि वर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जिले भर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की सेवाओं को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। इसी क्रम में सीएमओ भी ने गुरूवार को गोला सीएचसी और ऊरवा पीएचसी का भी निरीक्षण किया और समुदाय हित में कई विशेष निर्देश दिये।समिति की बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी राज मणि वर्मा द्वारा दिशा निर्देश दिया गया कि समुदाय को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएं। इसके लिए पर्याप्त प्रचार प्रसार हो। साथ ही नवाचारों पर विशेष जोर दिया जाए। सभी अस्पतालों पर समर्पित भाव से सेवाएं दी जाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे।

# आईजी ने कहोबा चौकी प्रभारी को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। कहोबा चौकी प्रभारी वीरेंद्र शुक्ल व दो ह मराही आरक्षियों को जब उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तो तीनों पुलिस कर्मियों का सीना गर्व से चौड़ा हो गया।आईजी ने पुलिसकर्मियों के कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए शाबाशी दी।बताते चलें कि बीते 20 अप्रैल की देर रात अपने पति,देवर व बेटियों के साथ मुंबई से लौटी बलरामपुर जिले के सादुल्लाहनगर क्षेत्र की रहने वाली महिला अपने घर जाने के लिए रोडवेज बस स्टैंड पर एक ऑटो बुक कराया,जिस पर स वार होकर पूरा परिवार सादुल्लाहनगर के लिए रवाना हुआ।

रोडवेज बस स्टैंड से ही बाइक सवार तीन संदिग्ध युवक आटो का पीछा कर रहे थे।इ सका आभास होने पर महिला ने आटो चालक से बार-बार पूछा कि आखिर उसका पीछा कर रहे बाइक सवार कौन हैं,लेकिन ड्राइवर ने कोई जवाब नहीं दिया।इस पर महिला, उसका पति,देवर व बे टियां किसी अनहोनी से डर गये।आटो जब दर्जी कुआं से मनकापुर रोड पर चला तो इस परिवार की किसी अनहोनी की चिंता बढ़ने लगी।इस दौ रान आटो मोतीगंज थाने की कहोबा चौकी के पास पहुंचा तो महिला ने सूझ-बूझ से काम लेते हुए आवाज लगा दी।इस पर वहां मौजूद चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार शुक्ला अपने हमराही आरक्षी रमेश यादव व सचिन कुमार के साथ तुरंत हरकत में आ गए और त्वरित कार्रवाई करते हुए हमराही संग बाइक सवार युवकों का पीछा किए। इस पर तीनों युवक बाइक छोड़कर भाग गए। महिला की सूझबूझ तथा कहोबा चौकी प्रभारी वीरेंद्र शुक्ल व हमराही आरक्षियों की तत्परता से बड़ी घटना होने से बच गयी। कहोबा पुलिस ने महिला एवं उसके परिजनों को सकुशल प्राइवेट वाहन से उनके घर भेजा गया।आईजी अमित पाठक ने कहा कि क होबा चौकी प्रभारी वीरेंद्र शुक्ल द्वारा किए गए उपरोक्त कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की जाती है। अपेक्षा की जाती है कि भविष्य में भी इसी प्रकार से उनका सहयोग पुलिस विभाग एवं आम जनमा नस को प्राप्त होता रहेगा और अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते रहेंगे।वहीं दूसरी तरफ,कहोबा चौकी प्रभारी वीरेंद्र शुक्ल के इस साहसी कार्य की क्षेत्र में भी खूब सराहना की जा रही है और लोगों द्वारा उन्हें तथा हमराही आरक्षि यों को आईजी अमित पाठक द्वारा सम्मानित किए जाने पर बधाई भी दी जा रही है।

# डीएम ने अमीनपुर नगरौर स्थित वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी ने थारू जनजाति महिला विकास समिति गोण्डा द्वारा संचालित वृद्धाश्रम अमीनपुर नगरौर का औचक निरीक्षण कर आश्रम की साफ-सफाई, संवासित वृद्धजनों के रहने, नाश्ते, भोजन व उनके स्वास्थ्य सहित विभिन्न व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का जायज़ा लिया। वृद्धाश्रम के निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम के प्रबंधक दिलीप कुमार द्विवेदी ने बताया कि वृद्धाश्रम की कुल क्षमता 150 है। डीएम ने वृद्धजनों से आज सुबह के नाश्तें व दोपहर के भोजन में दी गयी खाद्य सामग्री के बारे में जानकारी ली। वृद्धजनों की ओर से बताया गया कि हलुआ, चाय, दोपहर के भोजन में पूड़ी, आलू परवल की सब्जी, कढ़ी, चावल, सलाद परोसा गया है।वृद्धाश्रम के कक्ष-कक्षों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने एक-एक वृद्धजन से पूरी आत्मीयता के साथ कुशलक्षेम पूछा तथा परिजनों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने गर्मी के दृष्टिगत कूलर, फैन इत्यादि की व्यवस्था किये जाने तथा समय-समय बिस्तरों की सफाई व बेडशीट बदलवाये जाने के निर्देश दिये तथा मनोरंजन कक्ष के निरीक्षण के दौरान टीवी भी चलवाकर देखा और उसमें भक्ति व न्यूजन के चौनलों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

डीएम ने वृद्धजनों से संवाद करते हुए वृद्धाश्रम द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का फीड बैक भी प्राप्त किया। वृद्धजनों द्वारा आश्रम की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया गया। डीएम ने कहा कि वृद्धाश्रम में संवासित सभी माता-पिता तुल्य बुज़ुर्गों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं प्रदान की जायें। डीएम ने निरीक्षण के दौरान सीएमओ को मोबाइल पर निर्देश दिया कि वृद्धजनों के आंख, कान, दांत, हड्डियां, घुटने, पैरों में सूजन, मानसिक स्वास्थ्य आदि से संबंधित चिकित्सकों की टीम सहित वृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन कर सभी बुज़ुर्गों की फुल बॉडी की जांच करायें तथा परीक्षण रिपोर्ट के आधार उनके लिए आवश्यक औषधि व चिकित्सा व्यवस्था का प्रबन्ध किया जाय तथा आवश्यकता के अनुसार उन्हें चश्में, बत्तीसी, कान की मशीन इत्यादि का वितरण भी कराया जाय।

# गोंडा के बुजुर्गों को घर पर ही मिलेगी नर्सिंग केयर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। यशोधरा हेल्थ एंड वैलनेस ट्रस्ट श्रावस्ती के तत्वावधान में वरिष्ठ जन के लिए ''ईवकेयर डाट को'' द्भफ्द्ध-दथन्द्ध.दध नाम से एक डिजिटल प्लेट फॉर्म की स्थापना की गई है।इसके माध्यम से असक्त व निराश्रित बुजुर्गों को मात्र दस मिनट में ही उनके घर पर मेडिकल एवं नॉन मेडिकल सेवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था होगी।

इस परियोजना को गोंडा में मूर्त रूप देने के लिए एससीपीएम पैरामेडिकल कॉलेज के नर्सिंग के छात्र एवं छात्रा ओं के साथ पांच घंटे की कार्यशाला तीन सत्रों में संपन्न हुई।कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में डॉक्टर ए.पी.सिंह पूर्व सीएमओ ने एल्डरली एवं पैलिएटिव केयर के बारे में विस्तृत रूप से जानका री दी।

बताया कि जो बुजुर्ग अपने बीमारी के अंति म अवस्था में हो अथवा असक्त हो उनके शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु यह ट्रस्ट जन सहयोग से काम करेगा। कार्य शाला को संपन्न कराने में ट्रस्ट के संरक्षक प्रो.फ़ेसर ओंकार पाठक का विशेष योगदान रहा।इस कार्य में प्रधानाचार्य डॉक्टर कला सेल्वी जेवियर्स तथा उनके प्रबंधन के लोगों,खासकर धीरज दूबे का सहयोग सराहनीय रहा।

## तहसील मिहींपुरवा में संचालित हुआ अतिक्रमण हटाओ अभियान



बहराइच । उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) ने बताया कि तहसील अन्तर्गत भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 10 कि.मी. में सरकारी भूमि पर चिन्हित अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने हेतु ग्राम लालपुर चंदाझार, हंसुलिया व विश्राम गांव में 05 गाटा से अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया तथा 15 लोगों के विरूद्ध बेदखली की कार्यवाही हेतु तहसील न्यायालय में वाद दाखिल कराया गया। इसी प्रकार ग्राम कंजड़वा के अन्तर्गत जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की मौजूदगी में अवैध रूप से संचालित मदरसे को सीज़ कराया गया तथा बेदखली की कार्यवाही हेतु तहसील न्यायालय में वाद दाखिल कराया गया। एसडीएम ने बताया कि आज संचालित किये गये अभियान के दौरान 3.5 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण से मुक्त करायी गयी है।एसडीएम मिहींपुरवा (मोतीपुर) ने बताया कि 24 अप्रैल से संचालित अभियान अन्तर्गत चिन्हित कुल 157 अवैध अतिक्रमण के सापेक्ष अब तक 26 को हटवा कर कुल 6.25 हेक्टेयर भूमि मुक्त करायी जा चुकी है तथा कुल 35 लोगों के विरूद्ध बेदखली का वाद तहसीलदार कोर्ट पर दाखिल किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान उप जिलाधिकारी, थानाध्यक्ष, नायब तहसीलदार, एसएसबी, पुलिस व राजस्व की टीम मौजूद रही।

## मरम्मत कार्य केकारण 2 मई को बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

बहराइच। विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम बहराइच के उपखण्ड अधिकारी महेन्द्र कुमार ने बताया कि 02 मई 2025 को 33/11 के.वी. विद्युत उप केन्द्र परसौरा से पोषित 11 के.वी. फीडर अवध साल्वेक्स (स्वतन्त्र फीडर) लाइन मरम्मत व इंटरपोलिंग कार्य, 33/11 के.वी. विद्युत उप केन्द्र डीज़ल पावर हाउस के क्षेत्र में छतिग्रस्त वीसीवी को बदलने के कारण डीज़ल पावर हाउस से पोषित समस्त फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के कारण दरगाह, नुरूद्दीनचक, बख्शीपुरा, चांदमारी, गल्लामण्डी, हनुमानपुरी कालोनी, फ्रीगज, छावनी, डिगिहा तिराहा व अग्रसेन चौक इत्यादि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक बाधित रहेगी। इसी प्रकार 33/11 के.वी. विद्युत उप केन्द्र कल्पीपारा वीसीवी एवं पी.टी. स्थापित किये जाने के कारण उक्त फीडर से पोषित समस्त फीडरों की विद्युत आपूर्ति पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक बाधित रहेगी। जिससे समस्त औद्योगिक फीडर, घोसियाना दरगाह, गल्लामण्डी, फलमण्डी, आसाम चौराहा, पहाड़ा पक्कड़, पलरीबाग, महराजगंज व सगरा आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## वन स्टाप सेंटर के निरीक्षण में डीएम को बेपटरी मिली व्यवस्थाएं

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सलारगंज सिथत वन स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षक किया। निरीक्षण के दौरान सेंटर की साफ-सफाई, उपस्थिति पंजिका, पीड़ित महिला आमद पंजिका, रसोईघर, स्टाक सहित अन्य पंजिकाओं का निरीक्षण किया। सेंटर का साफ-सफाई तथा अभिलेखों का रख-रखाव सही न पाये जाने पर डीएम ने केन्द्र प्रशासक रचना कटियार को हटाये जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान दोपहर के भोजन में विलम्ब होने तथा भोजन से सम्बन्धित शासनादेश भी केन्द्र पर उपलब्ध न पाये जाने पर डीएम ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान भोजन सामग्री क्रय इत्यादि की टेण्डर प्रक्रिया में शिथिलता बरतने व अत्यधिक विलम्ब होने एवं पर्यवेक्षण कार्य में लापरवाही बरतने के दृष्टिगत जिला प्रोबेशन अधिकारी के विरूद्ध शासन को पत्र लिखे जाने का भी निर्देश दिया।

## महात्मा गांधी पी जी कालेज में प्रवेश के लिये फार्म जारी

गोरखपुर । सत्र 2025 - 26 के लिए स्नातक स्तर पर बी.एस-सी. (मैथ और बायो ग्रुप), बी. एस-सी . (गृह विज्ञान), बी. कॉम. , बी. सी. ए. एवं बी.बी.ए. हेल्थ केयर मैनेजमेंट तथा स्नातकोत्तर स्तर पर एम. एस. सी. गणित, भौतिकी, रसायन, वनस्पति एवं जन्तु विज्ञान प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र भरे जा रहे है । उक्त जानकारी देते हुए महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो उमेश कुमार गुप्त ने बताया कि प्रवेश फार्म के लिए किसी भी कार्य दिवस मे अभ्यर्थी महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन से कार्यालय अवधि में प्रवेश आवेदन पत्र प्राप्त कर, प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं।

# आसरा फाउंडेशन ने धर्मावती देवी स्मृति में आयोजित किया सम्मान समारोह




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। आसरा फाउंडेशन के तत्वावधान में धर्मावती देवी की स्मृति में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेबर कमिश्नर शक्ति सेन मौर्य, विशिष्ट अतिथि वर्ष समाज से भी भानु प्रकाश मिश्रा एवं वरिष्ठ पत्रकार सर्वेश दुबे रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के हाथों डॉक्टर स्वप्निल चक्रवर्ती मीणा गर्ग पूजा गुप्ता कंचन सोनी एवं अजू सिंह को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि शक्ति सेन मौर्य ने कहा कि धर्मावती देवी की याद में सम्मान समारोह आयोजित करना अपने आप में प्रशंसनीय है।

उन्होंने कहा कि 1 मई को जहां पूरा देश मजदूर दिवस मना रहा है, वहीं पर आसरा फाउंडेशन ने प्रतिभाओं को सम्मानित कर एक बेहतर प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि सर्द है धर्मावती देवी की याद में सम्मान समारोह आयोजित करना अपने आप में एक ऐतिहासिक कदम है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाज से भी भानु प्रकाश मिश्रा एवं वरिष्ठ पत्रकार सर्वेश दुबे ने धर्मावती देवी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनकी याद में सम्मान समारोह आयोजित करना सराहनीय है। इस अवसर पर आसरा फाउंडेशन की अध्यक्ष कंचन त्रिपाठी आसरा दीदी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मां की याद में प्रोग्राम आयोजित करना यह मेरा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष उनकी याद में श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन कवियित्री सरिता सिंह एवं आकाशवाणी की उद्घोषिका शिवानी ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार कुंदन उपाध्याय, शैलेश तिवारी मोबाइल बाबा, अजीत यादव, ओंकार धर द्विवेदी, विजेंद्र सिंह, मनव्वर रिजवी, फैयाज अहमद, मुर्तजा हुसैन रहमानी, दुर्गेश यादव, कवियित्री आकृति तिवारी, वसीम मजहर, वकील अहमद, अरविंद वर्मा एवं एडवोकेट पूजा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# श्रमिक हैं देश के रक्षक,अधिकारों का हो संरक्षण: अर्पिता




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कैसरगंज, बहराइच। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर अपराजिता नारी संघ द्वारा भखरौली मुंगेशपुर के कोठार में एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिक वर्ग को उनके हक और अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना था। संस्था की सचिव श्रीमती किरण बेस जी ने श्रमिकों के अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रत्येक श्रमिक को न्यूनतम मजदूरी, सुरक्षित कार्यस्थल, स्वास्थ्य लाभ, और सामाजिक सुरक्षा जैसे बुनियादी अधिकार प्राप्त हैं। श्रमिकों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए और समय-समय पर संबंधित विभागों से जानकारी लेते रहना चाहिए। इसके उपरांत संस्था की कार्यकर्ता अर्पिता सिंह द्वारा श्रम विभाग की 6 प्रमुख योजनाओं के बारे में बताया गया गया,मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना,संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना,कन्या विवाह सहायता योजना,आवासीय विद्यालय योजना,अटल आवासीय विद्यालय योजना,निर्माण कर्मकार मृतक वा दिव्यागता योजना,कार्यक्रम में कार्यकर्ता सोनी, सर्वेश सहित नारी संघ परिवार के पुरुष, महिलाएं, किशोरियां एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सांसद रामजीलाल सुमन के सम्मान में समाजवादी पार्टी मैदान में किया धरना प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी पीलीभीत ने राज्यसभा सपा दलित सांसद रामजीलाल सुमन पर सत्ता संरक्षित करणी सेना द्वारा जानलेवा हमला करने पर भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता के खिलाफ आज कलेक्ट्रेट पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित जिलाधिकारी,नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।इस दौरान मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष पीलीभीत जगदेव सिंह जग्गा,सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी,सपा कोषाध्यक्ष गयासुद्दीन,सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर,सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज,पूर्व जिला महासचिव यूसुफ कादरी,सपा महिला सभा राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी बीसलपुर दिव्या पी गंगवार,सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू,सपा मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड राष्ट्रीय सचिव लखविंदर सिंह पन्नू,सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम खां,सपा जिला उपाध्यक्ष रूपराम कश्यप,आरती महेंद्र,सपा महिला सभा प्रदेश उपाध्यक्ष




ठाकुर कमलेश परिहार, विधानसभा पीलीभीत अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी,129 विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष संजय सिंह यादव,अमित पाठक एडवोकेट, सपा अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट,सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार,सपा मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष संजय खान,सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष निरंजन कुमार गंगवार,सपा महिला सभा जिलाध्यक्ष आशा वर्मा,ठाकुर मीता सिंह,सपा जिला सचिव आदर्श पाण्डे एडवोकेट,सपा जिला सचिव बलकार सिंह,सपा जिला सचिव शराफत यार खां,सपा जिला सचिव शरफुद्दीन नूरी,चौधरी प्रदीप पटेल,अकरम अंसारी,सपा महिला सभा जिला महासचिव मीना दीक्षित,धनुष

**जनपद के सभी समाजवादी कार्यकर्ता और पदाधिकारी सांसद के साथ : राजकुमार राजू**
**सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष**

अवस्थी,सलीम, मो.यूनुस,यासीन अंसारी,उस्मान शाह,निशान अहमद,गंगा प्रसाद लोधी,सपा युवजन सभा जिला सचिव शेखर यादव,मयंक यादव,मलखान सिंह,मुकेश पाठक,ओमपाल,रूपलाल गंगवार महातिया,रजनीश पाठक,अनिल कुमार गंगवार,विनोद कुमार वर्मा,पिंकी पाल,सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव ओमप्रकाश यादव,राकेश प्रजापति,रामपाल पटेल, अवी गंगवार,राजू गंगवार,संजय पाठक,आशीष पटेल,जयपाल सिंह,सतीश चंद्र वर्मा,मो.रशीद मलिक,सदाकत अली,नरेश कुमार सागर,सतेन्द्र मौर्य,मो.मियां पूर्व जिला पंचायत सदस्य,लियाकत सलमानी,रामू पांडे,राजीव यादव, केके पाल, शादाब खान,राहुल कश्यप, जोवनप्रीत सिंह सहित तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे हैं।

# केंद्रीय मंत्री ने पूरनपुर में छोटू महाराज सिनेमा घर और कैफ़े का किया उद्घाटन, उपस्थित चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।भाग दौड़ की जिंदगी में मोबाइल तक ही मनोरंजन के साधन सिमट कर रह गए हैं। नई फिल्म सहित और कार्यक्रम बड़े पर्दे पर देखने के लिए लोगों को बरेली की दौड़ लगानी पड़ती थी। अब पूरनपुर में ही उनको इस मनोरंजन के साधन का भरपूर लाभ मिलेगा। इसके लिए नगर में छोटू महाराज सिनेमा घर और कैफ़े खुल गया है। इसका उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने किया है। सिनेमा हॉल के साथ लोगों को खान-पान की साम्रगी मिलने से लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है।पूरनपुर और पीलीभीत में सिनेमाघर की लंबी लिस्ट होने के बावजूद आज एक दो को छोड़ सभी धूल फांक रहे हैं।सिनेमा घर बंद होने से कई शौकीन लोगों को मनोरंजन के साधन से दूर कर दिया है। अब पूरनपुर में सिनेमा हॉल के साथ कैफ़े का भी आनंद मिलेगा। इसके लिए नगर के ही रहने वाले गौरव खुराना ने खमरिया जाने वाले मार्ग पर जसवंती राइस मिल मिल के निकट छोटू महाराज सिने कैफ़े खोला है। इसका उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने किया है। सिने कैफ़े में को मनोरंजन के साधन के साथ खानपान का भी भरपूर लुप्त मिलेगा।



बुकिंग के लिए ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसमें दोपहर 12:00 बजे से शुरू होने वाले सो रात 12:00 बजे तक चलेंगे। प्रत्येक शो का समय 3 घंटे निश्चित किया गया है। सिने कैफ़े में बैठने की भी उचित व्यवस्था है तो आइए इस भाग दौड़ की जिंदगी से निकलकर मनोरंजन की दुनिया में सिने कैफ़े का लुफ्त लीजिए। नगर के रहने वाली संगीता सिंगल ने बताया आज मोबाइलों के बीच मनोरंजन का साधन सिमट कर रह गया है। अब छोटू महाराज सिने कैफ़े खुलने से लोगों को अतिरिक्त मनोरंजन के साधन मिलेंगे। संचालक गौरव खुराना ने बताया सिने कैफ़े में दर्शकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। इसके अलावा प्रतीक खंडेलवाल ने बताया पूरनपुर में सिने कैफ़े खोलने से अब बरेली की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। संजीव कुमार ने बताया मनोरंजन के लिए सिने कैफ़े उपयुक्त स्थान रहेगा। यहां समय निकालकर नई फिल्में देखने का अलग ही आनंद आएगा। डाक्टर प्रबल ने बताया पूरनपुर में सिने कैफ़े होने से पूरनपुर का का नाम जिले भर में प्रसिद्ध होगा। उद्घाटन के दौरान विधायक बाबू राम पासवान, एमएलसी सुधीर गुप्ता, चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता,प्रफुल्ल मिश्रा, विजय खुराना, रेनू खुराना,भारती खुराना, विनीत, गुनिका, ऋतुराज पासवान, लकी पासवान, संगीता सिंघल, मानस शुक्ला अंशु प्रधान सहित कई लोग मौजूद रहे है।

## कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु शहर मे निकाला फ्लैग मार्च



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव द्वारा थाना पुरनपुर क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव द्वारा भारी पुलिस बल के साथ शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना पूरनपुर क्षेत्रान्तर्गत संवेदनशील स्थानों, प्रमुख बाजारों, व्यस्त चौराहों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही आमजन से संवाद स्थापित कर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई इस दौरान क्षेत्राधिकारी पूरनपुर प्रगति चौहान एवं प्रभारी निरीक्षक नरेश त्यागी थाना पूरनपुर मय पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## मरौरी विकासखंड क्षेत्र के कई गांव में केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने किया जनसंवाद

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। केंद्रीय मंत्री एवं पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद जितिन प्रसाद ने विकासखंड मरौरी की ग्राम पंचायत गजरौला कला, सहराई की बेबी सिंह कॉलोनी,माला कॉलोनी, गोयल कॉलोनी,महुआ, सिरसा सरदहा सहित अन्य ग्राम पंचायतो में जन संवाद किया है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार एवं केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया कार्यक्रमों में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत, बरखेड़ा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार गंगवार सहित सम्मानित ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित कई पार्टी पदाधिकारी गण उपस्थित रहे हैं।

## ज़िलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति एवं जिला टास्कफोर्स की बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। ज़िलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ज़िला शिक्षा अनुश्रवण समिति एवं ज़िला टास्कफोर्स की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में स्कूल चलो अभियान नवीन नामांकन, कक्षा 08 के पास आउट छात्र एवं छात्राओं के कक्षा 09 में प्रवेश हेतु माध्यमिक शिक्षा के प्रधानाध्यापको को दिशा निर्देश ज़िलाधिकारी के ने दिए, साथ ही गुणवत्ता शिक्षा संबंधित एआरपी चयन शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही आधार कार्ड वेरिफिकेशन एवं जनपद में चल रही बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में अमित कुमार सिंह ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं एवं स्मार्ट क्लास पूर्व में भी लगाई गई है व आगे भी लगाई जा रही है जनपद में आईसीटी लेब लाइब्रेरी आदि का निर्माण किया गया है। बैठक मे मुख्य चिकित्साधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने माधोटांडा थाने का किया औचक निरीक्षण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार जिले के थानों के निरीक्षण की चारों तरफ काफी प्रशंसा हो रही है अभिषेक यादव द्वारा थाना माधोटांडा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने के विभिन्न अभिलेखों जैसे अपराध रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, एचएस रजिस्टर आदि का गहनता से जाँच किया गया, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, महिला/साइबर हेल्प डेस्क आदि की स्थित का जायजा लिया एवं मैस में खाने की गुणवत्ता को परखा गया कर्मचारियों के लिये साफ बैरक, गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने, लंबित माल-मुकदमों एवं लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। मालखाने में रखे गए सामानों के उचित रख-रखाव तथा थाना परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पूरनपुर प्रगति चौहान, प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल थाना माधोटांडा एवं अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## मोरंग लदी ट्रक ने बाइक सवार दो छात्रों को मारी टक्कर, हालत गंभीर

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बल्दीराय थानाक्षेत्र के हलियापुर - कुड़वार मार्ग पर मोरंग लदी ट्रक ने बाइक सवार दो छात्रों को टक्कर मार दी। जिससे कोचिंग पढ़कर आ रहे दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह लगभग आठ बजे खागा फतेहपुर की ट्रक मोरंग (बालू) लेकर सुल्तानपुर की तरफ जा रही थी । वल्लीपुर से बाइक से कोचिंग पढ़कर आ रहे दो छात्रों की बाइक में हलियापुर कुड़वार रोड पर इब्राहिमपुर के पास टक्कर मार दी। जिसमें चंद्रप्रकाश यादव पुत्र राकेश कुमार निवासी सफलेपुर, अमितकुमार वर्मा पुत्र जगप्रसाद वर्मा निवासी निसासिन गम्भीर घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा इलाज हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार बाद हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर सुल्तानपुर के लिए रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक सहित चालक को हिरासत में लेते हुए घायलों के परिजनों को सूचना दी। इस संबंध में वलीपुर चौकी प्रभारी अनिल सक्सेना ने बताया कि चालक पवन कुमार निवासी जनपद उन्नाव सहित ट्रक को हिरासत में ले लिया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## वन स्टॉप सेंटर का अपर जिला जज ने किया औचक निरीक्षण

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिला जज विजय कुमार गुप्ता द्वारा किया गया वन स्टॉप सेण्टर का औचक निरीक्षण दिये गये आवश्यक निर्देश। आज बृहस्पतिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लक्ष्मीकांत शुक्ल के निर्देशानुसार वन स्टाप सेण्टर में पीड़िताओं के सुरक्षा व उनके अधिकारों हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुल्तानपुर विजय कुमार गुप्ता द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा बताया गया, कि पीड़िताओं के सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहियें। समाज को उनके सुरक्षा एवं अधिकारो कें प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के बारें में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वन स्टाप सेण्टर पर साफ-सफाई, सुरक्षा व आमजनमानस को विधिक साक्षरता हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने वन स्टाप सेण्टर के केन्द्र प्रबन्धक सीता सिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुल्तानपुर के कार्यालय में संदर्भित करें जिससे उनकों विधिक सहायता दी जा सके।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रमिक सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में श्रम विभाग द्वारा श्रमिक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी संजय चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने श्रमिकों के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता राशि तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सहायक श्रमायुक्त गोविंद यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत भवन एवं अन्य निर्माण कार्य में बारह माह में नब्बे दिन कार्य करने वाले श्रमिकों का रुपये अस्सी जमा करके तीन वर्ष हेतु पंजीयन होता है। जनपद अमेठी में कुल एक लाख बाइस हजार एक सौ अठहत्तर पंजीकृत श्रमिक है, वित्तीय वर्ष में विभिन्न योजनाओं जैसे मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना,



निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांता सहायता योजना, अटल आवासीय विद्यालय योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना, महात्मा गांधी पेंशन योजना के तीन सौ तीन लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए ई-श्रम पोर्टल बनाया गया है जिसमें उनका पंजीयन होता है जनपद में ई श्रम पोर्टल पर आठ लाख चालीस हजार एक सौ दस कामगार पंजीकृत हैं। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत अठारह से चालीस आयु वर्ग के असंगठित कामगारों द्वारा प्रतिमाह रुपये पचपन से दो सौ निरंतर साठ वर्ष की आयु तक जमा करके साठ वर्ष की आयु होने के उपरांत रुपए तीन हजार मासिक पेंशन प्राप्त होगी इस योजना के तहत जनपद में छह हजार छह सौ चौबीस लाभार्थी हैं, उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के लिए अयोध्या मंडल में रुदौली में अटल आवासीय विद्यालय की स्थापना की गई है।इस वर्ष में अटल आवासीय विद्यालय

**श्रमिकों के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को दी गई सहायता राशि तथा प्रमाण पत्र**

प्रवेश परीक्षा में मेरिट के आधार पर जनपद अमेठी के सैंतीस बच्चों का चयन हुआ है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी श्रमिक बंधुओं को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी तथा उनको सम्बोधित करते हुये कहा कि शासन द्वारा आप लोगों के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं उन योजनाओं का आप लोग लाभ ले। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रमिकों के कल्याणार्थ संचालित सभी योजनाओं की जानकारी श्रमिक बंधुओं तक पहुंचाई जाय साथ ही निर्माण कार्य में लगे सभी श्रमिक बंधुओं का श्रम विभाग में पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में जितनी भी निर्माण इकाई हैं उनमें कार्य कर रहे सभी श्रमिकों का पंजीकरण अनिवार्य रूप से कराया जाय। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व श्रमिक बंधु उपस्थित रहे।

## श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों को किया गया सम्मानित, उपस्थित रहे चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता

पूरनपुर।अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर श्री नारायण सेवा ट्रस्ट के संस्थापक संदीप खंडेलवाल द्वारा नवल किशोर संस राइस मिल पर श्रमिकों एवं मजदूरों का सम्मान किया गया। जिसमें लगभग 3 दर्जन श्रमिकों को माला पहनकर उन्हें शुभकामनाएं दीं एवं हनुमान चालीसा भी बहन करी संदीप खंडेलवाल ने कहां की श्रमिक वह व्यक्ति होता है। जो अपनी मेहनत और कार्य कुशलता से समाज को नई दिशा देता है।और श्रमिक के पास समाज को देने के लिए अपने श्रम के सिवा कुछ नहीं होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका परिषदअध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा जहां श्रमिक अपना पसीना बहाता है वहां फूल खिलते हैं।कार्यक्रम के पश्चात सभी को भोजन कराया गया । यहां रोटरी क्लब ग्रीन के अध्यक्ष हर्ष गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता शैलेंद्र गुप्ता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सरल आदि लोग उपस्थित रहे हैं।

# प्लॉट बिक्री के नाम पर लाखों रुपए की ठगी, बरेली और बीसलपुर के 6 आरोपियों पर दर्ज हुआ गंभीर धाराओं में मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। प्लॉट बिक्री के नाम पर युवक से लाखों रुपये की ठगी की गई। इकरारनामा होने के बाद कई दिन तक आरोपी रजिस्ट्री कराने में टाल मटोल करते रहे। विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट की। धारदार हथियार के हमले से वह घायल हो गए थे। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। आईजी के आदेश पर पुलिस ने बरेली और बीसलपुर के आरोपियों सहित 6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।बरेली जनपद के थाना प्रेम नगर आवास विकास सी-677 पटेलनगर निवासी सुमित यादव ने तहरीर आई जी को बताया कि उसने 31 दिसंबर 2023 को कचहरी परिसर में गुलमोहर पार्क, राजेंद्र नगर स्थित प्लॉट संख्या 93डी और 95डी कुल क्षेत्रफल 238.67 वर्गगज प्लाट का इकरारनामा कराया था। इस प्लॉट की कीमत 1,19,88,480 रुपये तय हुई थी। जिसमें से 5 लाख रुपये अग्रिम दिए गए। शेष राशि रजिस्ट्री के समय देने की

**प्लाट की रजिस्ट्री के नाम पर कई दिन तक की टालमटोल विरोध पर घर में घुसकर मारपीट मचा हड़कंप**

बात हुई थी। पीड़ित का आरोप है कि उसने अपने साझेदार शरद गुप्ता के माध्यम से पूनम दुआ और उसके पति जसपाल सिंह को करीब 40 लाख रुपये दिलवाए थे। बाद में जब पीड़ित ने रजिस्ट्री कराने की बात की, तो उसे बताया गया कि प्लॉट की रजिस्ट्री शरद गुप्ता ने अपनी पत्नी कृतिका गुप्ता के नाम करवा ली है। रकम वापस मांगने पर टालमटोल की जाती रही। 16 अप्रैल की रात करीब 9:45 बजे शरद गुप्ता, कृतिका गुप्ता, पूनम दुआ, जसपाल सिंह, अमनदीप सिंह और उमेशपाल प्रजापति पीड़ित के घर में घुस आए। उन्होंने गाली-गलौज की, मारपीट की और धारदार हथियारों से हमला किया। आरोप है कि शरद और अमनदीप ने तमंचा निकालकर जान से मारने की कोशिश की, लेकिन गोली मिस हो गई।

# 18 सूत्रीय मांगों को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ धरना प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। उ प्र बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रांतीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा के आह्वान पर 18सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ पूर्व नियोजित एकदिवसीय धरना प्रदर्शन नगर के स्थानीय तिकोनिया पार्क में आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष/मांडलिक मंत्री अयोध्या दिलीप कुमार पाण्डेय ने किया। जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षक वर्षों से विभिन्न मांगों/समस्याओं के निराकरण के लिए अनवरत प्रयासरत है किंतु विभाग/शासन की ओर लंबित समस्याओं के संबंध में कोई कार्यवाही न किए जाने से शिक्षक समुदाय अत्यंत क्षुब्ध एवं आहत है जिसके कारण शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। निजाम खान ने कहा शिक्षकों की ये है



मांगे शिक्षकों को पुरानी पेंशन से आच्छादित, विशिष्ट बी टी सी 2004, बी टी सी 2001एवं2004 तथा अन्य परिषदीय शिक्षक जिनकी भर्ती 1अप्रैल 2005 से पूर्व हुआ था उन्हें पुरानी पेंशन से आच्छादित किए जाने संबंधी शासनादेश जारी किया जाए। कोरोना काल के पश्चात टाइम एण्ड मोशन स्टडी आदेश विद्यालय शिक्षण कार्य पूर्ण किए जाने हेतु ग्रीष्मकाल में विद्यालयों का संचालन प्रातः 8बजे से 2बजे तक निर्धारित किया गया था प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण उक्त संचालन पूर्व की भांति 7बजे से 12बजे तक किया जाए। 2015 के बाद पदोन्नति नहीं हुई। चयन वेतन मान में एक ही पद पर 12वर्ष पर प्रोन्नत वेतनमान दिए जाने की व्यवस्था है परंतु 2005 के बाद प्रोन्नत वेतनमान नहीं दिया गया। अन्तःजनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण अंतर्जनपदीय स्थानांतरण की भांति प्र अ एवं सहायक अध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय को एक दूसरे के साथ पारस्परिक स्थानांतरण की व्यवस्था प्रदान किया जाए। प्रदर्शन कार्यक्रम के अंत में कश्मीर के पहलगाम में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

# सीडीओ ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को थमाई कारण बताओ नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**विकास भवन स्थित कार्यालयों के औचक निरीक्षण में मिली तमाम खामियां**

अमेठी । मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह उपस्थित रहे। निरीक्षण का उद्देश्य कार्यालयीन व्यवस्था, अभिलेखों के रखरखाव एवं अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति की समीक्षा करना था। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ सहायक मोहम्मद जमील अनुपस्थित पाए गए। इस पर मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि तत्काल उनकी अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर अवगत कराएं। साथ ही, कार्यालय कक्ष की साफ-सफाई



संतोषजनक नहीं पाई गई। मौके पर उपस्थित कंप्यूटर ऑपरेटर मोहम्मद लईक को निर्देश दिया गया कि अविलंब अभिलेखों के रखरखाव को सुदृढ़ करें। जिला विकास अधिकारी को यह भी निर्देशित किया गया कि कार्यालय में पाई गई कमियों के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर उत्तर प्रस्तुत कराएं। इसके उपरांत जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नरेंद्र कुमार पाण्डेय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कार्यालय कक्ष में अभिलेखों का समुचित रखरखाव नहीं था एवं कई अभिलेख फर्श पर रखे हुए थे। इस पर निर्देशित किया गया कि तत्काल अभिलेखों का समुचित ढंग से संरक्षण करें तथा अभिलेख अलमारी में संकेतक या नाम पट्टिका भी लगाई जाए ताकि अभिलेखों की ट्रैकिंग में सुविधा हो। तदोपरांत जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिला समाज कल्याण अधिकारी नलिन कुमार उपस्थित रहे। उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में पाया गया कि वरिष्ठ सहायक धर्मेंद्र प्रताप मिश्रा अनुपस्थित थे। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उनकी अनुपस्थिति का स्पष्टीकरण प्राप्त कर प्रस्तुत करें। साथ ही कार्यालय में अभिलेखों के रखरखाव एवं साफ-सफाई की व्यवस्था को सुदृढ़ कर अवगत कराएं और भविष्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित करें।

## डीएम ने दूरदराज क्षेत्र से आए हुए शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जनपद के दूर दराज क्षेत्र से आए हुये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।आज जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष कुल तेरह शिकायतकर्ताओं ने अपनी शिकायत दर्ज कराई जिसमें सात राजस्व विभाग,दो पुलिस विभाग,एक आवास, एक पूर्ति विभाग तथा दो चकबंदी विभाग की शिकायत प्राप्त हुई जिनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिये जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व विभाग की शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े।

# अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति

आज हमारी अर्थव्यवस्था भले विश्व की दस प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक हो व जीडीपी रैंकिंग में इस साल हम विश्व की तीसरी प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी में हों पर अर्थव्यवस्था के तेजी से विकास के लिए रेटपेयर्स की भागीदारी बढ़ाने की आज सबसे अधिक आवश्यकता है। फ्रीबीज के जमाने में केन्द्रीय वित्त सचिव अजय सेठ द्वारा एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश की आर्थिक वृद्धि के लिए रेटपेयर्स को प्रोत्साहित करना जरुरी बताया गया है। दरअसल, एक ओर राजनीतिक दलों द्वारा लोक लुभावन फ्रीबीज सुविधाओं की घोषणाएं-दर-घोषणाएं की जा रही हैं तो दूसरी ओर देश को 2025 में जीडीपी रैंकिंग के अनुसार दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की चुनौती है। अर्थव्यवस्था का सीधा-सीधा गणित यह है कि एक तो करदाताओं द्वारा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से कर के रुप में सीधे-सीधे आय सरकार को प्राप्त होती है तो दूसरी ओर सरकार अपनी विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए उधारी से काम चलाने वाली स्थिति होती है जिसे हम बजट प्रस्तावों में उधारी के रुप में देखते हैं। तीसरा प्रमुख स्त्रोत रेटपेयर्स होते हैं, देश का सेविंग पूल इन्हीं से बनता है।

जहां तक आयकर का प्रश्न है तो आधार और पैनकार्ड के चलते अब आयकर के दायरे से कोई बच नहीं सकता। खासतौर से नौकरीपेशा या निश्चित पगार पाने वालों का तो आयकर सीधे-सीधे और बिना किसी छीजत के सरकार को प्राप्त हो जाता है। इसमें किसी तरह की चोरी की संभावना न के बराबर है। लगभग यही स्थिति जीएसटी के बाद देखने को मिल रही है और साल दर साल जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी भी हो रही है। दरअसल, जब स्थानीय स्वशासन की परिकल्पना की गई थी तो उसके साथ यह भी था एक समय आते-आते यह संस्थाएं अपनी गतिविधियों के संचालन के लिए सरकार पर निर्भर ना रहकर आत्मनिर्भर हो जाएंगी और इन संस्थाओं को सरकार के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। पर एक ओर यह सपना ही बनकर रह गया दूसरी ओर राजनीतिक दलों ने फ्रीबीज का ऐसा चलन चलाया कि रेटपेयर्स की भूमिका कम से कम होती जा रही है। रेटपेयर्स का प्रयोग सबसे पहले 1845 में माना जाता है। रेटपेयर्स की भूमिका को हम इससे अच्छी तरह समझ सकते हैं कि न्यूजीलैण्ड सहित अनेक देशों में तो रेटपेयर्स अपने हितों की रक्षा के लिए एसोसिएशन बनाकर आगे आ रहे हैं। हमारे देश में हालात इससे विपरीत है। हमारे यहां पिछले कुछ सालों में रेटपेयर्स की सहभागिता दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही है। केन्द्रीय वित सचिव अजय सेठ के अनुसार संभवतः यही चिंता का कारण बन रहा है। रेटपेयर्स से सीधा-सीधा अर्थ सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र में जो बुनियादी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है उससे विकास या बेहतर सेवाओं के लिए राशि प्राप्त की जा सके। बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सार्वजनिक परिवहन या इसी तरह की सेवाएं इसके दायरे में आती हैं। चुनावी वादों के चलते सरकार द्वारा बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि को कम-ज्यादा पर फ्रीबीज के दायरे में प्रमुखता से ला रही हैं। पेंशन योजनाएं और फ्री राशन, सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं, सीनियर सिटीजन व अन्य को राहत या अन्य दूसरी इसी तरह के निर्णय रेटपेयर्स की अर्थव्यवस्था में भागीदारी को सीमित करते हैं। लोकतंत्र में समान अवसर और आर्थिक रुप से पिछड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अनुदानित योजनाओं का संचालन संवेदनशील और लोकहितकारी सरकार के लिए आवश्यक है। पर इसका मतलब यह नहीं होना चाहिए कि सार्वजनिक सुविधाओं के लिए सरकार द्वारा जो राशि कर या अन्य रुप में प्राप्त की जाती है वह नहीं मिले और उसका भार भी ईमानदार कर दाताओं पर पड़े तो यह किसी भी हालत में सही नहीं है। सरकार को सक्षम और कम सक्षम में अंतर करके चलना होगा। केन्द्रीय वित सचिव की मंशा कहीं ना कहीं यही होगी कि फ्रीबीज के कारण जो रेटपेयर्स की अर्थव्यवस्था में भागीदारी दिन-प्रतिदिन कम हो रही है उसपर ध्यान देना आवश्यक है। इसमें दो राय नहीं कि समाज की मुख्यधारा से वंचित लोगों को सहायता दी जाए पर यह नहीं होना चाहिए कि मुख्यधारा से वंचित के नाम पर आर्थिक दृष्टि से सक्षम लोगों या परिवारों को भी यह सुविधाएं दी जाए।


# राष्ट्र के साथ खड़े होने का समय

**हाल की पहलगाम घटना में एक हिंदू पर्यटक को आतंकवादियों ने धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया। यह घटना केवल एक हत्या नहीं, बल्कि भारत की आत्मा पर हमला है। आतंकवादियों का उद्देश्य कश्मीर को अस्थिर करना नहीं, बल्कि पूरे भारत में डर और नफरत का माहौल फैलाना है। ऐसे समय में हमें आलोचना से परे राष्ट्रहित में खड़ा होना चाहिए और एकजुटता दिखानी चाहिए। देश के मनोबल को गिरने से बचाना हमारी जिम्मेदारी है, और हमे सभी मतभेदों से ऊपर उठकर 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना के साथ खड़ा होना चाहिए।**

यह नारा उस समय और अधिक सार्थक हो उठता है जब एक निर्दोष पर्यटक, अपनी पत्नी के साथ छुट्टियां मनाने गया हो और आतंक की गोली का शिकार हो जाए। पहलगाम की ताज़ा घटना, जिसमें एक हिंदू युवक को टारगेट कर आतंकवादियों ने गोली मार दी, सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि भारत की आत्मा पर हमला है। और ऐसे समय में यह कहना–''प्रश्न पूछने के अवसर भी आएँगे''–कोरी बचाव की भाषा नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में संयम की पुकार है।

जम्मू-कश्मीर का पहलगाम, जहां का प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को आकर्षित करता है, अब आतंक का नया निशाना बन गया है। इस बार किसी सैनिक को नहीं, किसी पुलिसकर्मी को नहीं, बल्कि एक आम हिंदू नागरिक को निशाना बनाया गया–जो अपनी पत्नी के साथ पर्यटक बनकर वहां गया था। आतंकियों ने स्पष्ट धार्मिक पहचान देखकर हमला किया। यह हमला दो स्पष्ट संदेश देता है। पहला यह कि पाकिस्तान-समर्थित आतंकी अब भी भारत में धार्मिक विभाजन फैलाने पर आमादा हैं। दूसरा यह कि उनका उद्देश्य केवल कश्मीर को अस्थिर करना नहीं, बल्कि पूरे भारत में डर और नफ़रत का माहौल बनाना है।

इस हमले की जिम्मेदारी लेने वाले संगठनों की जड़ें पाकिस्तान की धरती में हैं। चाहे वो लश्कर-ए-तैयबा हो, या द्वटक्कजैसे नए नाम वाले पुराने चेहरे–इनकी फंडिंग, ट्रेनिंग और संरक्षण सब पाकिस्तान से आते हैं। ये आतंकवादी संगठन अब न सिर्फ कश्मीर को चोट पहुंचा रहे हैं, बल्कि पूरे भारत की धार्मिक एकता और पर्यटक स्थलों की शांति को भी लक्ष्य बना रहे हैं। जब भारत आक्रोशित होता है, तो यह आक्रोश केवल सैनिक कार्रवाई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह आम भारतीय के भीतर भी जागता है–जो अपने देश के सम्मान और सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है। लेकिन इस समय कुछ लोग, खासकर बौद्धिक तबके के कुछ हिस्से और राजनीति के एक विशेष वर्ग से जुड़े लोग, इस घटना को ''कश्मीर में असंतोष'' कहकर आतंकियों को परोक्ष वैचारिक समर्थन देने लगते हैं। कुछ मीडिया संस्थान इसे एक सामान्य अपराध बताकर इसकी धार्मिक प्रकृति को छुपाने की कोशिश करते हैं। ये वही लोग हैं जो हर बार आतंक के हमलों को या तो साजिश बताकर नजरअंदाज करते हैं या फिर 'भूल जाओ, आगे बढ़ो' जैसे शब्दों में लपेट देते हैं। लेकिन इस बार मामला सिर्फ एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की चीख है, जिसे चुपचाप सह लेना नैतिक अपराध होगा। ऐसे में कुछ लोग कहेंगे, ''प्रश्न पूछना तो लोकतंत्र का हक़ है!''–बिल्कुल है। लेकिन क्या यह हक़ इतना बेसब्र हो चुका है कि एक घायल पत्नी की आँखों में आँसू सूखने से पहले ही हम प्रेस कॉन्फ्रेंस की मांग करने लगें? क्या एक जवान की शहादत के शव को मिट्टी भी नसीब न हो और हम सड़कों पर 'क्यों हुआ?' के नारों में उलझ जाएं? सवाल पूछिए, ज़रूर पूछिए, लेकिन तब जब देश का मनोबल गिरा न हो, जब अपनों के आँसू थमे हों, जब धुआँ छँट जाए। अभी वक्त है एक स्वर में खड़े होने का, एकजुटता में जवाब देने का। यह समझना ज़रूरी है कि देशभक्ति केवल वर्दी में नहीं, विचार में भी होती है। जब कश्मीर में एक हिंदू नागरिक को सिर्फ इसलिए मारा जाए क्योंकि वह हिंदू है, और तब भी देश के भीतर कुछ लोग चुप रहें, या मुद्दे से ध्यान भटकाएं, तो यह नैतिक पराजय होती है। वह वीरता क्या काम की, जो बंदूक थामे बिना चुपचाप अत्याचार को सहन करे? क्या लेखकों, कलाकारों, विचारकों और नागरिकों की कोई ज़िम्मेदारी नहीं? क्या हम सिर्फ ट्रेंडिंग हैशटैग तक सीमित रह गए हैं? इस घटना के बाद सबसे बड़ा कार्य है–सच्चाई को साफ-साफ स्वीकारना। धार्मिक टारगेटिंग हुई है और उसे इसी रूप में स्वीकार कर उसका विरोध करना चाहिए। सेकुलरिज्म का मतलब यह नहीं कि सच्चाई से आँखें फ़ेर ली जाएं। सेकुलरिज्म की सच्ची परीक्षा तभी होती है जब आप पीड़ित की जाति या धर्म देखकर नहीं, उसके दर्द को देखकर खड़े होते हैं। भारत की आत्मा बहुलता में विश्वास करती है, लेकिन वह बहुलता तब तक ही जीवित है जब तक आप सच्चाई से भाग नहीं रहे।



सोशल मीडिया के इस दौर में झूठ फैलाना आसान है, लेकिन सच का साथ देना ज़्यादा ज़रूरी है। अफवाहों से ज़्यादा खतरनाक है–चुप्पी। हमें चाहिए कि हम तथ्य साझा करें, संवेदनशीलता के साथ। सरकार, सेना और सुरक्षाबलों का मनोबल सिर्फ हथियारों से नहीं, हमारे शब्दों और समर्थन से भी बढ़ता है। इस कठिन समय में यदि हम एक भी गलत संदेश दे बैठें, तो हम आतंकवादियों के हाथों में अप्रत्यक्ष रूप से हथियार सौंपते हैं।

इस घटना ने भारत के सामने एक बार फिर वही सवाल खड़ा कर दिया है–क्या हम एक हैं, या टुकड़ों में बंटे हुए हैं? जब पहलगाम में एक परिवार उजड़ता है, तो सिर्फ कश्मीर नहीं, पूरा देश घायल होता है। उस महिला की चीखें जो अपने पति की लाश के सामने बदहवास होकर रोती रही, वह केवल एक पत्नी का रोदन नहीं था, वह भारत माता की कराह थी। और इसका उत्तर हम केवल आँसू पोंछकर नहीं, एकजुट होकर दे सकते हैं। यह सही है कि हर घटना पर सरकार से जवाबदेही मांगी जानी चाहिए, लेकिन वह एक प्रक्रिया है, जो समय लेकर संस्थानों से पूरी होती है। लेकिन जनता का काम क्या है? सिर्फ सवाल करना? या फिर ज़रूरत पड़ने पर उस राष्ट्रध्वज के नीचे खड़े होना, जिसकी छाया में हम सांस लेते हैं? लोकतंत्र बहस का नाम है, लेकिन उस बहस की गरिमा तब ही रहती है जब वह उचित समय पर हो। संकट की घड़ी में बहस नहीं, भरोसा चाहिए। जब हम युद्ध में होते हैं, तब हम रणनीति पर चर्चा नहीं करते–हम योद्धाओं का साथ देते हैं।

इसलिए आज जरूरत है कि हम उस एक पर्यटक को एक प्रतीक मानें–उस भारत का प्रतीक, जो अपने परिवार के साथ छुट्टियाँ मनाने निकलता है, अपनी ज़िंदगी में विश्वास रखता है, और फिर अचानक एक आतंक की गोली से छिन जाता है। हमें यह याद रखना होगा कि अगर हम आज नहीं जागे, तो कल कोई और पहलगाम में मारा जाएगा, और तब भी हम यही कहेंगे–''बहुत अफ़सोस है। लेकिन अब समय अफ़सोस का नहीं, संकल्प का है। संकल्प इस बात का कि हम सच्चाई से डरेंगे नहीं। हम धर्म के नाम पर मारे गए किसी भी नागरिक के लिए एकजुट होंगे। हम आतंक के हर स्वरूप के खिलाफ एक स्वर में बोलेंगे। हम आलोचना करेंगे, लेकिन तब जब देश की आँखें नम न हों। हम सवाल उठाएंगे, लेकिन तब जब देश की आत्मा घायल न हो। पहलगाम में मारे गए युवक की पत्नी ने जो चीखें मारीं, वो सिर्फ एक परिवार का दर्द नहीं था–वो भारत की अस्मिता की पुकार थी। और उसका जवाब यह होना चाहिए कि देश एक है, सभी मतभेदों से ऊपर उठकर, एक स्वर में बोलेः ''राष्ट्र सर्वोपरि। प्रश्न पूछिए, पर तब जब धुआँ छँट जाए।

**डॉ सत्यवान सौरभ**

# थखेलो इंडिया में दिखेगा बिहार का दमखम

**राकेश दुबे**

बविकास के साथ जिस सर्व-समावेशिता की बात आज विश्व बैंक से संयुक्त राष्ट्र तक हर मंच पर होती है, उसके लिए हो रहे प्रयास देश के संघात्मक ढांचे की नई चमक को जाहिर कर रहे हैं। इस लिहाज से सबसे दिलचस्प है खेलों की दिशा में राज्यों का शानदार प्रदर्शन। जिस आयोजन की आज पूरे देश में चर्चा है, वह है खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025। इस बार यह अहम आयोजन न सिर्फ बिहार में हो रहा है बल्कि प्रदेश के पांच शहरों में इससे जुड़ी खेल प्रतियोगिताएं हो रही हैं। ये शहर हैं- पटना, राजगीर, भागलपुर, गया और बेगूसराय।

बिहार जैसे सूबे में इतने महत्वपूर्ण राष्ट्रीय खेल आयोजन के मायने गहरे और बहुस्तरीय हैं। कुछ दशक पहले तक बिहार वैसे राज्यों में शुमार होता था, जिसके विकास की संभावनाओं पर लगातार नकारात्मक तरीके से विचार किया गया। दरअसल, इस पूरे संदर्भ का आगाज 1980 के दशक में तब हुआ, जब जनसांख्यिकी और आर्थिक नीतियों के विश्लेषक आशीष बोस ने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी को एक रिपोर्ट सौंपी। बोस ने इस रिपोर्ट में देश के चार बड़े राज?यों बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को 'बीमारू' राज्य बताया। पर बीते दशकों में यह स्थिति लगातार बदली है। इस दौरान विकास को लेकर इन राज्यों के विकास का नया चरित्र उभरा है।

बात अकेले उस सूबे की करें जहां इस बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का मेगा आयोजन हो रहा तो यह इस सूबे की खेल संस्कृति और उस दिशा में हो रही प्रगति की ओर स्वभाविक तौर पर ध्यान ले जाता है। आज की तारीख में ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति और बौद्धिक परंपराओं के लिए मशहूर बिहार खेल के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। पिछले कुछ वर्षों में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी में बिहार का दमखम खासतौर पर दिखा है। बिहार की दृष्टि से यह बड़ा बदलाव है। खेलों की मेजबानी में बिहार को प्राथमिकता मिलने के पीछे कई अहम कारण हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य की सरकार ने बीते दो दशकों में स्टेडियम, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, ट्रेनिंग सेंटर और आधुनिक खेल सुविधाओं के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया है। यही कारण है कि राजगीर को एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप की मेजबानी मिली। पटना का पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स अब राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों के लिए तैयार है। मुजफ्फरपुर, गया और भागलपुर में भी नए स्टेडियम बनाए जा रहे हैं।खेलों के आयोजन से बिहार जैसे राज्य की अर्थव्यवस्था को बहुआयामी लाभ मिल रहा है। दरअसल, जब कहीं भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता आयोजित होती है, वहां हजारों खिलाड़ियों, कोच, आयोजकों और दर्शकों का आगमन होता है। इससे होटल, रेस्तरां, परिवहन, लोकल मार्केट और पर्यटन स्थलों को बढ़ावा मिलता है। हाल ही में पटना में आयोजित राष्ट्रीय खेल आयोजन के दौरान होटल और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में 40 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे स्थानीय व्यापारियों को सीधा लाभ हुआ।

खेल आयोजनों से निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलता है। खेलों को बढ़ावा देने वाले राज्य में कॉरपोरेट कंपनियां, स्पॉन्सर और खेल ब्रांड निवेश करने के लिए आकर्षित होते हैं। बिहार में अब कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल ब्रांड अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, जिससे खेल उपकरण उद्योग, प्रशिक्षण संस्थान और अन्य संबंधित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। इससे न केवल राज्य की जीडीपी को मजबूती मिलेगी बल्कि युवाओं के लिए करियर के नए विकल्प खुलेंगे। राज्य में अब नियमित रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिससे बिहार के खिलाड़ियों को अपने ही राज्य में उच्चस्तरीय प्रतिस्पर्धा का अनुभव मिल रहा है। पहले उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और मौके के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता था, लेकिन अब पटना, गया, भागलपुर, मुजफ्फरपुर और दरभंगा जैसे शहरों में खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे बिहार के उभरते हुए एथलीटों को अपने घर के नजदीक विश्वस्तरीय कोचिंग और टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का अवसर मिल रहा है। बिहार में खेल आयोजनों की सफलता से राज्य की वैश्विक पहचान भी बन रही है। स्वाभाविक तौर पर जब कोई बड़ा टूर्नामेंट आयोजित होता है तो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया में उसकी चर्चा होती है। इससे बिहार की छवि आधुनिक, प्रगतिशील और खेल-समर्थक राज्य के रूप में बनती है।

## सेहत मंत्र

# नीम की पत्तियों से मिलते हैं कई फायदे


आयुर्वेद की दुनिया में नीम एक बेहद लोकप्रिय व महत्वपूर्ण औषधीय जड़ी-बूटी है, जिसे लगभग पिछले 5000 सालों से उपचार के दौरान इस्तेमाल किया जाता रहा है। नीम इतना गुणकारी है कि न केवल इसकी पत्तियां, बल्कि पेड़ के बीज, जड़ों और छाल में भी औषधीय गुण पाए जाते हैं। नीम सेहत और सौंदर्य दोनों के लिए ही गुणकारी है। नीम के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं यही वजह है कि यह संक्रमण, जलन और त्वचा की किसी भी तरह की समस्याओं पर यह जादू की तरह काम करता है। यह बैक्टीरिया को नष्ट करता है, प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करता है और तेजी से चिकित्सा को प्रोत्साहित करता है। इसके अलावा इसमें एंटी-एजिंग गुण भी पाए जाते हैं। इतना ही नहीं, नीम में विटामिन और फैटी एसिड त्वचा की लोच में सुधार करते हैं और झुर्रियों और महीन रेखाओं को कम करते हैं। ठीक करें घाव- नीम के पत्ते घाव को बेहद जल्द ठीक करते हैं। बस आप इसकी पत्तियों का पेस्ट बनाएं और घाव या कीड़े के काटने पर प्रभावित स्थान पर लगाएं। रूसी को कहें बाय-बायः अगर आपको रूसी की समस्या है तो आप नीम की कुछ पत्तियां लेकर उसे पानी में उबालें। अब इस पानी को ठंडा होने दें। अपने बालों को शैम्पू से धोने के बाद इस पानी से साफ़ करें। आंखों में जलनः अगर आपको आंखों में जलन हो रही है तो नीम की कुछ पत्तियों को उबालें, पानी को पूरी तरह से ठंडा होने दें और फिर अपनी आंखों को धोने के लिए इसका इस्तेमाल करें। यह आंखों में किसी भी तरह की जलन, थकान या लालिमा में मदद करेगा। कानों के लिए लाभदायक : कान के जुड़ी समस्याओं को भी नीम आसानी से ठीक कर सकता है। बस आप नीम के कुछ पत्तों को मसलकर उसमें थोड़ा शहद मिलाएं। किसी भी कान के फोड़े का इलाज करने के लिए इस मिश्रण की कुछ बूंदों का उपयोग करें। त्वचा विकारः नीम के पत्ते त्वचा के लिए बेहद चमत्कारी माने जाते हैं। इसके लिए नीम के पत्तों के पेस्ट के साथ हल्दी मिलाएं। इसका उपयोग खुजली, एक्जिमा, रिंग कीड़े और कुछ हल्के त्वचा रोगों के लिए भी किया जा सकता है। बूस्ट करें इम्यूनिटीः कुछ नीम के पत्तों को क्रश करें और अपनी इम्युनिटी बढ़ाने के लिए उन्हें एक गिलास पानी के साथ लें।

## धर्म मंत्र

# कोडुंगल्लूर देवी मंदिरः अदभुत है मंदिर की मान्यता और इसका इतिहास

कोडुंगल्लूर देवी मंदिर अत्यंत प्राचीन मंदिर है, जो कि केरल राज्य के त्रिशूर जिले में स्थापित है। वैसे तो दक्षिण भारत मे बहुत से मंदिर है परंतु यह मंदिर सब मंदिरों में सबसे अद्भुत है। कोडुंगल्लूर देवी मंदिर को ''श्री कुरम्बा भगवती मंदिर'' के नाम से भी जाना जाता है। इस मंदिर में माँ भद्रकाली उपस्थित है, उनकी काली रूप में पूजा की जाती है। यहां आने वाले लोग देवी को कुरम्बा या कोडुंगल्लूर अम्मा के नाम से बुलाते है। केरल के मंदिर में माँ काली के रुद्र रूप की पूजा अर्चना की जाती है यह मंदिर मालाबार के 64 भद्रकाली मंदिरों में से प्रमुख है माँ काली ने अपने प्रचण्ड रूप में आठों हाथों में कुछ न कुछ पकड़ रखा है जैसेः- एक हाथ मे राक्षस राजा दारूका का सिर पकड़ा हुआ है, एक हाथ मे घंटी, एक हाथ मे तलवार और एक हाथ मे अंगूठी। मंदिर में दोपहर 3 बजे से लेकर रात 10 बजे तक पूजा होती है। यहां के लोगो का मानना है कि इस मंदिर में भगवान शिव की आराधना की जाती थी और परशुराम जी ने मंदिर के निकट ही माँ काली की प्रतिमा लगाई थी। कोडुंगल्लूर कभी चेरा साम्राज्य की राजधानी हुआ करता था, जो एक महत्वपूर्ण नगर कहलाता था। इस मंदिर को चेरमान पेरुमल ने बनवाया। यह मंदिर केरल के मध्य में स्थित है। इस मंदिर में उपस्थित माँ भद्रकाली को यहां के लोग 'मलयाला भगवती' बुलाते है। इस मंदिर में प्राचीनतम तरह से ही देवी के निर्देशानुसार पूजा की जाती है। यहं पांच 'श्री चक्र' शंकराचार्य ने स्थापित किए, जिन्हें देवी की शक्तियों का मुख्य स्त्रोत माना जाता है।

## पर्यटन



# बच्चों को ज़रूर कराएं देश के खूबसूरत गांवों की सैर

शहर की भीड़-भाड़ और व्यस्तता के बीच जब कभी समय मिले और खासतौर पर बच्चों कि छुट्टियां हो तो उन्हें किसी फ़ेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन ले जाने की बजाय देश के कुछ खूबसूरत गांवों की सैर करवाइए। यहां न सिर्फ मन को सुकून मिलेगा, बल्कि यहां कि कुदरती खूबसूरती और शांत वातावरण आपके पूरे परिवार की थकान और तनाव दूर कर देगा। स्मित, मेघालय- मेघालय की राजधानी शिलांग से करीब 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित स्मित गांव बेहद सुंदर है और छुट्टियां बिताने के लिए परफ़ेक्ट जगह है। पहाड़ों पर बसा यह गांव कुदरती खूबसूरती से सराबोर है। यहां की शुद्ध ताजी हवा आपको नई ऊर्ज़ा से भर देगी और बच्चों को भी गांव की सैर में बहुत मज़ा आएगा। शहर की भीड़ से दूर यहां का शांत वातावरण और सुंदरता हर किसी का मन मोह लेती है। यह गांव बेहद साफ सुथरा भी है। मावलिनॉन्ग, मेघालय- मेघालय का ही एक और गांव है मावलिनॉन्ग जिसे एशिया के सबसे साफ गांव का दर्ज़ा मिला हुआ है। स्मित की तरह ही यह गांव भी प्राकृतिक सुंदरता से सराबोर है। मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग से करीब 90 हजार की दूरी पर स्थित यह गांव साफ-सुथरा होने के साथ ही बेहद खूबसूरत भी है। यहां पर एशिया का फ़ेमस रूट ब्रिज भी है जिसकी सैर यकीनने आपको और बच्चों को रोमांच से भर देगी। जहां तक साफ-सफाई का सवाल है तो गांव वालों ने खुद अपने बल पर गांव को एकदम साफ-सुथरा रखा है। कचरा फैलाने वालों से जुर्माना भी वसूला जाता है। यहां आपको अन्नानास के पेड़ भी दिखेंगे। याना, कर्नाटक- कर्नाटक का यह गांव भले ही बहुत फ़ेमस न हो, लेकिन सुकून की तलाश करने वालों के लिए यह परफ़ेक्ट जगह है। खूबसूरत पहाड़ी पर स्थित यह गांव तीर्थयात्रियों के साथ ही, नेचर लवर और ट्रैकिंग के शौकीनों के लिए भी बेस्ट डेस्टिनेशन हैं। यहां कई मंदिर, गुफाएं और खूबसूरत झरने आपकी यात्रा को यादगार बना देंगे।

# एसडीएम ने किया शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण, दिए उचित दिशा निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी, उपजिलाधिकारी मोहम्मद शम्स तबरेज खान ने बुधवार को आबकारी विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के साथ हैदरगढ़ क्षेत्र में स्थित अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानों की व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की और सेल्समैनों से वार्ता कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री खान ने दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता की जांच की और यह सुनिश्चित किया कि कैमरे सुचारू रूप से चालू हैं तथा रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जा रही है। साथ ही, उन्होंने स्टॉक रजिस्टर का भी अवलोकन किया और उसमें दर्ज माल की मात्रा का भौतिक सत्यापन कराया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने दुकानदारों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे सभी नियमों का कड़ाई से पालन करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं

### रजिस्टर पर संपूर्ण विवरण दर्ज करने एवं गाइडलाइन का ध्यान रखने के दिए निर्देश

की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आबकारी अधिकारी और स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने भी निरीक्षण में सहयोग करते हुए दुकानों की स्थिति का आकलन किया और व्यवस्थाओं के संबंध में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। एसडीएम श्री खान ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना और जनता को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि यदि उन्हें किसी दुकान में अनियमितता की जानकारी हो तो वे प्रशासन को सूचित करें।

# रामनगर में जाम समस्या आम, आमजन–विद्यार्थी त्रस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता


बाराबंकी। कस्बा रामनगर के मुख्य चौराहा और बाजार व मुख्य मार्ग अतिक्रमण के चपेट में हैं। सबसे बड़ा अतिक्रमण का कारण है , डग्गामार वाहन। दायित्व निर्वहाक अधिकारी इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं। जाम के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। क्योंकि इस समय चार व तीन पहिया वाहनों की पूरे क्षेत्र में भरमार है। उनके चालक वाहनों को अनियमित तेज रफ्तार चलाते हैं। इसी के चलते दुर्घटना के समय चालक वाहन को कंट्रोल नहीं कर पाते ।जिससे दुर्घटनाएं घटित होती हैं ।इस समय रामनगर के मुख्य चौराहे पर सड़क के किनारे खड़े वाहनों के चक्कर में दिन में कई बार जाम लगता हैं। जबकि इस चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती है। फिर भी वाहन चालक चौराहे पर बार-बार जाम लगा देते हैं। क्योंकि पटरी के किनारे दुकानदार लोग अपनी दुकान सड़क से सटाकर लगते हैं। जिसके चलते वाहनों को खड़े करने के लिए सड़क की पटरी खाली नहीं मिलती है। सामग्री खरीदने वाले लोग अपने वाहनों को सड़क के किनारे खड़े करके सामान खरीदते हैं। इसलिए आवागमन बाधित होता है। रामनगर थाने से हाईवे पर जाने वाले मार्ग के दोनों किनारो पर आए दिन वाहन खड़े रहते हैं। तथा इस समय इस मार्ग के किनारे नाला की मरम्मत का कार्य भी हो रहा है ।जिससे आवागमन बाधित रहता है। लोगों को पैदल चलना भी इस मार्ग पर दुर्लभ रहता है। इसी प्रकार मुख्य चौराहे से अंदर जाने वाले बदोसराय मार्ग पर भी सड़क के किनारे वाहन खड़े रहते हैं ।धोबिन मोहल्ला से बाहर बाजार जाने वाले मार्ग पर भी लोग अपने वाहनों को खड़ा कर देते हैं। जिसके चलते लोगों के आने-जाने में परेशानी होती है। सूधियामऊ, रानी बाजार, महादेव, गणेशपुर, रानीगंज, कड़कापुर ,भैरमपुर ,सूरतगंज, लालपुर करौता सहित अनेक स्थानों पर ऐसे जाम प्रतिदिन लगाते रहते हैं। सड़कों पर जाम लगने से सबसे ज्यादा विद्यार्थी परेशान होते हैं। क्योंकि उन्हें घंटो खड़े होकर जाम हटने का इंतजार करना पड़ता है।

### डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित वाटर कूलर व आरओ का किया उदघाटन

अमेठी,कलेक्ट्रेट आने वाले आंगतुकों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये कलेक्ट्रेट परिसर में इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर द्वारा सीएसआर के अंतर्गत वाटर कूलर व आरओ स्थापित कराया गया है जिसका जिलाधिकारी संजय चौहान ने फीता काटकर उदघाटन किया।जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि वाटर कूलर तथा आरओ के लगने से कलेक्ट्रेट आने वाले आंगतुकों को शुद्ध व शीतल पेयजल मिलेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर के सीएसआर हेड मनोज झा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डंफर की टक्कर से बोलेरो सवार महिला समेत दो की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। थाना क्षेत्र में एनएच 927 पर रानीबाजार चौराहा के पास ग्राम दलसराय में बोलेरो यूपी 40 एक्स 8688 व डंपर यूपी 32 एस एन 4358 में तेज टक्कर हो गई।जिसमे बोलेरो सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई व चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।मृतकों की पहचान चालक ज़ामिद अली और सुमैया के रूप में हुई है।हादसे में बहराइच जिले के घायल मोहम्मद अली साजिदा रेहाना व साहिल को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।बोलेरो उड़ाने के बाद यमदूत डंपर अनियंत्रित होकर पास में बनी पक्की दुकान को तोड़कर उसमें घुस गया।इस दुर्घटना से राजमार्ग पर एक घंटे तक लंबा जाम लगा रहा पुलिस ने मशक्कत कर क्रेन से वाहनों को हटवाया और यातायात बहाल कराया।इसी दौरान थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे ने बताया कि घायलों का इलाज चल रहा है व शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया।

# खुली बोली में नीलाम हुआ टैक्सी स्टैंड, तय दरों पर आज से शुरू होगी वसूली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### नामित मजिस्ट्रेट की उपस्थित में हुई नीलामी, पारदर्शिता का रखा गया ध्यान



हैदरगढ़ बाराबंकी। नगर पंचायत हैदरगढ़ में सोमवार को टैक्सी स्टैंड की नीलामी प्रक्रिया खुले आम और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। नीलामी कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत चेयरमैन आलोक तिवारी ने की, जबकि नामित मजिस्ट्रेट के रूप में नायब तहसीलदार हैदरगढ़ उपस्थित रहे।

खुली बोली के माध्यम से टैक्सी स्टैंड के ठेके का आवंटन किया गया। बोली प्रक्रिया में कई इच्छुक प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। निर्धारित नियमों के तहत उच्चतम बोलीदाता को स्टैंड का संचालन सौंपा गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के अधिकारीगण और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

नीलामी प्रक्रिया के सफल आयोजन के बाद नगर पंचायत ने घोषणा की कि आज से ठेकेदारों द्वारा निर्धारित दरों के अनुरूप वाहनों से शुल्क वसूली की जाएगी। शुल्क सूची सार्वजनिक कर दी गई है ताकि गाड़ी चालकों और यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। नगर पंचायत ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्धारित दरों से अधिक राशि वसूलने या किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगरवासियों ने टैक्सी स्टैंड संचालन में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रशासनिक प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि इससे नगर में यातायात व्यवस्था भी अधिक सुव्यवस्थित होगी। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी अशोक खरवार लेखपाल दीप चंद्र शर्मा टैक्स कलेक्टर राजेंद्र यादव बाबू मनोज यादव मौजूद रहे ।

### तमंचा समेत बदमाश गिरफ्तार

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जैदपुर पुलिस ने ग्राम फतुल्लापुर निवासी लाल जी वर्मा पुत्र स्वर्गीय हरिप्रसाद को इटहुवा नहर पुलिया के पास अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदत जिंदा कारतूस समेत गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

### वृद्धा की जमीन पर दबंग की नजर, गुहार

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बैनामा जरिए खरीदा गया आवासीय प्लाट पर दबंग जबरन कब्जा करने की धमकी दे रहे हैं। परेशान हाल महिला अधिकारियों की परिक्रमा कर रही है। थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम विरौली निवासी सविता कुमारी पत्नी नन्द कुमार ने करीब सात माह पूर्व ग्राम जंगराबसावनपुर में गाटा संख्या 47 में 141.96 वर्गमीटर आवासीय प्लाट भूस्वामी लवकुश पुत्र गुरुदत्त से जरिए बैनामा खरीदा और कब्जा प्राप्त लिया। बेसमेंट के लिए पिलर आदि खड़े किए। अब पीड़िता की उक्त भूमि पर सूरजलाल यादव पुत्र बाबूलाल व मोहम्मद अनीस पुत्र इदरीस निवासी ग्राम तुरकानी जबरदस्ती कब्जा करना चाहते हैं। तरह–तरह की धमकियों से परेशान महिला थाने से लेकर डीएम तक न्याय की गुहार लगा चुकी है किन्तु उसे अबतक न्याय नहीं मिला। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उक्त प्लाट से विपक्षियों का कोई वास्ता दूर दूर का नहीं है।

### टेंट कर्मी द्वारा मासूमों से दुष्कर्म का प्रयास, गिरफ्तार

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को शादी समारोह में आए टेंट कर्मी युवक ने पास में खेल रही दो सगी बहनों सहित तीन बच्चियों को आइसक्रीम खिलाने के बहाने गांव से कुछ दूर झील के किनारे ले गया और दुष्कर्म का असफल प्रयास किया। बताते हैं कि भाग निकली दो बच्चियों ने शोर मचा दिया।जिससे आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया और पिटाई कर डायल हंड्रेड पुलिस को सौंप दिया। इस संबंध में कुर्सी थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म का प्रयास व पॉस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी पुलिस हिरासत में है।

### किशोरी को अकेला पाकर मुस्लिम युवक ने किया दुष्कर्म, तनाव

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी कोतवाली के एक गांव में एक किशोरी को घर में अकेला का कर अन्य सुविधा के योग में जबरन दुष्कर्म किया। पिता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। बताया है कि बुधवार की दोपहर वो और उनकी पत्नी डयूटी पर गए थे। घर में उनकी नाबालिग पुत्री अकेली थी। मौका पाकर गांव का मोहम्मद आजाद दोपहर जबरन घर में घुस गया और किशोरी के हाथ बांधकर जबरन दुष्कर्म किया। पिता घर पहुंचा तो अपनी पुत्री को नग्न अवस्था और हाथ पैर बंधे देख सन्न रह गया।

किशोरी के पिता ने युवक को पकड़ने का प्रयास किया तो वो हाथापाई करने लगा। इसी दौरान युवक का चाचा मोहम्मद इश्तकार भी वहां आ गया और हाथापाई करने लगा। मौके से भागते हुए शिकायत करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी। किशोरी के पिता की तहरीर पर कुर्सी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। वही पीड़िता को मेडिकल जांच हेतु जिला अस्पताल भेजा है।

### मौसम ने फिर बदली करवट किसान हलकान

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील रामनगर में गणेशपुर क्षेत्र के कई गांवों में बुधवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली।गर्म हवाओं के बाद तेज धूल भरी आंधी व ओलावृष्टि और फिर हल्की बारिश हुई जिससे तापमान में गिरावट आई।पेड़ों के नीचे बंधे जानवर धूलभरी आंधी व ओलों की मार से डरकर चिल्ला उठे व इधर–उधर भागने लगे जिन्हें ग्रामीणों ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।किसानों ने इस विक्षोभ से आम की फसल के नुकसान की आशंका जताई है।

### संविदा कर्मचारियों के साथ है कांग्रेस : वरुण मिश्र

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के आंदोलन संविदा कर्मचारी के आंदोलन में कांग्रेस नेता वरुण मिश्रा ने पहुंचकर आंदोलन को धार दी उन्होंने कहा कि संविदा कर्मचारियों की किसी भी हाल में छटनी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से इस समय केंद्र और प्रदेश में ऐसी सरकार है जो रोजगार के अवसरों को समाप्त कर रही है एक तो उत्तर प्रदेश में रोजगार नहीं है ऊपर से जो रोजगार है भी उनमें भी सरकार छटनी करती चली जा रही है। उन्होंने कहा कि संविदा कर्मचारियों की इस लड़ाई में वह उनके साथ है किसी भी कीमत पर कर्मचारियों की छटनी बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।

# पीएम श्री चरथई की अनोखी पहल: क्यूआर कोड बताएंगे पेड़ों की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धनपतगंज/सुल्तानपुर। पृथ्वी दिवस पर पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय चरथई में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ कार्यक्रम के अंतर्गत 'क्यूआर कोड फॉर फ्लोरा की शुरुआत की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मेवालाल प्रजापति के नेतृत्व में हरित शिक्षक जितेन्द्र तिवारी ने विद्यालय के अन्य शिक्षकों दिवाकर द्विवेदी, आशुतोष, सुषमा व इंद्र रेखा के सहयोग से इस विशेष पहल की शुरुआत की। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण व बच्चों में पेड़ों के प्रति संवेदनशीलता विकसित हो सके है। विद्यालय में समस्त पेड़ों पर पेड़ों की जानकारी से संबंधित क्यूआर कोड लगाया गया है। बच्चे इस क्यूआर कोड को स्कैन कर पेड़ों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह प्रयास बच्चों में प्रकृति की प्रति जिज्ञासा और संवेदनशीलता बढ़ाने की दिशा में एक अभिनव कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर शिक्षक दिवाकर ने पेड़ों की महत्ता और संरक्षण पर प्रकाश डाला। शिक्षिका सुषमा ने पेड़ों को पृथ्वी के साथी के रूप में संबोधित किया। पृथ्वी दिवस पर प्रकाश डालते हुए प्रधानाध्यापक मेवालाल ने शुरू से ही बच्चों में प्रकृति से प्रेम व जागरूकता पैदा करने पर जोर दिया। हरित शिक्षक जितेंद्र ने क्यूआर कोड तकनीकी को पर्यावरण के प्रति नवाचार के रूप में एक पहल बताया।

सभी शिक्षकों ने बच्चों व अभिभावकों के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ भी ली। उक्त कार्यक्रम की जियो टैग फोटोज व वीडियो भी इको क्लब पोर्टल पर स्कूल की लॉगिन आईडी से अपलोड किया गया। विद्यालय परिवार ने पर्यावरण से संबंधित और भी गतिविधियों को भविष्य में आयोजन करने का संकल्प लिया।

# हर संकल्पना के साथ दर्शाती है डाक विभाग की प्रतिबद्धता : कृष्ण कुमार यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । भारतीय डाक विभाग ने पुस्तकों और अध्ययन सामग्री को कम लागत में भेजने के लिए आज पहली मई से 'ज्ञान पोस्ट सेवा' की शुरुआत की गई।

इस सम्बंध में जानकारी देते हुए पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि 'ज्ञान पोस्ट' के तहत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक बोर्ड, विश्वविद्यालय, सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय और सांविधिक निकाय से सम्बंधित पुस्तकें, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के उम्मीदवारों द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली पाठ्यपुस्तकें और देश के सुसंगत विधि के अनुसार जारी या प्रकाशित सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्वरूप सम्बंधित साहित्य डाक द्वारा भेजे जा सकेंगे। ऐसे सभी पैकेट पर ज्ञान पोस्ट अंकित होने चाहिए।

उन्होंने बताया कि 'ज्ञान पोस्ट' के अंतर्गत भेजी जाने वाली पुस्तकों और मुद्रित शैक्षिक सामग्रियों को ट्रैक किया जा सकेगा और कम लागत के प्रभावी वितरण सुनिश्चित करने के लिए सतही माध्यम से परिवहन किया जा सकेगा। इसके तहत बुक करने हेतु न्यूनतम पैकेट वजन सीमा 300 ग्राम और अधिकतम वजन सीमा 5 किलोग्राम होगी और शुल्क 20 रुपए से शुरू होकर अधिकतम 100 रुपए (लागू करों के अनुसार) तक होगा। भारतीय डाक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि 'ज्ञान पोस्ट' सेवा 'हर घर ज्ञान, हर सपने को उड़ान' की संकल्पना के साथ देश के हर हिस्से में शिक्षा का समर्थन करने और शिक्षार्थियों तक पहुंचने के लिए भारतीय डाक की निरंतर प्रतिबद्धता दर्शाती है।

# डीएम के साथ एसपी ने किया शहर भ्रमण, लोगो को बेहतर यातायात सुविधा देने पर हुआ विचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने में निभाये योगदान : डीएम शशांक त्रिपाठी

### छाया चौराहे का होगा जीर्णोद्धार, डीएम ने ईओ नगर पालिका को दिये निर्देश

बाराबंकी । जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय, प्रशिक्षु आईएएस श्री तेजस के., अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह, एसडीएम नवाबगंज श्री आनन्द कुमार तिवारी, एआरटीओ, ईओ नगर पालिका नवाबगंज व सीओ सदर के साथ शहर के प्रमुख चौराहों और सड़कों पर पैदलमार्च करके यातायात/ट्रैफिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शहर के चौराहों के सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना बनाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। गुरुवार की दोपहर सर्वप्रथम डीएम, सम्बंधित अधिकारियों के साथ शहर के छाया चौराहे पर पहुंचे, वहाँ पर उन्होंने छाया चौराहे के जीर्णोद्धार के लिये ईओ नगर पालिका परिषद नवाबगंज को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा बेतरतीब लगे विद्युत पोल की शिफ्टिंग( अंडर ग्राउंड) के लिये कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए।

लेबर अड्डे की शिफ्टिंग के दिये निर्देश छाया चौराहे पर लगने वाले लेबर अड्डे की वजह से पूरे चौराहे पर सुबह के समय प्रतिदिन, स्कूली बच्चों सहित आम नागरिकों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है इस सम्बंध में तमाम शहर वासियों के द्वारा बार-बार लेबर अड्डे की शिफ्टिंग का अनुरोध भी किया जा रहा है जिसको लेकर जिलाधिकारी ने लेबर अड्डे की शिफ्टिंग पास में बनी पार्क में करने के लिये ईओ नगर पालिका परिषद नवाबगंज व अन्य सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। नेबलेट तिराहा से शहर के व्यस्ततम स्थलों यथा धनोखर चौराहा, घंटाघर होते हुए सिटी इंटर कॉलेज तक पैदलमार्च कर देखी जाम की स्थित जिलाधिकारी ने जिले के अधिकारियों के साथ नेबलेट तिराहे शहर के व्यस्ततम स्थलों यथा धनोखर चौराहा, घंटाघर होते हुए सिटी इंटर कॉलेज तक पैदलमार्च करके सड़क पर लगने वाली जाम की समस्या को देखा और अधिकारियों से इस मार्ग को वन-वे करने पर विचार विमर्श किया। जिससे जाम की समस्या से शहरवासियों को राहत मिल सके। इस दौरान शहर के सम्मानित व्यापारी बन्धुओ एवं आम जन द्वारा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का स्वागत भी किया गया।

मछली मंडी व सब्जी बाजार को माल गोदाम रोड पर शिप्ट करने पर विचार जिलाधिकारी ने जेनेस्मा डिग्री कॉलेज से लेकर पुलिस लाईन चौराहा होते हुए रेलवे माल गोदाम वाली (साईं मंदिर) रोड का भी निरीक्षण किया। पुलिस लाइन चौराहे पर लगने वाली मछली मंडी और जेनेम्सा के सामने लगने वाली सब्जी बाजार को रेलवे लाइन माल गोदाम रोड पर शिप्ट करने के विषय में अधिकारियों और व्यापारियों से चर्चा की। शहर को स्वच्छ सुंदर एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने में करें योगदान जिलाधिकारी ने व्यापारियों और शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने में सभी अपना योगदान निभाये जिससे बाराबंकी शहर स्वच्छ और सुंदर बन सके।

### भट्ठा श्रमिक का शव बरामद हत्या की आशंका

बाराबंकी। थाना क्षेत्र के ग्राम ददौरा में बीती रात एक भट्ठा मजदूर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ।मजदूरों द्वारा मृतक की पहचान उड़ीसा निवासी प्रत्यूष 22 वर्ष पुत्र स्व. गणेश के रूप में हुई है।वह मांडव सिली थाना नयापारा जिला नयापारा का निवासी था और इन दिनों चंदेल ब्रिक फील्ड पर ईंट पथाई का कार्य कर रहा था।बुधवार की रात ददौरा गांव में मेला लगा था मृतक अपने साथी छोटू मांझी के साथ मेला गया था जो कि रात नहीं लौटा।मजदूरों ने उसकी तलाश शुरू की। तभी किसी ने बताया कि मेला से दूर एक बाग में पुआल के ढेर के पास एक शव पड़ा है।सूचना पाते ही क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का निरीक्षण किय।शरीर पर चोट के कई निशान मिले।पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा।कर जांच शुरू की गई।थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि मेला देखने के दौरान दोनों ने शराब पी थी।शराब के नशे में विवाद बढ़ गया और छोटू मांझी ने मीट काटने वाले धारदार हथियार से प्रत्यूष पर हमला कर उसकी हत्या कर दी।हत्या के बाद छोटू ने स्वयं ही बाग में शव मिलने की सूचना दी जिससे उस पर संदेह और गहरा गया। फिलहाल पुलिस ने छोटू मांझी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

## चैंपियंस लीग सेमीफाइनल: इंटर मिलान से दो बार पिछड़ने के बाद बार्सिलोना ने 3-3 से की बराबरी

**एजेंसी**

बार्सिलोना । चैंपियंस लीग 2024-25 के सेमीफाइनल के पहले चरण में बुधवार को बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेले गए मुकाबले में फैंस को जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। इंटर मिलान जहां दो बार बढ़त लेने में कामयाब रही, वहीं बार्सिलोना ने दोनों बार शानदार वापसी करते हुए मुकाबला 3-3 की बराबरी पर खत्म किया। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में युवा लमिन यामाल ने एक ऐतिहासिक गोल दागा और दो बार गेंद को बार पर भी मारा।मैच की शुरुआत ही धमाकेदार रही। इंटर मिलान के मार्कस थुराम ने मुकाबले की शुरुआत के महज 30वें सेकंड में शानदार बैकहील गोल दागते हुए चैंपियंस लीग सेमीफाइनल इतिहास का सबसे तेज गोल कर डाला। इसके बाद डेंजल डम्फ्रीज ने कॉर्नर



से मिले मौके को हवा में छलांग लगाकर गोल में तब्दील किया और इंटर को 2-0 की मजबूत बढ़त दिला दी। हालांकि बार्सिलोना ने हार नहीं मानी। टीम के 16 वर्षीय स्टार यामाल ने अपने 100वें क्लब मैच में शानदार एकल प्रयास से गोल दागा और टीम को वापसी की राह दिखाई। यह गोल उन्हें चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में स्कोर करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बना गया। यामाल ने थुराम को पीछे छोड़ा, मखितारियन को छकाया और फिर बाएं पोस्ट से गेंद को गोल में डाला। पहले हाफ के 38वें मिनट में पेड्री के पास पर रफिन्हा ने हेड से बॉल फॉरवर्ड की और फ़ेरान टोरेस ने पास पर रिएक्ट करते हुए क्लोज रेंज से गोल किया। स्कोर 2-2 हो गया। हालांकि, दूसरे हाफ में डम्फ्रीज ने एक बार फिर हेडर से गेंद डाली, जो ओल्मो से लगकर गोल में चली गई

चैंपियंस लीग सेमीफाइनल: इंटर मिलान से दो बार पिछड़ने के बाद बार्सिलोना ने 3-3 से की बराबरी

और इंटर को तीसरी बार बढ़त मिली। इंटर की बढ़त ज्यादा देर नहीं टिक पाई। यामाल के कॉर्नर को रफिन्हा ने बॉक्स के किनारे से ताकतवर शॉट मारा, जो क्रॉसबार से लगकर गोलकीपर सोमर के सिर पर टकराया और गोल में चला गया। यह आत्मघाती गोल स्कोर 3-3 कर गया।

मुकाबले के अंतिम मिनटों में यामाल ने फिर एक बेहतरीन शॉट मारा जो क्रॉसबार से टकरा गया। अंततः मुकाबला ड्रॉ रहा। अब इस रोमांचक टाई का दूसरा चरण अगले मंगलवार को मिलान में खेला जाएगा, जहां विजेता 31 मई को म्यूनिख में होने वाले फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन या आर्सेनल से भिड़ेगा।

## आईपीएल 2025: ग्लेन मैक्सवेल की उंगली में फ्रैक्चर, सीजन लगभग समाप्त

**एजेंसी**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025)में पंजाब किंग्स के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का सीजन लगभग खत्म हो गया है। कप्तान श्रेयस अय्यर ने बुधवार को चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ टॉस के दौरान पुष्टि की कि मैक्सवेल की उंगली में फ्रैक्चर हुआ है। उन्होंने कहा कि फिलहाल टीम ने उनके रिप्लेसमेंट को लेकर कोई फैसला नहीं किया है। श्रेयस ने कहा, ''यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि मैक्सवेल की उंगली फ्रैक्चर हो गई है। ईमानदारी से कहूं तो हमने अभी तक रिप्लेसमेंट पर कोई फैसला नहीं लिया है। लेकिन हमारी टीम का माइंडसेट मजबूत है और हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो बाहर से आकर मैच जिताने की काबिलियत रखते हैं।'' ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर और मैक्सवेल के साथी खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस ने भी पुष्टि की कि मैक्सवेल की चोट गंभीर है। उन्होंने बताया कि यह चोट पिछले



मुकाबले से पहले प्रैक्टिस के दौरान लगी थी, लेकिन तब मैक्सवेल ने इसे हल्का समझा। स्टोइनिस ने कहा, ''उसे लगा था कि चोट हल्की है लेकिन स्कैन के बाद हालात खराब निकले। ऐसे में लगता है कि उनका सीजन यहीं खत्म हो गया है।


गौरतलब है कि इस सीजन मैक्सवेल का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। उन्होंने सात मुकाबलों में केवल 48 रन बनाए हैं। जबकि 11 सीजन पहले इसी फ्रेंचाइज़ी के लिए उन्होंने 552 रन ठोककर तहलका मचाया था। वहीं, आरसीबी के लिए 2021 और 2023 में भी उन्होंने धमाकेदार प्रदर्शन किया था। पंजाब किंग्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग ने मैच के बाद बताया कि टीम रिप्लेसमेंट की तलाश में है, लेकिन पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) की वजह से विदेशी विकल्प ढूंढना मुश्किल हो रहा है।

उन्होंने कहा, ''हम भारतीय खिलाड़ियों को भी देख रहे हैं। कुछ युवा खिलाड़ी हमारे साथ ट्रेनिंग कर चुके हैं और उन्हें धर्मशाला ले जाएंगे। हो सकता है उनमें से किसी को मौका मिल जाए।

## एशियन चैंपियंस लीग से बाहर हुई क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अल-नासर, जापान की कावासाकी ने किया बड़ा उलटफ़ेर

**एजेंसी**

जेद्दाह। एशियन चैंपियंस लीग एलाइट के सेमीफाइनल में बुधवार देर रात एक बड़ा उलटफ़ेर देखने को मिला जब जापानी क्लब कावासाकी फ्रंटेल ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम अल-नासर को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली। सऊदी प्रो लीग की इस महंगी टीम को उस वक्त झटका लगा जब यूटो ओजेकी और अकीहिरो इएनागा ने गोल दागे। हालांकि सादियो माने और ऐमान याह्या ने अल-नासर के लिए वापसी की कोशिश की, लेकिन अंत में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। कतर की अल-सद को क्वार्टरफाइनल में हराने के बाद आत्मविश्वास से भरी कावासाकी फ्रंटेल ने सेमीफाइनल में भी तेज शुरुआत की। मैच के 10वें मिनट में तत्सुया इटो ने शानदार वॉली के जरिए गोल दागा और कावासाकी



को 1-0 की बढ़त दिलाई। 28वें मिनट में सादियो माने ने रोनाल्डो की टीम को बराबरी दिलाई। उनका शॉट जापानी डिफेंडर मारुयामा के कंधे से हल्का डिफ्लेक्ट होकर गोल में गया। इसके बाद रोनाल्डो ने हेडर और ओवरहेड किक से गोल की कोशिशें कीं लेकिन सफलता नहीं मिली। पहले हाफ के खत्म होने से चार मिनट पहले इटो की तेज दौड़ और शॉट पर बेंटो ने बचाव किया लेकिन ओजेकी ने रिबाउंड पर गोल दाग दिया। दूसरे हाफ में अल-नासर ने वापसी की कोशिशें तेज कीं, लेकिन 76वें मिनट में कावासाकी के सब्स्टीट्यूट एरिसन ने शानदार मूव बनाते हुए इएनागा को पास दिया, जिन्होंने तीसरा गोल दागा। 87वें मिनट में ऐमान याह्या ने दूर से गोल कर स्कोर 3-2 किया और रोमांच भर दिया। आखिरी पलों में रोनाल्डो ने दो बार गोल करने की कोशिश की लेकिन जापानी गोलकीपर यामागुची ने शानदार बचाव किया। इसके साथ ही कावासाकी फ्रंटेल ने इतिहास रचते हुए पहली बार एशियन चैंपियंस लीग के फाइनल में जगह बनाई।

## आईपीएल 2025: प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हुई सीएसके, धोनी बोले- कैच छोड़ना पड़ा भारी

**एजेंसी**

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को बुधवार को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिसके साथ ही आईपीएल 2025 में वह प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। मैच के बाद कप्तान एमएस धोनी ने टीम के प्रदर्शन पर बात करते हुए कहा कि 190 रनों का स्कोर ''थोड़ा कम'' था और कुछ जरूरी कैच छोड़ने से उन्हें नुकसान हुआ।

धोनी ने मैच के बाद कहा, ''मुझे लगता है कि हमने पहली बार एक अच्छा स्कोर खड़ा किया, लेकिन मुझे लगता है हम थोड़ा पीछे रह गए। बैटिंग यूनिट का प्रयास अच्छा था, लेकिन हमे और रन बनाने चाहिए थे। ब्रेविस और सैम करन



की साझेदारी शानदार रही, लेकिन कुछ जरूरी कैच नहीं पकड़ने से विपक्षी टीम को गति मिल गई।''

18 बॉल में बिखर गई पारी, चहल की हैट्रिक से लगा झटका

सीएसके की पारी 19.2 ओवर में 190 रन पर सिमट गई। एक समय टीम 14 ओवर में 126/3 पर थी और 200+ स्कोर की ओर बढ़ रही थी। करन और ब्रेविस की 78 रन की साझेदारी ने रन रेट को बढ़ाया, लेकिन 18वें ओवर में करन (88 रन) के आउट होते ही टीम ने अंतिम 14 गेंदों में सिर्फ 18 रन बनाए। 19वें ओवर में युजवेंद्र चहल ने हैट्रिक सहित चार विकेट लिए और चेन्नई ने अंतिम छह विकेट 18 रन में गंवा दिए।

सीएसके का सीजन रहा फीका, रन रेट सबसे खराब

इस सीजन में चेन्नई का बल्लेबाजी प्रदर्शन लगातार खराब रहा है। टीम का रन रेट (8.23) अब तक का सबसे कम है। रुतुराज गायकवाड़ के कंधे की चोट के चलते बाहर होने के बाद टीम ने शैक राशीद और आयुष म्हात्रे जैसे युवा खिलाड़ियों को मौका दिया, लेकिन उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं हुआ। शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा और राहुल त्रिपाठी जैसे अनुभवी बल्लेबाज़ भी फ्लॉप रहे।

धोनी ने करन की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा, ''वो हमेशा टीम के लिए योगदान देना चाहता है। इस बार हमें होम ग्राउंड पर अच्छी पिच मिली, जिसका उसने फायदा उठाया। पिछले कुछ मैचों में पिच धीमी थी, जिससे उसे दिक्कत हो रही थी। लेकिन आज की पिच पर उसे मदद मिली और वह अच्छा खेला। मुझे लगता है हमें 15 रन और बनाने चाहिए थे।''

## धीमी ओवर गति के कारण पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर लगा जुर्माना

**एजेंसी**

नई दिल्ली। चेपॉक में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर चार विकेट से मिली रोमांचक जीत के बाद पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के कप्तान श्रेयस अय्यर पर धीमी ओवर गति के चलते 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल 2025 में यह पीबीकेएस की पहली ओवर-रेट संबंधी गलती है।

धीमी ओवर गति के कारण पंजाब को 19वें ओवर से पहले एक अतिरिक्त फील्डर सर्कल के अंदर लाना पड़ा, लेकिन इसका असर युजवेंद्र चहल के प्रदर्शन पर नहीं पड़ा। चहल ने जादुई गेंदबाजी करते हुए एक ही ओवर में चार विकेट चटकाए, जिसमें उनकी दूसरी आईपीएल हैट्रिक भी शामिल रही।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने सैम करन के 47 गेंदों में 88 रन



की बदौलत 18 ओवर में 177/5 रन बना लिए थे और स्कोर 200 पार जाता दिख रहा था। लेकिन चहल की फिरकी के सामने आखिरी पांच विकेट सिर्फ 6 रन में गिर गए और टीम 19.2 ओवर में 190 रन पर ढेर हो गई। जवाब में श्रेयस अय्यर ने 41 गेंदों में 72 रन की धमाकेदार पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 4 छक्के शामिल थे। अय्यर इस सीजन में पंजाब के टॉप स्कोरर हैं, जबकि प्रभसिमरन सिंह ने भी एक अहम अर्धशतक लगाया। इस जीत से पंजाब किंग्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स 10 मैचों में सिर्फ 4 अंकों के साथ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है।

कई कप्तान झेल चुके हैं ओवर-रेट की सजा

श्रेयस अय्यर से पहले इस सीजन ऋषभ पंत (लखनऊ सुपर जायंट्स), शुभमन गिल (गुजरात टाइटंस), अक्षर पटेल (दिल्ली कैपिटल्स), संजू सैमसन और रियान पराग (राजस्थान रॉयल्स), रजत पाटीदार (आरसीबी), और हार्दिक पंड्या (मुंबई इंडियंस) जैसे खिलाड़ी भी ओवर-रेट के दोषी पाए जा चुके हैं। पंजाब किंग्स अब 4 मई को धर्मशाला में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपना अगला मुकाबला खेलेगी।

## उप्र की टीम ने जीती आमंत्रण राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट प्रतियोगिता

मुरादाबाद। ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के सचिव डॉ. एबी पाठक ने बताया कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आमंत्रण राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीआईजी मुनिराज जी एवं मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के मध्य खेला गया, जिसमें उप्र की टीम विजयी रही। फाइनल मैच के मैन आफ द मैच महेन्द्र यादव रहे। प्रभारी क्षेत्रीय कीड़ाधिकारी प्रदीप सक्सेना व डॉ एबी पाठक ने अतिथियों का बुके, शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि द्वारा उप्र ब्लाइन्ड क्रिकेट के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं नगद धनराशि 15,000 रूपये प्रदान किए गए। उप विजेता टीम महाराष्ट्र को पुरस्कार एवं नगद धनराशि 10,000 रुपये से पुरस्कृत किया गया। ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन उप्र के सचिव डॉ. अजय पाठक ने दिव्यांग खिलाड़ियों को यह आश्वासन दिया ।

## हॉकी इंडिया ने की सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 40 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा

बेंगलुरु। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 40 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की। यह कैंप 25 अप्रैल से बेंगलुरु स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) सेंटर में चल रहा है। पहले इस कैंप में 54 खिलाड़ी शामिल थे, लेकिन एक सप्ताह की कठोर समीक्षा के बाद प्रदर्शन और वर्तमान फॉर्म के आधार पर इस सूची को 40 खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया गया है। पिछले कोर ग्रुप से 38 खिलाड़ियों ने अपनी जगह कायम रखी है, वहीं दो नए खिलाड़ियों ने हाल ही में आयोजित 15वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप और कैंप के शुरुआती प्रदर्शन के दम पर जगह बनाई है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-197330-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-155464-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-109933-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-174932-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-IntExt-96839-1-24-1 (Advertising-Train Interrior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OH-495-24-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-PYGS-OH-494-24-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.05.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.05.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Pnu-LKO-PYGS-WRL-79-25-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/ Cloack Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1286/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## एफपीआई ने फ्यूचर कॉन्ट्रैक्ट्स में बढ़ाया निवेश, बाजार में तेजी की संभावना बढ़ी

नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार में फिलहाल उतार-चढ़ाव बना नजर आ रहा है। अप्रैल में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने जोरदार छलांग लगाई। वहीं कुछ मौकों पर दोनों सूचकांकों को बड़ी गिरावट का भी सामना करना पड़ा। इस उतार-चढ़ाव के बाद पिछले एक सप्ताह से शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार करता नजर आ रहा है, जिसकी वजह से छोटे निवेशकों के सामने असमंजस की स्थिति बन गई है। दूसरी ओर, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने पिछले कुछ दिनों के दौरान बड़े पैमाने पर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स में निवेश किया है। माना जा रहा है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जिस तरह बुलिश पोजीशन बनाना शुरू किया है, उससे शेयर बाजार आने वाले दिनों में बड़े अपसाइड ब्रेक आउट का बेस बनाता हुआ नजर आ सकता है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने पिछले दो सप्ताह के दौरान 97,938 फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स खरीदे हैं।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी कीमत

**एजेंसी**

नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। सोना आज 2,000 रुपये से लेकर 2,160 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी भी आज गिर कर 1 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से नीचे आ गया है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 95,730 रुपये से लेकर 95,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 87,750 रुपये से लेकर 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार



कर रही है।

दिल्ली में 24 कैरेट सोना 95,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 95,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 95,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 87,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 95,730 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 95,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 95,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 95,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 87,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 95,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 95,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## एयर मार्शल दीक्षित ने एकीकृत रक्षा स्टाफ के प्रमुख का पदभार ग्रहण किया

**नयी दिल्ली।** एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने गुरूवार को एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय में एकीकृत रक्षा स्टाफ (सीआईएससी) के प्रमुख का पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू का स्थान लिया है जो बुधवार को सेवानिवृत्त हो गये। एयर मार्शल दीक्षित ने कार्यभार संभालने से पहले यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और वीरों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने साउथ ब्लॉक लॉन में पारंपरिक गार्ड ऑफ ऑनर का भी निरीक्षण किया। लगभग चार दशकों के विशिष्ट करियर में एयर मार्शल दीक्षित ने विभिन्न कमान, स्टाफ और अनुदेशात्मक पदों पर कार्य किया है तथा उनकी सेवाओं के लिए उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक, विशिष्ट सेवा पदक और वायु सेना पदक से सम्मानित किया गया है। सीआईएससी का कार्यभार संभालने से पहले एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित वायु सेना की मध्य कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने उत्तर भारत तथा मध्य क्षेत्र में अभियान की तैयारी बेहतर करने और सेना तथा नौसेना के साथ समन्वय को बढ़ावा देने की दिशा में भी कार्य किया है।

## ले. जनरल शर्मा ने सेना की उत्तरी कमान के प्रमुख का पदभार संभाला

**नयी दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने गुरूवार को सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) का पदभार ग्रहण कर लिया। उन्हें ले. जनरल एम वी सुचिन्द्र कमुार के स्थान पर यह जिम्मेदारी दी गयी है जो बुधवार को सेवानिवृत हो गये। एक उच्च पदस्थ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी , खड़कवासला, भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून और रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन के पूर्व छात्र हैं। उन्हें दिसंबर 1987 में मद्रास रेजिमेंट में कमीशन दिया गया था। उन्होंने राजधानी के नेशनल डिफेंस कॉलेज में भी कोर्स किया है। जनरल ऑफिसर के पास समृद्ध संचालन अनुभव है। उन्होंने नियंत्रण रेखा पर एक इन्फैंट्री बटालियन, ब्रिगेड तथा डिवीजन की कमान संभाली है और पश्चिमी क्षेत्र में एक स्ट्राइक कोर की कमान संभाली है। जनरल ऑफिसर के पास स्टाफ और नियुक्तियों में विविध अनुभव है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र मिशन में स्टाफ ऑफिसर भी शामिल है। उन्होंने सेना मुख्यालय में सैन्य संचालन निदेशालय और सैन्य सचिव शाखा में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उत्तरी कमान के जीओसी-इन-सी का पदभार संभालने से पहले वह सैन्य संचालन महानिदेशक और सेना उप प्रमुख (रणनीति) भी रह चुके हैं।

## एनआईए अदालत ने गुलाम नबी फई को यूएपीए मामले में अपराधी घोषित किया

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के बडगाम में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) अदालत के विशेष न्यायाधीश ने कश्मीर में जन्मे और अमेरिका में रहने वाले गुलाम नबी फई को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत अपराधी घोषित किया है। पुलिस ने कहा कि बडगाम के वडवान निवासी फई वर्तमान में अमेरिका में छिपा हुआ है और उसके खिलाफ यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत बडगाम पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज है। उन्होंने कहा कि वारंट जारी होने के बावजूद डॉ. फई लगातार गिरफ्तारी से बचते रहे, कानूनी प्रक्रिया में बाधा डालते रहे और कानून के तहत जवाबदेही से बचते रहे। गिरफ्तारी से बचने के लिए उनके लगातार असहयोग और जानबूझकर खुद को छिपाने के प्रयासों के मद्देनजर बडगाम पुलिस ने अदालत के समक्ष एक याचिका पेश की। अदालत ने याचिका पर कार्रवाई करते हुए 30 अप्रैल, 2025 को डॉ. फई को घोषित अपराधी घोषित कर दिया। अदालत ने फई को घोषणा की तारीख से 30 दिनों के भीतर जम्मू-कश्मीर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है।

## अरविंद श्रीवास्तव ने राजस्व सचिव का संभाला कार्यभार

नयी दिल्ली। कर्नाटक कैडर के 1994 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अरविंद श्रीवास्तव ने आज वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के सचिव का कार्यभार संभाल लिया।मंत्रालय ने यहां जारी बयान में कहा कि 18 अप्रैल 2025 को कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने श्री श्रीवास्तव को राजस्व विभाग का सचिव नियुक्त किया था। इससे पहले श्री श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव और फिर अतिरिक्त सचिव के पद पर रह चुके हैं। श्री श्रीवास्तव वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के बजट प्रभाग में संयुक्त सचिव, एशियाई विकास बैंक में विकास अधिकारी; कर्नाटक में वित्त विभाग के सचिव; कर्नाटक में शहरी विकास विभाग के सचिव; शहरी अवसंरचना विकास एवं वित्त निगम, कर्नाटक में प्रबंध निदेशक भी रह चुके हैं।

# सामाजिक न्याय के लिए स्वांग रचती है कांग्रेस :भाजपा

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जातिगत जनगणना का निर्णय लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देश की प्रगति, वंचितों के अधिकार और सामाजिक न्याय को लेकर प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया और कांग्रेस पर सामाजिक न्याय के लिए स्वांग रचने का आरोप लगाया।

केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान ने आज केन्द्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जातिगत जनगणना का निर्णय लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने इस निर्णय को देश की प्रगति, वंचितों के अधिकार और सामाजिक न्याय की दिशा में मोदी सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया।

श्री प्रधान ने खोखले नारेबाजी और अहंकारी बयान देने के लिए कांग्रेस की कड़ी आलोचना करते हुए राहुल गांधी को सामाजिक न्याय का विरोधी बताया और कहा कि कांग्रेस सिर्फ सत्ता के लिए सामाजिक न्याय का स्वांग रचती है। केंद्रीय मंत्री श्री प्रधान ने कहा कि कल एक बार फिर देश की जनता ने सच्ची नीयत और खोखले नारों के बीच के फर्क को स्पष्ट रूप से देख लिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में जातिगत जनगणना का निर्णय राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह फैसला अचानक नहीं लिया गया है, बल्कि पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की नीति का यह तार्किक और सैद्धांतिक विस्तार है। मोदी सरकार का मूल मंत्र रहा है - ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास।'' हमारी सभी योजनाओं और कार्यक्रमों का लक्ष्य सामाजिक न्याय रहा है, ताकि समाज के सभी वर्गों को वैज्ञानिक और पारदर्शी तरीके से लाभ पहुंच सके। श्री प्रधान ने कहा कि भाजपा सरकार ने पहली बार देश में ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया। बड़ी संख्या में वंचित वर्गों को सरकार में प्रतिनिधित्व मिला, चाहे वह केंद्र



सरकार हो, भाजपा शासित राज्य सरकारें हों या फिर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री या विधायक। यह सब सामाजिक न्याय की प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है, जिसकी अगुवाई स्वयं प्रधानमंत्री श्री मोदी कर रहे हैं। आजादी के बाद से अब तक की जनगणनाओं में जातिगत आंकड़े नहीं जुटाए गए थे। वर्ष 2021 में जनगणना प्रस्तावित थी जो कोविड महामारी के कारण स्थगित हो गई। अब सरकार ने सिद्धांत रूप में यह निर्णय लिया है कि आगामी जनगणना में जातियों की गणना भी की जाएगी। कल बुधवार को राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति में जातिगत जनगणना का निर्णय लिया गया, जिसकी जानकारी लगभग एक वर्ष पूर्व देश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भी दी गई थी। यह फैसला वंचित वर्गों को उनका हक और अधिकार सुनिश्चित कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा किए गए अनुभवों और आंकड़ों के आधार पर अब योजनाएं और भी सटीक, समावेशी और न्यायोचित बनाई जाएंगी। इस निर्णय का पूरे देश में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर स्वागत किया गया है। समाज के सभी वर्गों ने इस निर्णय को सराहा है। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ते भारत की मजबूत नींव का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री श्री प्रधान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा, उन्होंने जो ऐतिहासिक निर्णय लिया है, वह सामाजिक न्याय की दिशा में एक मील का पत्थर है। जब यह निर्णय लिया गया, तो कुछ लोगों की बौखलाहट स्पष्ट रूप से दिखाई दी। लेकिन जब यह चर्चा शुरू हो ही गई है, तो देश को पूरी सच्चाई जान लेनी चाहिए। 1931 में भारत में आखिरी बार जातिगत जनगणना हुई थी। 1941 में देश स्वतंत्र नहीं हुआ था, इसलिए उस समय की ब्रिटिश हुकूमत ने इसे नहीं कराया। लेकिन जब 1951 में स्वतंत्र भारत में पहली जनगणना होनी थी, तब सरकार और सिस्टम किसके हाथ में था , स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू उस समय देश के पहले प्रधानमंत्री थे और यह सर्वविदित है कि अगर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा गांधी न होते, तो सामाजिक संवेदना और समावेशिता संविधान का हिस्सा नहीं बनती। लेकिन दुर्भाग्यवश, पंडित नेहरू जातिगत आरक्षण के कट्टर विरोधी थे। उनका विरोध केवल मौखिक नहीं था, उन्होंने राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर यह कहा कि जाति आधारित आरक्षण से ''गुणवत्ता'' में कमी आएगी। यह सोच स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि सामाजिक न्याय के प्रति तत्कालीन कांग्रेस सरकार की मानसिकता क्या थी।

# हेडलाइन के माहिर मोदी को बतानी पड़ेगी जाति जनगणना की डेडलाइन: कांग्रेस

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जाति जनगणना कराने के ऐलान पर कांग्रेस ने कहा है कि अब तक इस मुद्दे पर चुप्पी साधे प्रधानमंत्री ने अचानक यह घोषणा कर सबको चौंका दिया है, लेकिन हेडलाइन में माहिर श्री मोदी को इसकी डेडलाइन भी बतानी होगी।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी ने कल सभी को कांग्रेस के सामाजिक न्याय और सामाजिक सशक्तीकरण के एजेंडा से अवगत कराया है। उन्होंने सरकार के इस निर्णय का समर्थन किया, लेकिन यह भी कहा कि जाति जनगणना से श्री मोदी ने हेडलाइन तो दी है लेकिन इसमें डेडलाइन नहीं दी है। श्री मोदी की हेडलाइन पाने की इसी महारत को देखते हुए श्री गांधी ने मांग की है कि सरकार जातिगत जनगणना को लेकर पूरा रोडमैप सामने रखे। मारी सरकार से तीन मांगे रही हैं। जातिगत जनगणना कराना, आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीमा ख़त्म करना और अनुच्छेद 15(5) को लागू करना शामिल है। हम छह साल से जनगणना का इंतज़ार कर रहे हैं और इससे पहले तो जाति शब्द का कोई जिक्र नहीं था, लेकिन कल अचानक जातिगत जनगणना की बात कह दी गई। जबकि 2025-26 के बजट में सेन्सस कमिश्नर के ऑफिस-जिसपर जनगणना करने की जिम्मेदारी होती है-उसे सिर्फ 575 करोड़ का बजट दिया गया है। इससे पहले ख़ुद दिसंबर 2019 में श्री मोदी देश को बता चुके हैं कि जनगणना कराने में 8,254 करोड़ का खर्च आएगा। ऐसे में सवाल है कि सरकार सिर्फ 575 करोड़ रुपए में कौन सी जनगणना कराएगी। श्री रमेश ने कहा, 24 दिसंबर, 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की और बाद में इस पर निकाला गया प्रेस पीआईबी वेबसाइट पर अपलोड किया, जिसमें लिखा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8,254 करोड़ रुपये की लागत से भारत की जनगणना 2021 कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसमें तीन घटक शामिल हैं, घरों की सूची बनाना, घरों की जनगणना और जनसंख्या गणना। यही तीन बातें इस प्रेस रिलीज में शामिल हैं और इसमें कहीं भी जाति शब्द का जिक्र नहीं है लेकिन अप्रत्याशित तरीक़े से कल यह बताया गया कि जनगणना में जातिगत जनगणना भी शामिल होगी। साल 2021 में जनगणना होनी चाहिए थी, लेकिन कोरोना का बहाना बनाकर यह काम नहीं किया गया। जबकि उस समय भी दुनिया के 50 से अधिक देशों ने जनगणना कराई थी।

# 80 शहरों में एक साथ हुआ फ्री प्री- नीट टी मेगा मॉक टेस्ट

कोटा। 4 मई को आयोजित होने जा रही नीट-यूजी 2025 परीक्षा से पहले, मोशन एजुकेशन द्वारा देशभर के 80 शहरों में एक साथ मेगा मॉक टेस्ट आयोजित किया गया। इस अभ्यास परीक्षा में करीब 8000 नीट अभ्यर्थियों ने भाग लिया। कोटा में यह मॉक टेस्ट दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया गया, जो कि असली परीक्षा के समयानुसार ही था। मोशन एजुकेशन के संस्थापक और सीईओ नितिन विजय स्वयं परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया, यह मॉक टेस्ट हमारे अनुभवी फैकल्टी द्वारा नीट-यूजी 2025 के नए पैटर्न और संभावित कठिनाई स्तर को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। मोशन एजुकेशन में जॉइंट डायरेक्टर और नीट डिवीजन हेड अमित वर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, अब नए टॉपिक शुरू करने के बजाय मॉक टेस्ट को समय सीमा में हल करने का अभ्यास करें। तीन घंटे में 180 प्रश्न हल करने की आदत डालें और हर टेस्ट के बाद अपनी गलतियों का



विश्लेषण करें। यह देखें कि गलती की वजह कांसेप्चुअल गैप, समझ की कमी, या समय प्रबंधन की समस्या है। उसी के अनुसार तैयारी में सुधार करें। सबसे जरूरी बात, तनावमुक्त रहें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कोटा की एक छात्रा शुभ्रा सिंह ने मॉक टेस्ट के अनुभव को साझा करते हुए कहा, यह टेस्ट बिल्कुल असली नीट परीक्षा जैसा माहौल लेकर आया। इससे हमें अपनी तैयारी का मूल्यांकन करने और समय प्रबंधन को बेहतर करने का मौका मिला। एक और प्रतिभागी राजीव कुमार ने कहा, इस तरह के फुल-स्केल मॉक टेस्ट से हमें असली परीक्षा का दबाव समझने में मदद मिली और उसे संभालने की रणनीति भी तय हो पाई। यह हमारी तैयारी को शार्प करने के लिए बेहद उपयोगी रहा।

# पेज एक का शेष

## यूपी का विकास...

के लिए चुने गए दिन और स्थान की सराहना की और कहा कि आज गुजरात स्थापना दिवस और श्रमिक दिवस है। स्थान के रूप में अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी का चयन टेक्नोलॉजी के युग में भारत की प्रगति को दर्शाता है। उन्होंने आनंदीबेन के साहस की प्रशंसा करते हुए कहा कि गवर्नर ने हमेशा हिम्मत दिखाई है। ऐसी पुस्तक ईमानदारी से लिखना बहुत मुश्किल है। सबसे बड़ी चुनौती है यह लिखना कि 'चुनौती मुझे पसंद है'। उन्होंने स्वामी चिदानंद सरस्वती को भारत का सांस्कृतिक राजदूत बताया और राज्यपाल की बेटी अनारबेन पटेल का जिक्र करते हुए जंजीर फिल्म का डायलॉग 'मेरे पास मां है' की चर्चा की। उन्होंने कहा कि अनारबेन के पास ऐसी मां है, जिसकी ताकत कम नहीं है। श्री धनखड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि देश का सौभाग्य है कि हमें तीसरी बार एक सशक्त प्रधानमंत्री मिला है। उन्होंने चुनौतियों को अवसर में बदला है। हर घर में बिजली, शौचालय, नल, इंटरनेट, और स्वास्थ्य सुविधाएं इसका नतीजा हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति और दर्शन की ताकत पर जोर देते हुए कहा कि संकट में हमें वेद, गीता, रामायण और महाभारत की ओर देखना चाहिए, जो हमें बताता है कि हमें कभी भी कर्तव्यपथ से नहीं हटना चाहिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश की प्रगति पर कहा कि इस प्रांत ने देश को पहला वॉटर-वे दिया है। पहली रैपिड रेल यूपी में है। यहां संभावनाओं के बुलबुले उठ रहे हैं। उन्होंने आपातकाल को इतिहास का काला अध्याय बताते हुए कहा कि लोग कहते हैं जनता की मेमोरी शॉर्ट होती है, लेकिन क्या हम इमरजेंसी को भूल गए हैं? उपराष्ट्रपति ने सभी को संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करने और लोकतंत्र की मजबूती के लिए सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और वाग्देवी की प्रतिमा पर पुष्पार्चन के साथ हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपराष्ट्रपति को गंगाजल से भरा अमृत कलश भेंट किया। राज्यपाल की बेटी अनारबेन पटेल ने सुदेश धनखड़ और आनंदीबेन पटेल का सम्मान किया, जबकि उनके बेटे संजय भाई ने मुख्यमंत्री और स्वामी चिदानंद सरस्वती को सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल की जीवनी पर आधारित एक वृत्तचित्र भी प्रदर्शित किया गया।

## एक दूसरे का सम्मान...

है जब सभी संस्थाएं अपने-अपने दायरे में सीमित रहती हैं। जब संस्थाएं एक दूसरे का सम्मान करती हैं। संस्थाओं के बीच के टकराव से लोकतंत्र को चोट पहुंचती है। संविधान इस बात की मांग करता है कि समन्वय हो, सहभागिता हो, विचार विमर्श हो, संवाद और वाद विवाद हो।ङ्क

उन्होंने कहा, राष्ट्रपति जैसे गरिमापूर्ण पद पर टिप्पणी करना मेरे हिसाब से चिंतन का विषय है और मैंने इस बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है। सभी संस्थाओं की अपनी-अपनी भूमिका है। एक संस्था को दूसरी संस्था की भूमिका अदा नहीं करनी चाहिए। हमें संविधान का उसकी मूल भावना में सम्मान करना चाहिये। श्री धनखड़ ने कहा कि जिस तरीके से विधायिका विधिक फैसले नहीं ले सकती, यह न्यायपालिका का काम है। मैं न्यायपालिका का सबसे ज्यादा सम्मान करता हूं। मैंने चार दशक से ज्यादा समय तक वकालत की है। मैं जानता हूं कि न्यायपालिका में प्रतिभाशाली लोग हैं। न्यायपालिका का बहुत बड़ा महत्व है। हमारी प्रजातांत्रिक व्यवस्था कितनी मजबूत है, यह न्यायपालिका की स्थिति से परिभाषित होती है। हमारे न्यायाधीश सर्वश्रेष्ठ न्यायाधीशों में से हैं लेकिन मैं अपील करता हूं कि हमें सहयोग समन्वय और सहयोगात्मक रवैया अपनाना चाहिए।ङ्क गौरतलब है कि श्री धनखड़ ने इससे पहले वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर उच्चतम न्यायालय के एक आदेश पर टिप्पणी करते हुए इसका विरोध किया था। पहलगाम आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुये उन्होने कहा कि जब ऐसी चुनौती आती है तो देश को एक सूत्र के रूप में खड़ा होना पड़ता है। राष्ट्र प्रथम ही हमारा सिद्धांत होना चाहिए। उप राष्ट्रपति ने अभिव्यक्ति और वाद विवाद को लोकतंत्र का अभिन्न अंग बताते हुये कहा कि जब अभिव्यक्ति करने वाला व्यक्ति खुद को ही सही माने और दूसरे को हर हाल में गलत, तो अभिव्यक्ति का अधिकार 'विकार' बन जाता है। उन्होंने कहा कि वाद विवाद नहीं होगा तो हमारे वेदों का जो दर्शन है वह खत्म हो जाएगा। उसके बाद अहम और अहंकार पैदा होगा। अहम और अहंकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए घातक है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे पुराना लोकतंत्र है। हमारी सांस्कृतिक विरासत भी विशाल है तो कोई भी किसी भी परिस्थिति में इनको चुनौती दे तो उस चुनौती को हमें स्वीकार करना चाहिए। आपातकाल का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, लोग यह कहते हैं की जनता की याददाश्त बहुत कम होती है लेकिन ऐसा होता नहीं है। क्या हम आपातकाल को भूल गए। समय तो बहुत निकल गया है। आपातकाल की काली छाया आज भी हमको नजर आती है। वह भारतीय इतिहास का सबसे काला अध्याय है। उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को उनके द्वारा रचित पुस्तक के लिये बधाई दी और कहा कि ऐसी पुस्तक लिखना आसान नहीं है और ईमानदारी से लिखना बहुत ही मुश्किल है।

## पहलगाम हमले के दोषियों ...

ने अमेरिकी रक्षा मंत्री को बताया कि पाकिस्तान का आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और वित्त पोषण करने का इतिहास रहा है। रक्षा मंत्री के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेग्सेथ ने आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात की और पहलगाम, जम्मू और कश्मीर में हुए नृशंस आतंकवादी हमले में निर्दोष नागरिकों की दुखद मृत्यु पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। श्री हेग्सेथ ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एकजुटता में खड़ा है और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में अमेरिकी सरकार के मजबूत समर्थन को दोहराया। बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री ने श्री हेग्सेथ को बताया कि पाकिस्तान का आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और वित्त पोषण करने का इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक समुदाय के लिए आतंकवाद के ऐसे जघन्य कृत्यों की स्पष्ट रूप से निंदा करना और उन्हें उजागर करना महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि पहलगाम हमले के बाद से भारत अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को विश्वास में लेने के साथ साथ आतंकवाद को बढावा देने के लिए पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करने के उद्देश्य से राजनयिक स्तर पर बड़ी कवायद में जुटा है।

## खराब मौसम से क्षतिगस्त...

बताया कि 24 घंटे में पीड़ित परिवार को सहायता धनराशि प्रदान कर दी जाएगी। उधर, सीएम योगी के निर्देश पर अचानक खराब मौसम से क्षतिगस्त फसलों के सर्वे का काम शुरू कर दिया गया है। पीड़ित किसानों को 24 घंटे में क्षतिगस्त फसलों का मुआवजा प्रदान कर दिया जाएगा।

## संस्कृति, रचनात्मकता...

क्रिएटर्स चैलेंज और क्रिएटोस्फीयर पहल पर प्रकाश डाला, जिसमें 60 देशों में लगभग 100,000 रचनात्मक पेशेवरों की भागीदारी देखी गई। उन्होंने कहा कि 32 चुनौतियों में से 800 फाइनलिस्टों का चयन किया गया है, उनकी प्रतिभा को पहचाना गया है और उनकी उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी गई है। उन्होंने फाइनलिस्टों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अब उनके पास वैश्विक रचनात्मक मंच पर अपनी पहचान बनाने का अवसर है।

प्रधानमंत्री ने वेवेस शिखर सम्मेलन के दौरान भारत मंडप में प्रदर्शित रचनात्मक विकास के लिए उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने टिप्पणी की कि महत्वपूर्ण नवाचार हासिल किया गया है और वह इन रचनाओं को पहली बार देखने के लिए तत्पर हैं। प्रधानमंत्री ने नए रचनाकारों को प्रोत्साहित करने और उन्हें उभरते बाजारों से जोड़ने की क्षमता को ध्यान में रखते हुए वेव्स बाजार पहल पर प्रकाश डाला। उन्होंने कला उद्योग में खरीदारों और विक्रेताओं को जोड़ने की अवधारणा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की पहल रचनात्मक अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है और कलाकारों के लिए नए अवसर प्रदान करती है।


उन्होंने रचनात्मकता और मानव अनुभव के बीच गहरे संबंध का उदाहरण देते हुए कहा कि एक बच्चे की यात्रा एक माँ की लोरी से शुरू होती है जो ध्वनि और संगीत के लिए उनका पहला परिचय होती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह एक माँ अपने बच्चे के लिए सपने बुनती है, उसी तरह से रचनात्मक पेशेवर एक युग के सपनों को आकार देते हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि वेव्स का सार ऐसे दूरदर्शी व्यक्तियों को एक साथ लाने में निहित है जो अपनी कला के माध्यम से पीढ़ियों को प्रेरित और प्रभावित करते हैं।

श्री मोदी ने सामूहिक प्रयासों में अपने विश्वास की पुष्टि करते हुए कहा कि कलाकारों, रचनाकारों और उद्योग के नेताओं का समर्पण आने वाले वर्षों में वेव्स को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने अपने उद्योग समकक्षों से उसी स्तर के समर्थन और हैंडहोल्डिंग को जारी रखने का आग्रह किया जिसने शिखर सम्मेलन के पहले संस्करण को सफल बनाया। उन्होंने टिप्पणी की कि कई रोमांचक लहरें अभी आना बाकी हैं और घोषणा की कि भविष्य में वेव्स पुरस्कार शुरू किए जाएंगे, खुद को कला और रचनात्मकता की दुनिया में सबसे प्रतिष्ठित सम्मान के रूप में स्थापित करेंगे। उन्होंने निरंतर प्रतिबद्धता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि लक्ष्य दुनिया भर के लोगों का दिल जीतना और रचनात्मकता के माध्यम से पीढ़ियों को प्रेरित करना है। प्रधानमंत्री ने भारत की तेजी से आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। उन्होंने कहा कि वैश्विक फिनटेक अपनाने में भारत नंबर एक स्थान रखता है, दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता है, और दुनिया भर में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक विकसित राष्ट्र बनने की भारत की यात्रा अभी शुरू हुई है और इसके पास देने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने कहा, ''भारत न केवल एक अरब से अधिक आबादी का घर है, बल्कि एक अरब से अधिक कहानियां भी हैं। देश के समृद्ध कलात्मक इतिहास का संदर्भ देते हुए उन्होंने याद किया कि दो हजार साल पहले भरत मुनि के नाट्य शास्त्र ने भावनाओं और मानवीय अनुभवों को आकार देने में कला की शक्ति पर जोर दिया था। उन्होंने कहा कि सदियों पहले कालिदास के अभिज्ञान-शाकुंतलम ने शास्त्रीय नाटक में एक नई दिशा शुरू की थी। प्रधानमंत्री ने भारत की गहरी सांस्कृतिक जड़ों को रेखांकित करते हुए कहा कि हर सड़क की एक कहानी होती है, हर पहाड़ में एक गीत होता है, और हर नदी एक धुन गुनगुनाती है। उन्होंने कहा कि भारत के छह लाख गांवों में से प्रत्येक की अपनी लोक परंपराएं और अनूठी कहानी कहने की शैली है जिसमें समुदाय लोककथाओं के माध्यम से अपने इतिहास को संरक्षित करते हैं। उन्होंने भारतीय संगीत के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चाहे भजन, गजल, शास्त्रीय रचनाएं या समकालीन धुनें हों, हर राग में एक कहानी होती है और हर लय में एक आत्मा होती है। श्री मोदी ने वेव्स शिखर सम्मेलन में भारत की गहरी कलात्मक और आध्यात्मिक विरासत को रेखांकित किया, जिसमें दिव्य ध्वनि नाद ब्रह्मा की अवधारणा को उजागर किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय पौराणिक कथाओं ने हमेशा संगीत और नृत्य के माध्यम से दिव्यता व्यक्त की है, भगवान शिव की पहली ब्रह्मांडीय ध्वनि के रूप में, देवी सरस्वती की वीणा को ज्ञान की लय के रूप में, भगवान कृष्ण की बांसुरी को प्यार के शाश्वत संदेश के रूप में और भगवान विष्णु की शंख को सकारात्मक ऊर्जा के लिए कॉल के रूप में उद्धृत किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिखर सम्मेलन में मंत्रमुग्ध करने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुति भी इस समृद्ध विरासत को दर्शाती है। यह घोषणा करते हुए कि यह सही समय है, श्री मोदी ने भारत में क्रिएट इन इंडिया, क्रिएट फॉर द वर्ल्ड के भारत के दृष्टिकोण को दोहराते हुए कहा कि देश की कहानी कहने की परंपरा हजारों वर्षों तक फैले एक अमूल्य निधि है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत की कहानियां कालातीत, विचारोत्तेजक और वास्तव में वैश्विक हैं, जिसमें न केवल सांस्कृतिक विषय बल्कि विज्ञान, खेल, साहस और बहादुरी भी शामिल हैं। उन्होंने टिप्पणी की कि भारत का कहानी कहने वाला परिदृश्य विज्ञान को कथा के साथ जोड़ता है, और नवाचार के साथ वीरता, एक विशाल और विविध रचनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र बनाता है। उन्होंने वेव्स मंच का आह्वान किया कि वह भारत की असाधारण कहानियों को दुनिया के साथ साझा करने की जिम्मेदारी ले, उन्हें नए और आकर्षक प्रारूपों के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों के लिए लाए। पद्म पुरस्कारों और वेव्स शिखर सम्मेलन के पीछे के दृष्टिकोण के बीच समानताओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों पहलों का उद्देश्य भारत के हर कोने से प्रतिभाओं को पहचानना और उत्थान करना है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के कुछ साल बाद पद्म पुरस्कार शुरू हुए, लेकिन वे वास्तव में बदल गए जब भारत ने लोगों के पद्म को अपनाया, दूरदराज के क्षेत्रों से राष्ट्र की सेवा करने वाले व्यक्तियों को मान्यता दी। इस बदलाव ने, उन्होंने जोर देकर कहा, पुरस्कारों को एक समारोह से राष्ट्रीय उत्सव में बदल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी तरह, वेव्स फिल्मों, संगीत, एनीमेशन और गेमिंग में भारत की विशाल रचनात्मक प्रतिभा के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में काम करेगा, यह सुनिश्चित करेगा कि देश के हर हिस्से के कलाकारों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मान्यता मिले। श्री मोदी ने विविध विचारों और संस्कृतियों को अपनाने की भारत की परंपरा को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत के सभ्यतागत खुलेपन ने पारसी और यहूदियों जैसे समुदायों का स्वागत किया है, जो देश में पनपे हैं और इसके सांस्कृतिक ताने-बाने का एक अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने विभिन्न देशों के मंत्रियों और प्रतिनिधियों की उपस्थिति को स्वीकार करते हुए कहा कि प्रत्येक राष्ट्र की अपनी सफलताएं और योगदान हैं। उन्होंने कहा कि भारत की ताकत वैश्विक कलात्मक उपलब्धियों का सम्मान करने और जश्न मनाने में निहित है, जिससे रचनात्मक सहयोग के लिए देश की प्रतिबद्धता मजबूत होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विभिन्न संस्कृतियों और राष्ट्रों की उपलब्धियों को प्रतिबिंबित करने वाली सामग्री बनाकर, वेव्स वैश्विक कनेक्टिविटी और कलात्मक आदान-प्रदान की दृष्टि को मजबूत कर सकता है। प्रधानमंत्री ने वैश्विक रचनात्मक समुदाय का आह्वान करते हुए किया कि भारत की कहानियों के साथ जुड़ने से उनकी अपनी संस्कृतियों के साथ गहराई से गूंजने वाली कथाएं प्रकट होंगी। उन्होंने कहा कि भारत की समृद्ध कहानी कहने की परंपरा में ऐसे विषय और भावनाएं हैं जो सीमाओं से परे हैं, एक प्राकृतिक और सार्थक संबंध बनाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की कहानियों का पता लगाने वाले अंतर्राष्ट्रीय कलाकार और निर्माता देश की विरासत के साथ जैविक संबंध का अनुभव करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सांस्कृतिक तालमेल भारत के भारत के 'क्रिएट इन इंडिया' के विजन को और अधिक सम्मोहक और विश्व के लिए सुलभ बनाएगा। श्री मोदी ने कहा, यह भारत में ऑरेंज अर्थव्यवस्था, के तीन स्तंभ -सामग्री, रचनात्मकता और संस्कृति की प्रभात का समय है।ङ्क उन्होंने कहा कि भारतीय फिल्में अब 100 से अधिक देशों में दर्शकों तक पहुंच गई हैं, वैश्विक दर्शक तेजी से सतह-स्तर की प्रशंसा से परे भारतीय सिनेमा को समझने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने उपशीर्षक के साथ भारतीय सामग्री देखने वाले अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों की बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रकाश डाला, जो भारत की कहानियों के साथ गहरी भागीदारी का संकेत देता है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में भारत के ओ. टी. टी. उद्योग में दस गुना वृद्धि देखी गई है, जिसमें कहा गया है कि स्क्रीन का आकार कम हो सकता है, लेकिन सामग्री का दायरा अनंत है, जिसमें माइक्रो स्क्रीन मेगा संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय व्यंजन वैश्विक पसंदीदा बन रहे हैं और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय संगीत जल्द ही दुनिया भर में इसी तरह की मान्यता प्राप्त करेगा। प्रधानमंत्री ने भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था की अपार संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में देश की जीडीपी में इसका योगदान काफी बढ़ने वाला है। भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल सामग्री, गेमिंग, फैशन और संगीत के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है।

# आकाशवाणी पर पहली बार चारधाम यात्रा का हुआ सजीव प्रसारण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून । उत्तराखंड स्थित प्रसिद्ध चारधाम यात्रा का पहली बार आकाशवाणी पर सजीव प्रसारण किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक कवरेज आकाशवाणी महानिदेशालय के निर्देशन में आकाशवाणी देहरादून केंद्र द्वारा किया जा रहा है। यात्रा से जुड़ी सभी प्रमुख गतिविधियों को क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर रेडियो रिपोर्ताज और विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से प्रसारित किया जा रहा है। चारधाम यात्रा कवरेज टीम के नोडल अधिकारी विनोद कुमार और सहायक निदेशक कार्यक्रम अभिनय श्रीवास्तव ने बताया कि चारधाम यात्रा पर आधारित कार्यक्रमों का प्रसारण 29 अप्रैल से राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया गया। आकाशवाणी देहरादून केंद्र की कार्यक्रम प्रमुख मंजुला नेगी ने बताया कि ये आकाशवाणी देहरादून के लिए एक



ऐतिहासिक प्रयास था कि पहली बार चारधाम के कपाट खुलने का सीधा प्रसारण किया जा रहा है। 30 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुलने का सीधा आंखों देखा हाल सफलतापूर्वक प्रसारित किया जा चुका है । 2 मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर आकाशवाणी से सजीव प्रसारण किया जाएगा। मीडिया टीम में श्रीकृष्ण, अर्जुन रावत और अनिल चंदोला शामिल हैं। बद्रीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खुलेंगे। इस समारोह का बद्रीनाथ धाम से विनय ध्यानी, अभिनव पांडे और डॉ कृपाल भंडारी लाइव कमेंट्री करेंगे। चारधाम यात्रा कवरेज टीम में दिल्ली, जयपुर, इलाहाबाद, गोरखपुर, आगरा, देहरादून आदि केंद्रों के कार्यक्रम और तकनीकी विभाग के अधिकारी और कर्मियों को शामिल किया गया है। चारधाम उत्तराखंड के इस राष्ट्र व्यापी प्रसारण को ओटीटी वेव प्लेटफॉर्म, आकाशवाणी दिल्ली के नेशनल नेटवर्क, ऑफिशियल यू ट्यूब लाइव स्ट्रीमिंग, आराधना चैनल और मोबाइल ऐप न्यूज ऑन एयर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। चारधाम उत्तराखंड की ताजा अपडेट, और व्यवस्थाओं से जुड़ी हर गतिविधियों पर आधारित कार्यक्रम और रेडियो रिर्पोट का प्रसारण क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिदिन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आकाशवाणी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शीतकालीन यात्रा मुखवा पहुंचकर उत्तराखंड की चार धाम यात्रा को ख्याति दिलाने में योगदान दिया है।

# एमसीडी ने मलबा निस्तारण के लिए 106 स्थल किए निर्धारित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने गुरुवार को शहर में कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके लिए एमसीडी ने 106 स्थानों को निर्धारित किया है। जहाँ निवासी निर्माण और मरम्मत कार्य से उत्पन्न निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (सीएंडडी) कचरे का निपटान कर सकते हैं।

इस पहल का उद्देश्य निवासियों को अपने सीएंडडी कचरे का प्रबंधन करने के लिए एक नियत और कुशल तरीका प्रदान करना है। जिससे एक स्वच्छ और अधिक व्यवस्थित दिल्ली बनाने में योगदान मिल सके।

एमसीडी ने कहा कि सीएंडडी कचरे की मात्रा तीन सौ मीट्रिक टन से अधिक है। तो वे मलबा को बुराड़ी, रानीखेड़ा, बक्करवाला और शास्त्री पार्क में स्थित सीएंडडी प्लांट में पहुंचा दें। ये संयंत्र बड़ी मात्रा में मलबे को संभालने के लिए सुसज्जित हैं। जिससे यह सुनिश्चित होता है कि इसका निपटान पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार तरीके से किया जाए।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेशों के अनुसार अनधिकृत स्थानों पर मलबा डालने वालों पर पांच हजार रुपये से 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

एमसीडी ने सभी निवासियों से अनुरोध किया है कि वे निर्दिष्ट डंपिंग साइटों का उपयोग करें और दिशानिर्देशों का पालन करके इस पहल में सहयोग करें। सभी एक साथ काम कर के निवासीओं और एमसीडी सभी के लिए एक स्वच्छ, हरियाली और अधिक सतत दिल्ली सुनिश्चित कर सकते हैं। निवासी इन निर्दिष्ट डंपिंग साइटों की सूची दिल्ली नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर आसानी से पा सकते हैं। इसके अतिरिक्त मलबे के निपटान के बारे में किसी भी प्रश्न या जानकारी के लिए निवासियों की सहायता के लिए एक हेल्पलाइन नंबर, 155305 भी उपलब्ध किया गया है।

## दिल्ली जल बोर्ड में तोड़फोड़ मामले में राघव चड्ढा की याचिका का निस्तारण

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने 2020 में कोरोना प्रतिबंधों का उल्लंघन और दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के दफ्तर में तोड़फोड़ की घटना में दिल्ली पुलिस की जांच पर कोर्ट की निगरानी की मांग वाली याचिका वापस ले ली है। राउज ऐवन्यू कोर्ट ने यह मामला याचिका वापसी के बाद निस्तारित कर दिया। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने याचिका को निस्तारित करने का आदेश दिया। राघव चड्ढा के वकील ने कोर्ट को बताया कि याचिका का उद्देश्य अब पूरा हो चुका है और आगे इस पर सुनवाई की आवश्यकता नहीं है। राघव चड्ढा ने याचिका दायर कर इस मामले की निगरानी करने की मांग की थी। उन्होंने दिल्ली पुलिस से 2020 में इस मामले की शिकायत की थी, जिस पर देशबंधु गुप्ता थाने में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। इस मामले में भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया, भाजपा नेता आदेश गुप्ता, रवि तंवर और विकास तंवर को आरोपित बनाया गया है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में आईपीसी की धारा 188, 269, 147, 148, 149, 427 और प्रिवेंशन ऑफ डैमेज टू पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट और पंडेमिक एक्ट की धारा 3 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी। तीस हजारी कोर्ट ने 29 अप्रैल को चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। पहले ये मामला तीस हजारी कोर्ट में चल रहा था। जब चंदोलिया सांसद बने तब इस मामले की सुनवाई राऊज एवेन्यू कोर्ट में ट्रांसफर कर दी गई। राऊज एवेन्यू कोर्ट एमपी-एमएलए की स्पेशल कोर्ट है जिसकी वजह से ये मामला तीस हजारी कोर्ट से ट्रांसफर किया गया।

## केदारनाथ पहुंची बाबा की पंचमुखी डोली, शुक्रवार सुबह खुलेंगे कपाट

रुद्रप्रयाग । बाबा केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार सुबह 7 बजे भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिये जाएंगे। धाम के कपाट खोले जाने की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। मंदिर को 108 क्विंटल फूल-मालाओं से सजाया गया है। इस अवसर के साक्षी बनने के लिए 10 हजार से अधिक श्रद्धालु आज शाम तक धाम पहुंच चुके हैं। वहीं, सेना की बैंड धुनों और भक्तों के जयकारों के बीच बाबा केदार की चल उत्सव विग्रह डोली भी धाम पहुंच गई है। गुरूवार को जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार और पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे केदारनाथ पहुंचकर तैयारियों का जायजा लेते हुए वहां तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिये। दोनों अधिकारियों ने केदारनाथ मंदिर के चारों तरफ सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केदारनाथ में 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के रात्रि प्रवास की व्यवस्था की गई है। सभी भक्तों को सुलभ तरीके से दर्शन हों, इसके लिए जरूरी इंतजाम किये जा रहे हैं। वहीं, श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि मंदिर के कपाट खोले जाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बताया कि शुक्रवार को सुबह 7 बजे वृष लग्न पर श्री केदारनाथ धाम के कपाट खोले जाएंगे। इसके बाद छह माह तक बाबा केदार के भक्त अपने आराध्य के दर्शन व पूजा धाम में ही करेंगे। कपाट खुलने के बाद से दर्शन के लिए टोकन व्यवस्था लागू कर दी जाएगी।

## भाजपा का वक़्फ़ सुधार जनजागरण अभियान, गरीब मुसलमानों को किया जा रहा है जागरूक

कटिहार । भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को वक़्फ़ सुधार जन जागरण अभियान समिति की संयुक्त बैठक की आयोजित की गई। जिसमें विधानसभा प्रभारी एवं विधानसभा संयोजक मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि इस कानून को लेकर बिहार प्रदेश द्वारा बिहार के सभी जिलों में वक़्फ़ सुधार जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य वक़्फ़ कानून के बारे में लोगों को जागरूक करना और इसके फायदों को बताना है। राय ने कहा कि एनडीए सरकार द्वारा वक़्फ़ संसोधन कानून लाया गया है, लेकिन विपक्षी दलों द्वारा अलग-अलग भ्रांतियां फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला में इस कानून के बारे में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें गरीब मुसलमानों को वक़्फ़ कानून की अच्छाई और फायदे बताने का कार्य किया जाएगा। इस अभियान के लिए जिला महामंत्री सौरभ मालाकार को जिला संयोजक बनाया गया है, जबकि दिलीप वर्मा, शांति जायसवाल और शईद अनवर को सह संयोजक बनाया गया है।

# दिल्ली विधानसभा पुस्तकालय के डिजिटलीकरण को लेकर उच्चस्तरीय बैठक, विशेषज्ञों ने साझा किए सुझाव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा पुस्तकालय के डिजिटलीकरण को लेकर गुरुवार को विधानसभा सचिवालय में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने की। बैठक का उद्देश्य दिल्ली विधानसभा के पारंपरिक पुस्तकालय को अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरी में परिवर्तित करने की दिशा में ठोस रणनीति तैयार करना है। यह परिवर्तन उन्नत आईटी अवसंरचना, आधुनिक उपकरणों और नवीन सॉफ्टवेयर समाधानों के माध्यम से किया जाएगा। संसद सचिवालय ने इस डिजिटल परिवर्तन में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया है। बैठक में उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट भी उपस्थित रहे।



इस अवसर पर अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विश्वास जताया कि विभिन्न हितधारक इस साझा उद्देश्य की प्राप्ति में सकारात्मक योगदान देंगे।उन्होंने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ई-लाइब्रेरी की स्थापना न केवल अमूल्य अभिलेखीय सामग्रियों के संरक्षण में सहायक होगी, बल्कि इससे विधायी अनुसंधान को बल मिलेगा तथा जानकारी तक निर्बाध और त्वरित पहुंच सुनिश्चित होगी। यह कदम विधानसभा की कार्यक्षमता, पारदर्शिता एवं सतत विकास में सहायक सिद्ध होगा। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा पुस्तकालय का एक समृद्ध ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य रहा है। इसकी स्थापना 1952 में प्रथम विधानसभा के गठन के साथ हुई थी। राज्य पुनर्गठन के बाद 1958 में इसका संचालन स्थगित कर दिया गया था। बाद में इसे दिल्ली प्रशासन सचिवालय के अंतर्गत लाया गया और 1989 में इसका प्रशासनिक नियंत्रण मेट्रोपोलिटन काउंसिल विभाग को सौंपा गया। 1993 में दिल्ली विधानसभा के पुनर्गठन के बाद इसे 'दिल्ली विधानसभा पुस्तकालय' का नाम दिया गया। वर्तमान में इस पुस्तकालय में 40,000 से अधिक दस्तावेजों का अमूल्य संग्रह मौजूद है, जो विधायी प्रक्रियाओं को जानकारीपूर्ण बनाने में सहायता करता है।

इस बैठक में देश के प्रमुख अकादमिक और प्रशासनिक संस्थानों के विशेषज्ञों ने भाग लिया और पुस्तकालय के डिजिटलीकरण की दिशा में मूल्यवान सुझाव साझा किए। प्रतिभागियों में शामिल रहे : एच. सैक्होलियन सिमटे (निदेशक, लोक सभा सचिवालय), डॉ. कुमार संजय (निदेशक, पुस्तकालय, नीति आयोग), डॉ. प्रवीण बब्बर (पुस्तकालयाध्यक्ष, जेएनयू), डॉ. ई राजलक्ष्मी (पुस्तकालयाध्यक्ष, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा), प्रीतम सिंह (कार्यकारी अभियंता, पीडब्ल्यूडी), एसएस भदौरिया (कार्यकारी अभियंता, पीडब्ल्यूडी) एवं केके सिंह (पर्यवेक्षण अभियंता, केंद्रीय एवं उत्तर मंडल (विद्युत), पीडब्ल्यूडी)।

## चारधाम यात्रा तैयारियों का डीएम ने लिया जायज़ा

पौड़ी गढ़वाल । डीएम डॉ. आशीष चौहान ने चारधाम यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए श्रीनगर क्षेत्र में यात्रा मार्ग एवं विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई, सुरक्षा, पेयजल, बिजली और पार्किंग व्यवस्थाओं को बेहतर करने के सख़्त निर्देश दिए।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर कीर्तिनगर के समीप पुलिस चौकी और आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने सड़क किनारे सफाई, गड्ढों को भरने और पर्यटकों की सुविधा हेतु पुलिस चौकी को आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एनआईटी मैदान, आवास विकास मैदान पार्किंग और पॉलिटेक्निक परिसर में बनाए गए ट्रांजिट कैम्प का निरीक्षण किया। डीएम ने इन स्थलों पर पेयजल, विद्युत आपूर्ति और नियमित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने एनआईटी पार्किंग में हेल्प डेस्क, आपातकालीन सेवाएं, मेडिकल किट और एम्बुलेंस की व्यवस्था पुख़्ता करने के निर्देश दिए।

# पूजा की हत्या या लव जिहाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

उधमसिंहनगर । करीब छह माह पहले खटीमा में हुई पूजा की हत्या का पूरा मामला लव जिहाद से जुड़ा हुआ था। इसका खुलासा मृतका की बहन पूर्मिला ने किया है। इस पूरे मामले में उधम सिंह नगर पुलिस की लापरवाही भी सामने आई है।

सितारगंज के रहने वाले मुश्ताक और नानकमत्ता में रहने वाली पूजा की पहली मुलाकात वर्ष 2022 में रुद्रपुर में हुई और फिर दोनों की जान पहचान बढ़ने लगी। पूजा की शादी हो चुकी थी लेकिन कुछ समय बाद ही वो शादी टूट गई और फिर पूजा अपनी छोटी बहिन पूर्मिला के साथ हरियाणा के गुरुग्राम में एक स्पा मेंटर में काम करने लगी। पूजा से मुलाकात के बाद आरोपी मुश्ताक भी वर्ष 2022 में गुरुग्राम चला गया और वहीं कैब चलाने लग गया।

इस बीच मुस्ताक और पूजा के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। बताया जाता है कि पूजा ने मुश्ताक को सितारगंज में प्लाट खरीदकर दिया और समय समय पर आर्थिक मदद करती थी ।कुछ समय बाद दोनों के बीच विवाद हो गया और नवम्बर 2024 में मुश्ताक सितारगंज वापिस आ गया और उसने दूसरी युवती से विवाह कर लिया। जब इसकी जानकारी पूजा को लगी तो उसने काफी हंगामा किया तभी मुश्ताक ने पूजा को अपने रास्ते से हटाने का प्लान बना लिया और 16 नवंबर 2024 को मुश्ताक किसी बहाने से पूजा को खटीमा की काली पुलिया अंडर पास ले गया और वहां उसकी हत्या कर दी और धड़ को चादर में लपेट कर नहर में फेंक दिया जबकि सिर को एक कट्टे में डालकर नहर के दूसरे हिस्से में फेंक दिया। पांच महीने बाद पुलिस ने काल डिटेल के आधार पर सितारगंज से हत्यारोपी मुश्ताक को गिरफ्तार कर हत्या की साजिश बेनकाब कर दी। खटीमा नागरिक अस्पताल के चिकित्सक बी पी सिंह ने बताया कि मृतका पूजा का धड़ लंबे समय से पानी में पड़ा रहा तो इस कारण वो पूरी तरह गल गया जिस कारण पुलिस ने मृतका के शव को फोरेंसिक जांच के लिए हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में भेज दिया है।

वहीं अब इस मामले में मृतका की बहिन पूर्मिला सामने आई है। उसने आरोप लगाया कि मुश्ताक ने खुद को हिन्दू बताकर उसकी बहिन पूजा से नजदीकियां बढ़ाई। पूर्मिला ने इस मामले में सितारगंज की पुलिस को भी कटघरे में खड़ा किया और आरोप लगाया कि वो अपनी बहिन की गुमशुदगी की रिपोर्ट कराने के लिए पुलिस थाने के चक्करए लगाती रही लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई।

# संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार का शंखनाद करेगी रालोमो : उपेंद्र कुशवाहा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

डेहरी आन सोन । लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र के परिसीमन को लेकर राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार के लोगों को जागरूक करेगी। इसके लिए शाहाबाद की धरती बिक्रमगंज से संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार का शंखनाद कर महारैली शुरू की जाएगी। सासाराम स्थित जिला परिसदन में आज राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख सह राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा ने आयोजित प्रेस वार्ता में यह बातें कही। कहा कि लोकसभा और विधानसभा के परिसीमन की व्यवस्था फ्रीज करने के चलते बिहार जैसे राज्यों को काफी क्षति हो रही है। अभी की आबादी के हिसाब से परिसीमन हो तो बिहार में लोकसभा में 40 की जगह 60 एमपी होंगे। इसी तरह विधानसभा की सीट भी बढ़ेगी। हमारा संविधान एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य की बात करता है, लेकिन दुर्भाग्य है की परिसीमन रोकने के कारण लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं की संख्या में काफी अंतर हो गया है। देश में कहीं 10 लाख लोग मिलकर एक एमपी चुनते हैं, जबकि बिहार जैसे राज्य में 30- 31 लाख लोग मिलकर एक सांसद को चुन रहे हैं। कुशवाहा ने कहा की संविधान में व्यवस्था है कि प्रत्येक जनगणना यानी हर 10 वर्ष के बाद क्षेत्र का परिसीमन होना चाहिए। आजादी के बाद 195, 1961 और 1971 में तीन बार जनगणना में बढ़ी आबादी के अनुरूप क्षेत्र की सीमा बढ़ाई गई। इसके बाद इमरजेंसी के दौर में 1976 में संविधान के इस प्रविधान को संशोधन लाकर रोक दिया गया।

## रुकुट कंपाउंड क्षेत्र के 63 लोगों के अतिक्रमणों होंगे ध्वस्त

नैनीताल । जिलाधिकारी वंदना के निर्देश पर नैनीताल में गुरुवार को नैनीताल नगर क्षेत्र में अतिक्रमण चिह्नांकन अभियान चलाया गया। संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल के नेतृत्व में राजस्व, विकास प्राधिकरण, नगर पालिका, वन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। अभियान के दौरान नगर पालिका द्वारा 100 एवं जिला विकास प्राधिकरण द्वारा भवनों के नक्शे स्वीकृत न होने, सड़कों व नालों में अतिक्रमण समेत विभिन्न अधिनियमों के उल्लंघन पर 50 चालान जारी किए गए।

बताया गया है कि इस कार्रवाई में 12 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म संबंधित गंभीर प्रकरण में बंद मो. उस्मान का नैनीताल के रुक्कुट कम्पाउंड क्षेत्र में बना आवास वन भूमि अथवा नगर पालिका की भूमि पर अवैध रूप से निर्मित पाया गया है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी द्वितीय विनोद जीना के अनुसार रुकुट कंपाउंड के कुल 63 अतिक्रमणकारियों को तीन दिन के भीतर निर्माण हटाने का नोटिस दिया जा चुका है।

# पंजाब के हिस्से के पानी की एक बूंद भी किसी को चोरी नहीं करने दूंगा: मुख्यमंत्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़,। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा है कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) तानाशाही ढंग से हरियाणा को पानी नहीं छोड़ सकता। हरियाणा पहले ही अपने हिस्से के आवंटित पानी से 16000 क्यूसेक पानी अधिक इस्तेमाल कर चुका है।

गुरुवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान भाखड़ा नंगल डैम पहुंचे और अधिकारियों के साथ बैठक कर हरियाणा को पानी न छोड़ने के निर्देश दिया। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि राजस्थान और हरियाणा ने पंजाब के पानी पर डाका डालने के लिए आपस में गठजोड़ कर लिया है और बीबीएमबी ने कानून की धज्जियां उड़ाकर हरियाणा को 8500 क्यूसेक पानी देने का फैसला कर लिया, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा पहले ही अपने हिस्से के आवंटित पानी से 16000 क्यूसेक पानी



अधिक इस्तेमाल कर चुका है। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि बीबीएमबी में पंजाब का 60 फीसदी हिस्सा है और बोर्ड का यह फैसला मनमाना, तानाशाही और गैर-लोकतांत्रिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीबीएमबी को पंजाब और इसके हितों को दरकिनार करके किसी को पानी देने का कोई हक नहीं है और किसी भी सूरत में ऐसा होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मान ने कहा, ''जैसे एक किसान हर वक्त अपने हिस्से के पानी की रक्षा करता है, उसी तरह पंजाब और इसके पानी का रखवाला होने के नाते मैं यहां प्रबंधन का निरीक्षण करने के लिए आया हूं ताकि कोई भी पंजाब के पानी की चोरी न करे। मुख्यमंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि हरियाणा और राजस्थान को हर साल 21 मई से 20 मई तक पानी का तय हिस्सा आवंटित किया जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा इस साल मार्च महीने के अंत तक अपने हिस्से का पानी इस्तेमाल कर चुका है, जिसके कारण अब और पानी लेने के लिए पंजाब के पानी पर डाका डालने की बुरी चालें चल रहा है। मान ने कहा कि अब तक हरियाणा आवंटित पानी का 103 फीसदी उपयोग कर चुका है और अब भाजपा हरियाणा को और पानी देने के लिए पंजाब पर दबाव बना रही है। उन्होंने कहा कि मानवता के आधार पर पंजाब सरकार ने उदारता दिखाते हुए 6 अप्रैल, 2025 से हरियाणा को रोजाना 4000 क्यूसेक पानी देना शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पोंग बांध, भाखड़ा बांध और रणजीत सागर बांध में पानी का स्तर बीते साल के मुकाबले क्रमशः 32 फीट, 12 फीट और 14 फीट नीचे आ चुका है। मान ने कहा कि राज्य के लिए पानी की एक-एक बूंद बेशकीमती है और इसे किसी के साथ साझा करने का सवाल ही पैदा नहीं होता।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063